

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




**11 तीन बार के ओलंपिक चैंपियन जेलेज्नी बने नीरज चोपड़ा के नए कोच**

**हॉकी अवार्ड: कप्तान हरमनप्रीत बने साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष हॉकी खिलाड़ी 11**


वर्ष : 15 | अंक : 204 | नई दिल्ली, रविवार, 10 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# कनाडा ने बंद किया फास्ट ट्रैक वीजा प्रोग्राम, भारतीय छात्रों पर क्या होगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कनाडा ने शुक्रवार को अपने स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम (एसडीएस) कार्यक्रम को बंद करने का एलान दिया है। यह एक फास्ट-ट्रैक स्टडी परमिट प्रक्रिया थी, जिसके तहत हजारों अंतरराष्ट्रीय छात्रों को कनाडा में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जल्दी से वीजा पाने की अनुमति दी जाती थी। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (एसडीएस) द्वारा 2018 में लॉन्च किए गए स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम उद्देश्य भारत, चीन और फिलीपींस सहित 14 देशों के छात्रों के लिए वीजा आवेदनों को सुव्यवस्थित करना था। पात्र छात्रों के लिए 20,635 कैनेडियन डॉलर (लगभग 1,258,735 क्ठफ) का कनाडाई गारंटीकृत निवेश प्रमाणपत्र (एसडीएस) और अंग्रेजी या फ्रेंच भाषा में कुशलता जैसे मापदंड निर्धारित थे। कुछ हफ्तों में मिल जाती थी परमिट इससे आवेदकों को सामान्य आठ सप्ताह के बजाय कुछ हफ्तों में पढ़ने के लिए परमिट मिल जाती थी। आईआरसीसी की आधिकारिक वेबसाइट में बताया गया है कि कनाडा सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अध्ययन परमिट के लिए आवेदन प्रक्रिया तक समान और निष्पक्ष पहुंच देने के लिए प्रतिबद्ध है। 8 नवंबर को दोपहर 2:00 बजे एळ (सुबह 12:30 बजे) तक जमा किए गए आवेदनों को रऊ्र कार्यक्रम के





तहत संसाधित किया जाएगा, जबकि इस समय के बाद भेजे गए आवेदनों पर मानक अध्ययन परमिट प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि नीति परिवर्तन उन देशों के छात्रों की पात्रता को प्रभावित नहीं करेगा, जो पहले रऊ्र द्वारा कवर किए गए थे। सभी आवेदकों को अभी भी देश में अध्ययन करने के लिए कनाडा की अध्ययन परमिट आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। भारतीयों को कैसे करेगा प्रभावित रऊ्र कार्यक्रम को भारत, चीन और फिलीपींस समेत 14 देशों के छात्रों के लिए वीजा आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। रऊ्र कार्यक्रम, कनाडाई अध्ययन परमिट के लिए आवेदन करने वाले भारतीय छात्रों के लिए शीर्ष विकल्प बन गया है। 2022 में 80 फीसदी छात्रों ने इसका उपयोग किया था। 2023 की शुरूआत में, लगभग 80 प्रतिशत भारतीय आवेदकों ने रऊ्र को चुना, जिसकी 76 प्रतिशत अप्रूवल रेट रही, जो नियमित आवेदनों के लिए 8 फीसदी अप्रूवल से कहीं अधिक है। हालांकि, रऊ्र कार्यक्रम की समाप्ति के साथ, कनाडा में पढ़ने की योजना बना रहे लाखों भारतीय छात्रों को देरी का सामना करना पड़ेगा। ऐसा इसलिए है, क्योंकि अब उन्हें मानक अध्ययन परमिट प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन करना होगा, जिसमें आमतौर पर अधिक समय लगता है और स्वीकृति दर भी कम होती है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## संक्षिप्त खबरें

### आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक से टकरायी बस, पांच की मौत 20 घायल

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना नसीरपुर क्षेत्र में मथुरा से लखनऊ वापस जा रही यात्रियों से भरी प्राइवेट बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर खडे ट्रक में टकरा गई दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 20 लोग घायल है। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की रात को थाना नसीरपुर क्षेत्र में खराब खड़े हुए ट्रक में पीछे से जाकर एक प्राइवेट बस टकरा गई। दुर्घटना के साथ ही बस में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही एक्सप्रेस वे पर यूपीडा की टीम और थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई जिन्होंने घायलों को बस से निकालकर फिरोजाबाद जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर और शिकोहाबाद अस्पताल में पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने पांच घायलों को मृत घोषित कर दिया है। बाकी घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है।

# उत्तराखंड को व्यापार करने में तथा स्टार्टअप श्रेणी में अग्रणी माना गया है: प्रधानमंत्री

## प्रधानमंत्री ने देवभूमि उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष पर राज्य के लोगों को बधाई दी

- कहा कि सर्वांगीण प्रगति के लिए राज्य की केंद्रीय सहायता अब दोगुनी कर दी गई है

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के सभी लोगों को इसके स्थापना दिवस पर बधाई दी और आज से उत्तराखंड राज्य के गठन का रजत जयंती वर्ष शुरू होने का उल्लेख किया। श्री मोदी ने उत्तराखंड के गठन के 25वें वर्ष में प्रवेश का उल्लेख करते हुए लोगों से राज्य के आगामी 25 वर्षों के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के आगामी 25 वर्षों की यह यात्रा एक महान संयोग है क्योंकि भारत भी अपने 25 वर्षों के अमृत काल में है, जिसका अर्थ है विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड। श्री मोदी ने कहा कि देश इस अवधि में अनेक संकल्पों को पूरा होते हुए देखेगा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी प्रसन्नता जाहिर की कि लोगों ने आगामी 25 वर्षों के संकल्पों के साथ-साथ अन्य कई कार्यक्रम भी चलाए हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तराखंड के गौरव में बढोत्तरी होगी और विकसित उत्तराखंड का लक्ष्य राज्य के प्रत्येक निवासी तक पहुंचेगा। श्री मोदी ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर इस महत्वपूर्ण संकल्प को अपनाने के लिए राज्य के सभी निवासियों को बधाई दी। उन्होंने हाल ही में आयोजित प्रवासी उत्तराखंड सम्मेलन के सफल आयोजन का भी उल्लेख किया और उम्मीद जताई कि प्रवासी उत्तराखंडी राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में उत्तराखंड के लोगों द्वारा राज्य के गठन के लिए किए गए प्रयास सफल रहे थे और इस बात की खुशी है कि आज उनके सपने और आकांक्षाएं साकार हो रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि वर्तमान दशक उत्तराखंड का है और पिछले वर्षों में उनका यह विश्वास सही साबित हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है और यह प्रसन्नता की बात है कि सतत विकास लक्ष्य सूचकांक के मामले में राज्य ने पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस श्रेणी में अचीवर्स और स्टार्टअप श्रेणी में लीडर के रूप में रखा गया है। उन्होंने कहा कि राज्य की विकास दर में 1.25 गुना वृद्धि हुई है और जीएसटी संग्रह में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, प्रति व्यक्ति आय 2014 में 1.25 लाख रुपये थी जो अब बढ़कर 2.60 लाख रुपये वार्षिक हो गई है। सकल घरेलू उत्पाद 2014 में 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपये था जो आज बढ़कर लगभग 3 लाख 50 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े युवाओं और औद्योगिक विकास के लिए नए अवसरों और महिलाओं तथा बच्चों के लिए जीवन को आसान बनाने का स्पष्ट संकेत हैं। उन्होंने बताया कि 2014 में नल के पानी की आपूर्ति केवल 5 प्रतिशत घरों तक ही थी जो अब बढ़कर 96 प्रतिशत से अधिक हो गयी है और ग्रामीण सड़कों का निर्माण 6,000 किमी से बढ़कर 20,000 किमी हो गया है। उन्होंने लाखों शौचालयों के निर्माण, बिजली आपूर्ति, गैस कनेक्शन, आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री ने इस बात का जिक्र किया कि उत्तराखंड को केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली अनुदान राशि लगभग दोगुनी हो गयी है। उन्होंने एम्स के लिए सैटेलाइट सेंटर, ड्रोन एप्लीकेशन रिसर्च सेंटर और उधम सिंह नगर में छोटे औद्योगिक टाउनशिप की स्थापना की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राज्य में केंद्र द्वारा 2 लाख करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं पहले से ही चल रही हैं और संपर्क संबधी परियोजनाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार 2026 तक ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में 11 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है और एक्सप्रेसवे के पूरा होने के बाद दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा का समय घटकर 2.5 घंटे रह जाएगा।

### रतन टाटा को पीएम मोदी ने किया याद, बोले- उन्होंने नेशन फर्स्ट भावना को रखा सर्वोपरि

भारत के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन को एक महीना हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनको याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने रतन टाटा को लेकर एक लेख लिखा, जिसमें उन्होंने अपने व्यक्तिगत संबंध और रतन टाटा के नेशन फर्स्ट भावना के साथ काम करने के तरीकों की तारीफ की और युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्योगपति रतन टाटा को याद करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रतन टाटा को अंतिम विदाई दिए हुए करीब एक महीना बीत चुका है। भारतीय उद्योग जगत में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा और यह सभी देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। उनके असाधारण जीवन और अतुलनीय योगदान को समर्पित मेरा यह आलेख रतन टाटा को लेकर लिखे लेख में पीएम मोदी ने अपने व्यक्तिगत संबंध के बारे में बताया। उन्होंने लिखा, व्यक्तिगत तौर पर, मुझे पिछले कुछ दशकों में उन्हें बेहद करीब से जानने का सौभाग्य मिला। हमने गुजरात में साथ मिलकर काम किया। वहां उनकी कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किया गया। इनमें कई ऐसी परियोजनाएं भी शामिल थीं, जिसे लेकर वे बेहद भावुक थे। जब मैं केन्द्र सरकार में आया, तो हमारी घनिष्ठ बातचीत जारी रही और वो हमारे राष्ट्र-निर्माण के प्रयासों में एक प्रतिबद्ध भागीदार बने रहे। स्वच्छ भारत मिशन के प्रति श्री रतन टाटा का उत्साह विशेष रूप से मेरे दिल को छू गया था।

## झारखंड में घुसपैठियों से जमीन वापस लेने के लिए कानून बनाएगी सरकार: राजनाथ



खूंटी, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आदिवासियों के हित की बात करने वाली कांग्रेस को इस बात का जवाब देना चाहिए कि 1951 की जनगणना के अनुसार झारखंड में अनुसूचित जनजातियों की संख्या 51 फीसदी थी। वर्तमान वह घटकर 28 प्रतिशत कैसे हो गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घुसपैठियों से जमीन वापस लेने के लिए सरकार जल्द ही नया कानून बनाएगी। राजनाथ सिंह शनिवार को खूंटी के कचहरी मैदान में खूंटी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा के समर्थन में आयोजित जन आशीर्वाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में सभी और भ्रष्टाचार है। झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकार में हर ओर भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से यदि कोई लाभान्वित हो रहा है, तो वह है सरकारी अधिकारी और सत्ताधारी दल के नेता। साथ ही कहा कि आज तक भाजपा के किसी मंत्री में भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा और न नही कोई मुख्यमंत्री जेल गया। राजनाथ ने कहा कि खूंटी से भाजपा के उम्मीदवार नीलकंठ सिंह मुंडा को मैं 25 वर्षों से जानता हूं। उन्हें हर समय गरीबों के विकास की चिंता रहती है। इतनी लंबे राजनीतिक जीवन में भी अभी तक नीलकंठ सिंह मुंडा के दामन में कोई दाग नहीं लगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने सारे वादे पूरे किया। पांच सालों में राज्य की कांग्रेस झामुमो और राजद की सरकार ने सिर्फ यहां के लोगों की आंखों में धूल झोंका। साथ ही कहा कि सरकार की कोई विश्वसीयनीता नहीं है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस हमेशा कहती है कि यदि उनकी सरकार बनी तो वह जातीय जनगणना करायेगी लेकिन कांग्रेस, जेएममएम और आरजेडी को यह भी नहीं मालूम है कि देश में कितनी जातियां हैं। राजनाथ ने कहा कि आर्थिक सामाजिक जनगणना के अनुसार देश में 46 लाख जातियां है। इनमें ऐसी 12 सौ अनुसूचित जाति में अनुसचित जनजाति में 750 और ओबीसी में 2500 जातियां है। इंडी गठबंधन वाले बताएं कि उन्हें किस तरह आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जाति का पिटारा खोलकर कांग्रेस किसका भला करना चाहती है। साथ ही कहा कि इसके लिए न कोई ब्लूप्रिंट है और न ही कोई रोड मैप। कांग्रेस इस बात को स्पष्ट करें कि आरक्षण का लाभ किसको मिलेगा। इसके लिए कांग्रेस अपनी नीति स्पष्ट करे और इस पर खुली बहस भी होनी चाहिए। राजनाथ ने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में ही गोगो दीदी योजना को मंजूरी दी जाएगी और हर महीने की 11 तारीख को सभी माता-बहनों के खाते मे 2,100 रुपये आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने की बात कह कर लोगों को धोखा दे रही है। साथ ही कहा कि संविधान में सबसे अधिक 42 बार संशोधन कांग्रेस ने ही किया। मैं दावे के साथ कहता हूं कि न तो आरक्षण समाप्त होगा और न ही कोई संविधान में बदलाव होगा।

## केंद्र ने पंजाब में 27,995 करोड़ रुपये का धान खरीदा, 6.8 लाख किसानों को हुआ फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने शनिवार को बताया कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियों ने चालू खरीफ मार्केटिंग सीजन (केएमएस) 2024-2025 (8 नवंबर तक) के दौरान पंजाब में 27,995 करोड़ रुपये मूल्य का 120.67 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) धान खरीदा है। 8 नवंबर तक पंजाब की मंडियों में कुल 126.67 एलएमटी धान की आवक हुई, जिसमें से 120.67 एलएमटी की खरीद राज्य एजेंसियों और एफसीआई ने की है। सरकार द्वारा ग्रेड ह्यएह्न धान के लिए तय एमएसपी 2,320 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदा जा रहा है और चालू खरीफ मार्केटिंग सीजन 2024-25 में अब तक खरीदे गए कुल धान की कीमत 27,995 करोड़ रुपये है, जिससे पंजाब के लगभग 6.58 लाख किसानों को फायदा मिला। सरकार के अनुसार 4,839 मिलर्स ने धान की छिलाई के लिए आवेदन किया है और 4,743 मिलर्स को पंजाब राज्य सरकार द्वारा पहले ही काम आवंटित किया जा चुका है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि चालू खरीफ मार्केटिंग सीजन 2024-25 के लिए धान की खरीद पंजाब में 1 अक्टूबर 2024 से शुरू हो गई है। इसके अलावा, पंजाब के किसानों से खरीद के लिए पूरे राज्य में 2,927 नामित मंडियां और अस्थायी यार्ड चालू हैं। केंद्र सरकार ने चालू खरीफ मार्केटिंग सीजन 2024-25 के लिए धान खरीद का अनुमानित लक्ष्य 185 लाख मीट्रिक टन तय किया है, जो 30 नवंबर तक जारी रहेगा। सरकार ने कहा, मंडियों से तेजी से धान उठाया जा रहा है। उठाया गया धान दैनिक आवक की मात्रा से अधिक है। ऐसे में धान की खरीद बेहतर तरीके से चल रही है। एमएसपी केंद्र द्वारा तय की गई कीमत है, जिस पर वह किसानों से खाद्यान्न खरीदता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें अच्छे रिटर्न मिलें और उन्हें मजबूरी में बिक्री का सहारा न लेना पड़े। अक्टूबर में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अप्रैल से शुरू होने वाले 2025-26 बाजारी सीजन के लिए गेहूं जैसी रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 7 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा की थी।

## दिल्ली के वायु प्रदूषण में अभी सुधार नहीं, 363 रहा औसत एक्यूआई

नई दिल्ली/ एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का वायु प्रदूषण लगातार बरकरार है। यहां की दमघोंटू हवा से अभी लोगों को निजात नहीं मिल रहा है। शनिवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 363 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में माना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह 6:15 बजे तक औसत एक्यूआई 363 अंक बना हुआ है। जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 226, गुरुग्राम में 263, गाजियाबाद में 296, ग्रेटर नोएडा में 284 और नोएडा में 266 एक्यूआई बना हुआ है। वहीं, राजधानी दिल्ली के चार इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 से ऊपर बना हुआ है, जिसमें बवाना में 412, न्यू मोती बाग में 410, रोहिणी में 407 और विवेक विहार में 403 एक्यूआई दर्ज किया गया। दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से ऊपर 400 के बीच में बना हुआ है। अलीपुर में 388, आनंद विहार में 397,आया नगर में 353, मथुरा रोड में 340, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 388, द्वारका सेक्टर 8 में 365, आईजीआई एयरपोर्ट में 339, आईटीओ में 360 और जहांगीरपुरी में 393 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## अभिजात वर्ग को राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित होना चाहिए : धनखड़

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शोध और नवाचार को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए शनिवार को कहा कि भारत सबसे पुराना, सबसे बड़ा तथा सक्रिय लोकतंत्र है, इसे दुनिया का सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र भी बनना चाहिए। श्री धनखड़ ने यहां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, शोध और नवाचार के क्षेत्र की ऊंचाई वैश्विक समुदाय के लिए हमारी क्षमता को परिभाषित करेगी। यह हमारी सॉफ्ट डिप्लोमेसी₹ को नई धार देगी। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों से नवाचार और अनुसंधान के लिए अपनी क्षमता का उपयोग करने का आग्रह किया और कॉर्पोरेट संस्थाओं से पर्याप्त योगदान के माध्यम से इस मिशन का समर्थन करने का आह्वान किया। उन्होंने देकर कहा, व्यापार, उद्योग, व्यवसाय और वाणिज्य के संघों को वित्तीय योगदान के माध्यम से अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनुसंधान और नवाचार महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा कोई वाणिज्य नहीं है। शिक्षा समाज की सेवा है। शिक्षा दायित्व है। सेवा करनी चाहिए। समाज को कुछ देना कर्तव्य है। समाज को कुछ देने का सबसे अच्छा तरीका शिक्षा में निवेश करना है। उन्होंने कहा, शिक्षा में निवेश मानव संसाधन में निवेश है, वर्तमान में निवेश है, हमारे भविष्य में निवेश है। शिक्षा के माध्यम से ही हम हजारों सदियों के अपने गौरवशाली अतीत को जान पाते हैं। श्री धनखड़ ने कहा, हमारे अभिजात वर्ग के लिए अभिजात वर्ग बनने का समय आ गया है। मैं उनसे अपील करता हूँ -एक योग्य अभिजात वर्ग बनने के लिए आपको रार्ष्यवाद के जोश से प्रेरित होना चाहिए।₹ उन्होंने कहा कि भारत, सबसे पुराना, सबसे बड़ा और क्रियाशील लोकतंत्र है, जिसे दुनिया का सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र भी होना चाहिए। एक शक्तिशाली भारत वैश्विक सद्भाव, शांति और खुशी का आश्वासन होगा। उप राष्ट्रपति ने राष्ट्रवाद के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह से अडिग प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। राष्ट्रीय हित को पक्षपातपूर्ण या अन्य हितों से ऊपर रखा जाना चाहिए। उन्होंने आर्थिक राष्ट्रवाद की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला और जोर दिया कि व्यापार के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद को प्रमुख चिंता का विषय होना चाहिए।

**महागठबंधन** झारखंड में रोटी, माटी, और बेटी तीनों की सुरक्षा बीजेपी करेगी..............

## झारखंड की महागठबंधन सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार : अमित शाह

पलामू, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को झारखंड के पलामू जिले के छतरपुर मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार पुष्पा देवी के पक्ष में विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय जनता दल समर्थित गठबंधन की सरकार को देश की सबसे ज्यादा करप्ट गवर्नमेंट बताया। अमित शाह ने कहा कि 13 नवंबर को वोट डालना है और पुष्पा देवी भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी है, उन्हें प्रचंड बहुमत से जिताकर विधानसभा में भेजना है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक के लिए सरहद पार से घुसपैठ कराई जा रही है और यहां के युवाओं की नौकरी खतरे में डाली जा रही है। भाजपा की सरकार बना दें, घुसपैठ तो दूर की बात है सरहद के पार से परिंदा भी पर नहीं फैला सकेगा। बीजेपी राज्य में किसी घुसपैठिए को टिकने नहीं देगी। आज सरकार के समर्थन से घुसपैठिये आदिवासी युवतियों से शादी कर रहे हैं और दान पत्र से भूमि हड़प रहे हैं। उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। इस घुसपैठ को रोकने का दम केवल बीजेपी में है। झारखंड में रोटी, माटी, और बेटी तीनों की सुरक्षा बीजेपी करेगी। जम्मू-कश्मीर की चर्चा करते हुए अमित शाह ने कहा कि दोबारा धारा 370 लाने की कोशिश की जा रही है लेकिन मैं यह बता दूं कि राहुल बाबा की चौथी पीढ़ी भी आ जाएगी तो कश्मीर में 370 नहीं ला पाएगी। यूपीए की सरकार जब थी तो सरहद पार से आतंकी आते थे। विस्फोट करते थे लेकिन मोदी की सरकार बनते ही उरी और पुलवामा अटैक हुआ



तो हमारी सरकार ने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर दुश्मन को उनके मांद में घुसकर मारा। मोदी के कारण देश सुरक्षित हुआ है। इसे बरकरार रखें। उन्होंने कहा कि जब मनमोहन सिंह सरकार वर्ष 2014 में गई तो उस वक्त भारत अर्थ तंत्र के मामले में 11 नंबर पर था। मोदी की सरकार के रहते हुए भारत वर्तमान में अर्थ तंत्र के मामले में पांचवें नंबर पर है। वर्ष 2027 तक विश्व में तीसरे नंबर पर आ जाएगा। अमित शाह ने कहा कि 2004 से 2014 तक झारखंड को केंद्र की यूपीए सरकार ने 84 हजार करोड़ रुपये दिए थे जबकि 2014 से 2024 तक देश की नरेन्द्र मोदी सरकार ने इस राज्य को 3 लाख 90 हजार करोड़ दिए। मैं पलामू वालों से पूछना चाहता हूं कि झारखंड को दिए पैसे उनके यहां आए। उन्होंने कहा कि केंद्र ने जो रुपये झारखंड को दिए, वह पैसे मंत्रियों की यहां से पकड़े गए लेकिन एक-एक पैसे वसूलने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड से ही मुद्रा लोन और आदिवासी कल्याण की योजना की शुरूआत की थी। नरेन्द्र मोदी 75 साल की उम्र वाले पहले प्रधानमंत्री हैं, जो भगवान बिरसा मुंडा के गांव गए, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के तहत पलामू जिले में 13 नवंबर को वोटिंग होनी है। इससे पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े स्टार प्रचारक यहां पहुंच रहे हैं। वोटरों को गोलबंद करने की कोशिश की जा रही है, ताकि उनका समर्थन प्राप्त किया जा सके। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र राय, बीजेपी के पलामू चुनाव प्रभारी विकास प्रीतम, सांसद वीडी राम, पूर्व सांसद मनोज कुमार, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, अरविंद सिंह, राजधानी यादव, सुदामा यादव, उदय शुक्ला एवं अन्य नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ आम लोग मौजूद थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 10 नवंबर, 2024



# राजधानी में बेरोजगार संगठन का प्रदर्शन, सैकड़ों की संख्या में एकजुट युवा सीएम आवास कूच करने पहुंचे

**देहरादून, एजेंसी।**
राज्य स्थापना दिवस पर सैकड़ों की संख्या में एकजुट हुए युवा मुख्यमंत्री आवास कूच करने पहुंचे। उत्तराखंड पुलिस कांस्टेबल भर्ती आयु सीमा तत्काल बढ़ाए जाने के लिए युवा मांग कर रहे हैं।

राज्य स्थापना दिवस पर बेरोजगार संघ सीएम आवास कूच करने पहुंचे। सैकड़ों की संख्या में युवा राजधानी के गांधी पार्क में एकत्रित हुए। यहां से युवाओं की भीड़ ने सीएम आवास कूच के लिए हुंकार भरी। इस दौरान प्रदर्शनकारी युवाओं को रोकने के लिए भारी पुलिस भी तैनात रहा।

उत्तराखंड पुलिस कांस्टेबल भर्ती में पांच वर्ष की आयु सीमा में छूट नहीं दी गई तो राज्य स्थापना दिवस पर बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री आवास का कूच करने ठानी। शनिवार को गांधी पार्क में धरने पर बैठे बेरोजगार युवाओं ने ली शपथ ली थी। वहीं, इस मौके पर उन्होंने करो या मरो रैली का ऐलान भी किया।

उत्तराखंड बेरोजगार संघ के बैनर तले सुबह बेरोजगार युवा गांधी पार्क पर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारी युवाओं ने कहा, पिछली भर्ती में सरकार ने आश्वासन दिया था कि आगामी भर्ती में आयु सीमा में छूट दी जाएगी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया। इससे युवाओं में भारी रोष है।

युवाओं ने चेतावनी देते हुए कहा, पुलिस भर्ती की आयु सीमा नहीं बढ़ाई गई तो वह करो या मरो रैली निकालेंगे।

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राम कंडवाल ने कहा कि प्रदेश के डीजीपी अभिनव कुमार के आश्वासन का सम्मान करते हुए उन्होंने आठ नवंबर तक कोई धरना और प्रदर्शन नहीं किया था।

डीजीपी अभिनव कुमार की बीती 30 अक्तूबर को संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात हुई थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि पुलिस भर्ती में आयु सीमा में छूट को लेकर सरकार काम कर रही है।



# गंभीर रूप से झुलसी मां और दो बेटों समेत चार ने दम तोड़ा, धनतेरस की रात लगी आग में झुलसे थे 11 लोग

**बागेश्वर, एजेंसी।**
गरुड़ में धनतेरस के दिन रणकुड़ी गांव में हुई आगजनी में झुलसे चार लोगों की मौत हो गई है। हादसे में 11 लोग आग से बुरी तरह झुलस गए थे। चार लोगों ने उपचार के दौरान ऋषिकेष एम्स में दम तोड़ दिया है।

बागेश्वर जिले के गरुड़ में धनतेरस के दिन रणकुड़ी गांव में हुई आगजनी में झुलसे चार लोगों की मौत हो गई है। हादसे में 11 लोग आग से बुरी तरह झुलस गए थे। चार लोगों ने उपचार के दौरान ऋषिकेष एम्स में दम तोड़ दिया है। आग में बुरी तरह झुलसने वाले सात लोगों की हालत अस्पताल में गंभीर बनी है। डीएम आशीष भटगांई ने मामला सिविल पुलिस को सौंप दिया है।



थानाध्यक्ष बैजनाथ प्रताप सिंह नगरकोटी ने बताया कि 29 नवंबर को धनतेरस की रात रंजिश के चलते कुंदन नाथ का नारायण गिरि के परिवार से विवाद हुआ। विवाद के बीच कुंदन नाथ ने नारायण गिरी के घर आग लगा दी। आग में दोनों परिवार के 11 लोग झुलस गए। सभी को तत्काल सीएचसी बैजनाथ लाया गया था। जहां से उन्हें जिला अस्पताल फिर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। वर्तमान में इन लोगों का इलाज ऋषिकेश एम्स में चल रहा था। जहां उपचार के दौरान जीवन गिरि पुत्र नारायण गिरि, विनोद गिरि पुत्र नारायण गिरी, मुन्नी देवी पत्नी नारायण गिरि और भगवती देवी पत्नी माधो नाथ ने दम तोड़ दिया है।

घायलों के परिजनों के अनुसार ऋषिकेश एम्स में भर्ती छह ही हालत गंभीर बनी है। कफलढूंगा गांव निवासी चंदन बोरा उर्फ जायका ने हल्द्वानी से लौटने के बाद बताया घटना की दिन आग में बुरी तरह से झुलसी चंपा देवी की हालत भी गंभीर बनी है। पटवारी कुंदन सिंह मेहता ने बताया राजस्व पुलिस घायलों के परिजनों से बराबर संपर्क में है। पटवारी के अनुसार घायलों की हालत संतोषजनक नहीं है। आरोपी कुंदन गिरी गोस्वामी की हालत भी गंभीर बनी है। इधर, डीएम आशीष भटगांई ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामला राजस्व पुलिस से रेग्यूलर पुलिस को स्थानांतरित कर दिया है। पीएमजीएसवाई अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने बताया सरकार आग में झुलसे सभी घायलों के संपर्क में है। मृतकों के परिजनों और घायलों को सरकार हर संभव आर्थिक सहायता देगी।

रणकुड़ी गांव में आग में झुलसकर गंभीर रूप से घायल चार लोगों के दम तोड़ने की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मचा है। मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों का रो रोकर हाल बुरा है। मृतकों के परिजनों को सांत्वना देने वालों का उनके घर में तांता लगा हुआ है। मृतक भगवती देवी के पति माधो नाथ ने बताया कि उनकी पत्नी का अंतिम संस्कार हरिद्वार में किया गया। नारायण गिरि की पत्नी का अंतिम संस्कार गांव लाकर किया गया। नारायण गिरि के पुत्र जीवन और विनोद का अभी तक संस्कार नहीं किया गया है। घटना में घायल एक ही परिवार के तीन लोगों के मरने की सूचना से देवनाई घाटी में शोक की लहर है। रणकुड़ी गांव निवासी शंकर नाथ ने रोते बिलखते बताया कि आग में झुलसी मेरी पत्नी और लड़के की हालत गंभीर बनी है।

## पुलिस और चैन स्नेचरों के बीच मुठभेड़, गोली लगने से दो बदमाश घायल; मौके पर एसएसपी



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** पुलिस और चैन स्नेचरों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से दो बदमाश जख्मी हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा मौके पर पहुंच गए।

रुद्रपुर ब्लॉक रोड पर पुलिस और चैन स्नेचरों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से दो बदमाश जख्मी हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा मौके पर पहुंच गए। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह किच्छा रोड निवासी एक व्यक्ति मॉर्निंग वॉक पर जा रहे थे। इसी बीच बाइक सवार दो युवकों ने उनसे सोने का चेन लूटने का प्रयास किया। शोर मचाने पर बाइक सवार बदमाश रुद्रपुर की ओर भाग निकले। इस पर रुद्रपुर पुलिस ने घेराबंदी कर दी थी। पुलिस को देख बाइक छोड़कर बदमाश ब्लॉक रोड की ओर भाग निकले थे। पुलिस को पीछे आते देख उन्होंने फायर करने शुरू कर दिए। जवाबी कारवाई में पुलिस ने भी फायर किया और दोनों को गोली लग गई। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि मुठभेड़ में घायल आकाश और नासिर निवासी सीबीगंज बरेली हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बस में बिना टिकट मिले यात्री, परिचालक को रूट से हटाया

**देहरादून, एजेंसी।** देहरादून से गुरुग्राम जा रही ग्रामीण डिपो की बस में मुंडियाकी के पास चेकिंग के दौरान दो यात्री बिना टिकट मिले। इस पर डिपो प्रबंधन ने परिचालक को रूट आउट कर दिया है। साथ ही मामले को निगम मुख्यालय को भेजा है। बृहस्पतिवार को ग्रामीण डिपो की बस देहरादून से यात्रियों को लेकर गुरुग्राम जा रही थी। बस को मुंडियाकी के पास चेकिंग के लिए रोका गया। इस दौरान यातायात निरीक्षक ने बस में सवार दो यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा। जांच अधिकारियों ने घटना की जानकारी ग्रामीण डिपो प्रबंधन को भेजी। डिपो के अधिकारियों ने परिचालक पर कार्रवाई करते हुए उसे रूट से हटा दिया है। साथ अग्रिम कार्रवाई के लिए मामले को निगम मुख्यालय प्रेसित किया है। इस संबंध में ग्रामीण डिपो के सहायक महाप्रबंधक केपी सिंह ने बताया कि सभी यातायात निरीक्षकों को बसों की सही ढंग से चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। वित्तीय अनियमितताओं में संलिप्त सभी परिचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### तीन महीने प्रभावित रहेंगी दून से हावड़ा और वाराणसी जाने वाली ट्रेनें

**देहरादून, एजेंसी।** अगले महीने से देहरादून से हावड़ा और वाराणसी को जाने वाली दो ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। कोहरे के चलते यह ट्रेनें एक दिन के अंतराल में चलेंगी। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। दिसंबर में कोहरे वाला मौसम शुरू हो जाएगा। ऐसे में रेलवे की ओर से देहरादून से वाराणसी को जाने वाली जनता एक्सप्रेस और देहरादून से हावड़ा जाने वाली उपासना एक्सप्रेस को एक दिन के अंतराल में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में जनता एक्सप्रेस का हर रोज संचालन किया जा रहा है। जबकि उपासना एक्सप्रेस सप्ताह में पांच दिन संचालित की जा रही है। लगातार तीन महीने तक ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ सकती है। इस संबंध में देहरादून रेलवे स्टेशन के अधीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि ट्रेनों के संचालन को लेकर जल्द ही रेलवे की ओर से समयसारिणी जारी की जाएगी।

### स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए सात ब्रांड एंबेसडर नियुक्त

**देहरादून, एजेंसी।** सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभी ब्रांड एंबेसडर को नगर आयुक्त गौरव कुमार और उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। चुने गए ब्रांड एंबेसडरों में नवीन कुमार सडाना निदेशक वेस्ट वॉरियर्स संस्था, पद्मश्री डॉ. बीके एस संजय, निवर्तमान पार्षद देवेंद्र पाल सिंह मोंटी, सेवानिवृत्त अधिकारी विनोद जोशी, प्रणव गोयल, प्रोफेसर नवीन सिंघल, डॉ. राकेश डंगवाल शामिल हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि इनके प्रयासों से शहर के स्वच्छता अभियान को नई ऊंचाई मिलेगी। कहा कि इससे न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता में वृद्धि होगी, बल्कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में शहर की रैंकिंग भी सकारात्मक रूप से प्रभावित होगी।

### स्टेशन से एक किमी दूर खराब हो गई रोडवेज बस

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** उत्तराखंड परिवहन निगम की खटारा हो चुकी बसों के स्थान पर नई बसों के संचालन में हो रही देरी से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बृहस्पतिवार को पिथौरागढ़ से देहरादून के लिए रवाना हुई रोडवेज की बस केवल एक किमी दूर जाकर खराब हो गई।बृहस्पतिवार सुबह रोडवेज की बस पिथौरागढ़ स्टेशन से सवारियां लेकर देहरादून के लिए रवाना हुई। महज एक किमी चलने के बाद तकनीकी खामी आने से नगर के ही चंद्रभागा पुल के पास बस के पहिए थम गए। इससे यात्री परेशान हो गए।

### बिजली चोरी करने पर दोषी को एक साल की सजा

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** विशेष सत्र न्यायाधीश शंकर राज की अदालत ने बिजली चोरी करने के दोषी को एक वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषी पर दो लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले के अनुसार 20 मार्च 2020 को उपखंड अधिकारी जीएस कार्की व उनकी टीम ने बुंगा गांव में बिजली चोरी के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया।

# नीम करौरी महाराज का कैंची धाम होगा जाम मुक्त ! हरतपा बाईपास का सर्वे पूरा

**नैनीताल, एजेंसी।**
नीम करौरी महाराज के कैंची धाम क्षेत्र में पर्यटक वाहनों के बढ़ते दबाव के कारण जाम की समस्या विकराल होती जा रही है। ऐसे में बाईपास निर्माण की मांग जोर पकड़ने लगी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने पिछले माह कैंची धाम से हरतपा होते हुए बाईपास निर्माण के निर्देश दिए थे, जिसके बाद लोनिवि अधिकारियों ने सर्वे कार्य पूरा कर लिया है।

यातायात की दृष्टि से कैंची धाम प्रशासन व पुलिस के लिए चुनौती बनता जा रहा है। रोजाना हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने के कारण कैंची धाम में भवाली व गरमपानी की ओर मीलों लंबा जाम लगना आम हो गया है। पूर्व में नेशथैथा। इस दौरान उन्होंने भवाली सेनिटोरियम बाईपास निर्माण में तेजी लाने के साथ ही हरतपा से पाडली तक बाईपास निर्माण करने के निर्देश दिए थे। निर्देशों पर विभागीय टीम ने सर्वे कार्य पूरा कर लिया है। कैंची से रामगढ़ क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क पर हरतपा हली होते हुए करीब नौ किमी और लंबी सड़क का निर्माण करना होगा। जिसके बाद कैंची धाम से नीचे



पाडली तक की दूरी करीब 16.5 किमी होगी। हालांकि करीब चार किमी लंबे सफर को बाईपास से चलने में 16.5 किमी का सफर तय करना होगा।

संवाद सहयोगी, भवाली। जिलाधिकारी वंदना गुरुवार को भवाली में विकास कार्यों के निरीक्षण को पहुंचीं। नगर के सेनिटोरियम रातीघाट बाईपास व पुल के निर्माण कार्य के साथ ही नैनीबैंड सेनिटोरियम बाईपास और नगर के मध्य रोडवेज स्टेशन/पार्किंग, म्यूजियम व मल्टी स्टोरी पार्किंग का निरीक्षण किया। वहीं, पालिका मैदान में ग्रामीणों की जनसमस्याएं सुनकर उनका निस्तारण किया। बीडीसी नगारीगांव कमल गोस्वामी ने जिलाधिकारी को गांव में जल जीवन मिशन के कार्य नहीं होने की समस्या बताई। डीएम ने विभागीय अधिकारियों की तीन दिन में कार्य शुरू करने को निर्देशित किया।

भौनियाधार के निवर्तमान सभासद मुकेश कुमार ने आपदा में वार्ड के मुख्य मार्ग के टूटने की समस्या बताई। नगर के युवाओं ने खेल मैदान में वाहनों के पार्किंग होने व निर्माण सामग्री पड़ी होने से खेलने के दौरान परेशानी होने की बात कही। वहीं, अन्य लोगों ने बिजली, पानी आदि की समस्याएं गिनाई।

## 25वीं वर्षगांठ की पूर्व अल्मोड़ा में विचार गोष्ठी का आयोजन

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड राज्य की 25वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर अल्मोड़ा में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान गोष्ठी में उत्तराखंड की अवधारणा और आज के उत्तराखंड पर विचार विमर्श और चर्चा की गई। वहीं,क्षेत्रीय पार्टियों और संगठनों की ओर से आयोजित गोष्ठी में लोगों ने उत्तराखंड की समस्याओं को सामने रखा।

उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि पहाड़ के लोगों के विकास के लिए उत्तराखंड बनाया गया था। लेकिन आज सिर्फ नेताओं, अधिकारियों, पूंजीपतियों और भू-माफियाओं को उत्तराखंड में फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में आम आदमी, किसान और युवा बेरोजगार, भ्रष्टाचार सहित तमाम परेशानियों से जूझ रहे है। वहीं, इस मौके पर कई लोगों ने उत्तराखंड के केवल कुछ जिलों में विकास की बात कही है।

## नशा मुक्ति केंद्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** एक नशा मुक्ति केंद्र में चार दिन पहले पहुंचें युवक की बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

काशीपुर में एक नशा मुक्ति केंद्र में चार दिन पहले पहुंचें युवक की बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। वहीं हादसे से परिवार में कोहराम मच गया।

गदरपुर के महतोष मोड़ निवासी जितेंद्र सिंह (28) पुत्र गुरमुख सिंह ड्राइवर था। लगभग 4-5 साल पहले वह सऊदी से लौटकर आ गया था। वह वहां पर ड्राइवर का काम करता था। वहां से लौटने के बाद यहां आकर वह कंबाइन मशीन पर ड्राइवर था। इसी बीच वह नशे का आदी हो गया। परिजनों ने परेशान होकर उसे कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर स्थित जीवन जागृति सेवा समिति नशा मुक्ति केंद्र में बीती दो नवंबर की रात लगभग दस बजे भर्ती करा दिया था। बताया कि केंद्र के लोग आकर उसे अपने साथ ले गए थे। बुधवार को जितेंद्र की अचानक तबियत खराब होने पर केंद्र संचालक ने उसे मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

उधर, परिजनों ने बताया कि छह नवंबर की शाम लगभग 5-6 बजे केंद्र से सूचना मिली कि जितेंद्र सिंह की हालत खराब है। तब परिजन यहां पहुंचें तो उसे मृत अवस्था में पाया। परिजनों ने केंद्र कर्मियों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा और कार्रवाई की मांग की। कहा जितेंद्र के शरीर पर चोट के निशान हैं जिसके चलते उसकी मौत हुई है। इधर, सूचना मिलने पर कुंडा थाना पुलिस केंद्र पर पहुंच गई और केंद्र में भर्ती अन्य लोगों से बातचीत कर जानकारी जुटाई।

# डोली हो गई सहारा- ग्रामीणों को सिस्टम ने बना दिया बेचारा, अस्पताल पहुंचने के लिए करना पड़ा सुबह का इंतजार

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** सड़क न होने से क्वीटी के रुईसपाटा गांव की बीमार महिला को परिजन और ग्रामीण बदहाल रास्तों के बीच डोली के सहारे देर रात मुख्य सड़क तक ही पहुंचा सके। अस्पताल पहुंचने के लिए उसे अगली सुबह का इंतजार करना पड़ा और उसने दर्द से कराहते हुए रात काटी।

पहाड़ों में जीवन पहाड़ से कम नहीं है। सड़क न होने से क्वीटी के रुईसपाटा गांव की बीमार महिला को परिजन और ग्रामीण बदहाल रास्तों के बीच डोली के सहारे देर रात मुख्य सड़क तक ही पहुंचा सके। अस्पताल पहुंचने के लिए उसे अगली सुबह का इंतजार करना पड़ा और उसने दर्द से कराहते हुए रात काटी।

रुईसपाटा गांव की भागीरथी देवी का स्वास्थ्य बीते बुधवार को अचानक बिगड़ गया। वह पेट दर्द से तड़प उठी। ग्रामीणों की मदद से परिजन उसे रात में ही डोली के सहारे लेकर उपचार के रवाना हुए। बदहाल रास्तों में खतरे के बीच ग्रामीणों को उसे चार किमी दूर मुख्य सड़क तक पहुंचाने में चार घंटे लगे। जिला मुख्यालय पहुंचाने के लिए वाहन नहीं मिल सके तो बीमार के साथ ही परिजनों को क्वीटी में ही रात बितानी पड़ी। किसी के घर में आशियाना खोजा गया और सभी सुबह होने का इंतजार करते रहे। ऐसे में बीमार महिला को दर्द से कराहते हुए रात बितानी पड़ी। सुबह हुई तो परिजन उसे वाहन से पांच घंटे के सफर के बाद 85 किमी दूर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और तब जाकर उसे उपचार नसीब हुआ। पीएमएस डॉ. जेएस नबियाल ने कहा कि महिला का उपचार चल रहा है। खोले गए पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। विशेषज्ञ न होने से मरीजों को रेफर करना अस्पताल प्रबंधन की मजबूरी है। यही कारण रहा कि बीमार महिला को परिजन पीएचसी नहीं ले गए। परिजनों का कहना है कि यदि बीमार को पीएचसी ले जाया जाता तो उसे रेफर ही किया जाता। ऐसे में उसे जिला अस्पताल पहुंचाने का निर्णय लिया गया। पीएचसी में न तो जांच की सुविधा है और न बेहतर उपचार की। इस वर्ष की शुरुआत में रुईसपाटा की एक गर्भवती को डोली के सहारे प्रसव के लिए अस्पताल लाया जा रहा था। गांव और मुख्य सड़क के बीच में जाकुला नदी किनारे गर्भवती ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। बेहतर सुविधाएं न होने से एक नवाजात की मौके पर ही मौत हो गई। प्रधान मुन्नी देवी, ग्रामीण जगदीश सिंह मेहता ने बताया कि घटना के चर्चा में आने से पीएमजीएसवाई ने तुरंत गांव को सड़क से जोड़ने के दावे किए थे जो अब तक हवाई साबित हुए हैं।

# झाड़ियों में छिपे भालू ने किसान पर किया हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में कराया भर्ती

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** गन्ने के खेत देखने जा रहे एक किसान पर झाड़ी में छिपे भालू ने अचानक हमला कर घायल कर दिया। घायल को उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हालात गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। खटीमा में गन्ने के खेत देखने जा रहे एक किसान पर झाड़ी में छिपे भालू ने अचानक हमला कर घायल कर दिया। घायल को उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हालात गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। टुकड़ी, नानकमत्ता निवासी अमरजीत सिंह बृहस्पतिवार देर शाम गन्ने के खेत देखने गया था। तभी अचानक झाड़ियों में छिपे भालू ने उसपर हमला कर दिया। उसने भालू से काफी देर तक स्वयं को बचाने के लिए संघर्ष किया, लेकिन भालू ने हाथ की हड्डी तोड़ दी और पैर का मांस नोच लिया। किसी तरह भालू से बचने के बाद उसने परिजनों को फोन किया। परिजनों



और ग्रामीणों ने घायल अमरजीत को 108 एंबुलेंस से खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# दिल्ली में 10 हजार बस मार्शलों को फिर से रोजगार मिलेगा: एक सप्ताह के भीतर ऑन-ड्यूटी होंगे बस मार्शल और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में 10 हजार बस मार्शलों को फिर से रोजगार मिलेगा। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में 10,000 सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स और बस मार्शलों की तैनाती को मंजूरी दे दी है। एक सप्ताह के भीतर 10,000 बस मार्शल और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स ऑन-ड्यूटी होंगे। शनिवार को सीएम आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए ये जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि, दिल्ली सरकार ने आज इन 10,000 मार्शलों की नियुक्ति की मंजूरी दे दी है। और प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में अगले 4 महीने बस मार्शल अहम भूमिका निभायेंगे। सीएम आतिशी ने कहा कि, प्रदूषण हॉटस्पॉट्स को निगरानी से लेकर ओपन बर्निंग को रोकने और शिकायतों के फॉलो-अप में बस मार्शलों की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी।

उन्होंने कहा कि, सोमवार से बस मार्शलों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी साथ हू दिल्ली सरकार जल्द बस मार्शलों की स्थायी नियुक्ति का प्रस्ताव उपराज्यपाल को भेजेगी। उन्होंने कहा कि, भाजपा चाहे जितना षड्यंत्र रचे, अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में हम ऐसे दिल्लीवासियों की हर समस्या का समाधान जरूर निकालेंगे। सीएम आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में बसों में महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए 2017-18 में दिल्ली सरकार ने दिल्ली की बसों में बस मार्शल तैनात किए। ये बस मार्शल इसलिए तैनात किए गए ताकि महिलाओं के साथ कोई छेड़छाड़ न हो, बदतमीजी न हो, डीटीसी बसों में बच्चे और बुजुर्ग सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि, बसों में बस मार्शलों की नियुक्ति से महिलाओं-बुजुर्गों-बच्चों को जो सुरक्षा मिली इसका कई प्रमाण दिल्लीवालों ने देखा। मार्शलों ने बस में महिलाओं के साथ होने वाली बदतमीजी को रोका, किसी बच्चे के अपहरण होने के प्रयास को रोका, बुजुर्गों की मदद की।

लेकिन भाजपा को महिलाओं-बुजुर्गों-बच्चों की सुरक्षा नहीं जँची, गरीब घरों के 10,000 युवाओं को मार्शलों के तौर पर काम मिला ये जँचा नहीं। इसलिए भाजपा ने षड्यंत्र रचकर अपने अफसरों के माध्यम से अप्रैल 2023 से इन बस मार्शलों की तनख्वाह रोक दी। सीएम आतिशी ने कहा कि, तब दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने तब बार-बार अफसरों को आदेश दिए कि बस मार्शलों को तनख्वाह मिलनी चाहिए। लेकिन भाजपा ने इनकी तनख्वाह नहीं मिलने दी और अक्टूबर 2023 में भाजपा ने अपने अफसरों के माध्यम से इन 10,000 बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वालंटियर्स को नौकरी से निकलवा दिया। उन्होंने कहा कि, इससे एक तरफ बसों में महिलाएं असुरक्षित हुई और दूसरी तरफ 10,000 से ज्यादा परिवार के युवा बेरोजगार हो गए। अरविंद केजरीवाल जी ने बार-बार कहा कि, इन बस मार्शलों को वापिस रखा जाए। उन्होंने प्रण लिया कि चाहे जितना भी संघर्ष करना पड़े लेकिन इन बस मार्शलों को वापिस रोजगार दिलवायेंगे। सीएम आतिशी ने कहा कि, पिछले 1 साल से ये बस मार्शल और सिविल डिफेंस वॉलंटियर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। और दिल्ली सरकार, दिल्ली सरकार के मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के विधायकों ने उनका पूरा साथ दिया। चाहे सड़क पर संघर्ष करना हो, पुलिस की लाठियां खानी हो इन, गिरफ्तारी देनी हो लेकिन आप के विधायकों और दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने बस मार्शलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि, आखिरकार इस संघर्ष के सामने भाजपा को झुकना पड़ा और बस मार्शलों की दोबारा नियुक्ति के लिए तैयार होना पड़ा। सीएम आतिशी ने बस मार्शलों के लिए खुशखबरी देते हुए कहा कि, आने वाले कुछ दिनों में बस मार्शलों की स्थायी नियुक्ति का प्रस्ताव दिल्ली सरकार द्वारा उपराज्यपाल महोदय को भेजा जाएगा। लेकिन जबतक बस मार्शलों की स्थायी नियुक्ति नहीं होती तब तक फरवरी के महीने तक प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में उन्हें तैनात किया जाएगा। उन्होंने साझा किया कि, आज दिल्ली सरकार ने प्रस्ताव पास किया है, जिसमें 10,000 से ज्यादा बस मार्शल और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स जिन्हे भाजपा द्वारा अक्टूबर में नौकरी से निकला गया। उन्हें अगले 4 महीने के लिए प्रदूषण नियंत्रण के कामों में लगाया जाएगा।

# जिगर के टुकड़े को कनाडा जाने नहीं देना चाहती थी मां, बेटे को आ गया गुस्सा और चाकू गोदकर ले ली जान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के बदरपुर थानाक्षेत्र के मोलड़बंद गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक बेटे ने छोटी सी बात पर अपनी ही मां की निर्ममता से हत्या कर दी। पुलिस को मामले की जानकारी मिली तो घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 6 नवंबर की बताई जा रही है। क्या है पूरा मामला जानकारी के अनुसार मोलड़बंद गांव में एक युवक कृष्णकांत को कनाडा जाने से मना करने पर चाकू से गोदकर अपनी मां गीता की हत्या कर दी।

कृष्णकांत के परिवार वाले चाहते थे कि वह पहले शादी कर ले उसके बाद वह चाहे कनाडा जाए या कहीं और जाए। लेकिन वह इसके पहले ही जाना चाहता था।

कनाडा जाने को लेकर ही वह मां से बात कर रहा था, जब मां ने इनकार कर दिया तो गुस्से में वह मां से बहस करने लगा। कृष्णकांत और मां गीता की बहस इतनी ज्यादा बढ़ गई कि उसने आव देखा न ताव मां की चाकू गोदकर हत्या कर दी। हत्या के बाद कृष्णकांत ने पापा को फोन कर बुलाया घर

आरोपित कृष्णकांत ने हत्या के बाद अपने पिता सुरजीत को दोपहर करीब 3.30 बजे कॉल किया और घर बुलाया। जब पिता घर पहुंचे तो कृष्णकांत ने उन्हें कहा, सॉरी पापा! आप खुद ऊपर जाकर देख लीजिए। यह कहते ही कृष्णकांत घर से भाग गया। उसके जाने पर पिता जब घर की पहली मंजिल पर स्थित अपने कमरे में गए तो उन्होंने जो नजारा देखा उसे देखकर उनकी आंखें फटी रह गईं।

खून से लहुलूहान था पत्नी का शव

सुरजीत ने देखा कि उनकी पत्नी गीता खून से लहूलुहान हैं और उनके शरीर पूरे शरीर पर चोटों के निशान थे। वह आनन-फानन में पत्नी गीता को लेकर अपोलो अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सरजीत अपनी पत्नी गीता, दो बेटे कृष्णकांत व साहिल के साथ मोलड़बंद गांव में रहता है। पुलिस ने कृष्णकांत को गिरफ्तार कर उससे चाकू बरामद कर लिया है।

सुरजीत के परिवार में हैं दो बेटे, आरोपी है बड़ा सुरजीत सिंह चौधरी प्रॉपर्टी डीलर का काम करते हैं। उनका टंकी रोड, जैतपुर में ऑफिस है। उनके दो बेटे हैं, बड़ा कृष्णकांत(31) जो नशे का आदी है और कुछ नहीं करता।

छोटा बेटा है साहिल उर्फ भोली (27) जो बैंक में जॉब करता है। दोनों बेटों की शादी नहीं हुई है। वारदात के वक्त घर पर सिर्फ आरोपी कृष्णकांत और मां गीता ही मौजूद थे। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पढ़ाई के लिए डांटा तो किशोरी ने घर छोड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन मिलाप के तहत आदर्श नगर इलाके से लापता 13 साल की एक किशोरी को मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों से मिलवाया है। किशोरी बीते 30 अक्तूबर को लापता थी। इसकी गुमशुदगी थाने में दर्ज कराई गई थी। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि पढ़ाई को लेकर अपने माता-पिता के दबाव के कारण वह घर छोड़ कर चली गई थी।

### वन्यजीवों को सर्दी से बचाने के लिए 53 हीटर लगेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली चिड़ियाघर में वन्यजीवों को ठंड से बचाने के इंतजाम शुरू कर दिए गए हैं। वन्यजीवों के बाड़ों में हीटर की व्यवस्था की जाएगी। करीब 53 हीटर लगाने की योजना है। पिंजरों के अंदर लकड़ी के फर्श तैयार होंगे। अधिक ठंड होने पर पिंजरे के बाहरी हिस्से को बोरी से ढका जाएगा। साथ ही वन्यजीवों के खान-पान में भी बदलाव किया जाएगा। चिड़ियाघर के रेंज अधिकारी सौरभ वरिष्ठ ने बताया कि वन्यजीवों को ठंड से बचाने के लिए विभिन्न प्रकार की तैयारियां की गई है। बाड़ों में पराली बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। वन्यजीवों के लिए चिड़ियाघर साढ़े चार हजार किलोग्राम पराली का उपयोग करता है। भालू, सफेद बाघ, शेर, तेंदुआ सहित कई दूसरे जीवों को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए उनके पिंजरे के बाहर हीटर लगाए जाते हैं। खान-पान में होता है बदलाव : पक्षियों के बाड़े में गर्माहट के लिए मटकों के अंदर बल्ब लगाए जाते हैं। वन्यजीवों के स्वास्थ्य की नियमित जांच होती है। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में वन्यजीवों के खान-पान में भी बदलाव किया जाता है। ऋतु फल से लेकर आंवला शाकाहारी जीवों को दिया जाता है। गैंडा, दरियाई घोड़ा और हाथी को ठंड में खाने के लिए खिचड़ी दी जाती है। हाथी को गुड़ भी दिया जाता है। मांसाहारी वन्यजीवों को खाने में अतिरिक्त मीट दिया जाता है, जिससे कि पर्याप्त पोषण मिले और जीव संक्रमण से लड़ सकें। बाघ को दो से तीन किलो अधिक मीट दिया जाता है।

# बिना मांगे दहेज मिलने पर दामाद पहुंचा कोर्ट, फिर दिल्ली की अदालत ने सुनाया अपना ये फैसला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दक्षिणी दिल्ली। साकेत कोर्ट ने ससुराल पक्ष के खिलाफ बिना मांगे दहेज देने के आरोप में एफआइआर दर्ज कराने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया।

याचिकाकर्ता ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दायर की थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नवजीत बुद्धिराजा मजिस्ट्रेट कोर्ट के जुलाई 2022 के आदेश के खिलाफ याचिकाकर्ता की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। सास-ससुर और साले के खिलाफ ऋक्र करने की याचिका खारिज मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दहेज देने के आरोप में याचिकाकर्ता की ओर से सास-ससुर और साले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए किए गए अनुरोध को खारिज कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने पुनरीक्षण याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता पर पत्नी के परिवार की ओर से क्रूरता का मामला दर्ज किया गया था।

जब तक मुकदमे के दौरान दोनों पक्षों की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तब तक दहेज की मांग की गई थी या नहीं, इस पहलू पर प्रभावी ढंग से निर्णय नहीं लिया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के ससुराल वालों की ओर से भी उसके खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

बदले में ससुराल पक्ष ने भी दर्ज कराई शिकायत ससुराल वालों ने उसके खिलाफ विवाहिता के साथ क्रूरता करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के आदेश में दर्ज टिप्पणी का जिक्र किया कि याचिकाकर्ता के ससुराल वालों ने प्राथमिकी दर्ज करते समय स्पष्ट रूप से स्वीकार किया था कि उन्होंने उसे दहेज दिया था। कोर्ट ने अपने फैसले में कही ये बात ऐसा स्वीकार करना भी दहेज निषेध अधिनियम के तहत अपराध है। अधिनियम की धारा 3 में दहेज देने या लेने के लिए दंड का प्रविधान है। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट की इस टिप्पणी को भी दर्ज किया कि याचिकाकर्ता ने इस तथ्य को छिपाया है कि उनकी पत्नी और ससुराल वालों ने उनके खिलाफ एफआईआर में लगातार दहेज की मांग करने के गंभीर आरोप लगाए थे। वहीं पर दिल्ली दंगे की साजिश में शामिल मुख्य आरोपी एवं पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन के वकील ने कड़कड़डूमा कोर्ट में अपने मुवक्किल के पक्ष में दलील देते हुए कहा कि उनके खिलाफ (ताहिर हुसैन) सबूत के तौर पर पेश किए गए वाट्सएप चैट में किसी को सरकार के खिलाफ हथियार उठाने को नहीं कहा गया था। कहीं भी लोगों को भारत सरकार या उसकी एजेंसियों के खिलाफ हथियार उठाने के लिए भी नहीं बोला गया था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 13 नवंबर को होगी।

# तीन नाबालिगों ने बीती रात जमकर मचाया आतंक, दबोचे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उत्तर पूर्वी जिले में बीती शुक्रवार रात तीन नाबालिगों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी कर जमकर आतंक मचाया। आरोपियों ने जिले के वेलकम व ज्योति नगर इलाके में करीब 10 राउंड गोलीबारी की जिसमें गोली लगने से एक 24 वर्षीय युवक नदीम उर्फ बॉबी की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति शाहनवाज घायल हो गया। हालांकि वारदात के बाद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाई और वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर तीनों नाबालिगों को जिले की एएटीएस टीम ने दबोच लिया। पुलिस उपायुक्त राकेश पावरिया ने बताया कि टीम ने आरोपियों के पास से दो पिस्टल, तमंचा, छह कारतूस, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, लूटी हुई स्कूटी व कारतूस के नौ खोखे बरामद किए हैं। पुलिस पकड़े गये नाबालिग आरोपियों से पूछताछ कर पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आरोपियों में से दो आरोपियों ने नदीम से ब्याज पर कुछ रुपये उधार ले रखे थे और वे रुपये उसने नदीम को ब्याज के साथ वापस भी कर दिए थे। लेकिन नदीम ने रुपये देने से अब तक उन्हें परेशान करता रहता था और उधार चुकाने के बाद अतिरिक्त ब्याज मांग रहा था। इससे छुटकारा पाने के लिए आरोपियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर उसकी हत्या कर दी। वहीं, ज्योति नगर गोलीबारी में आरोपियों ने बताया कि इस वारदात को उन्होंने कुछ स्थानीय अपराधियों के इशारे पर अंजाम दिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताये गये कारणों की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, बीती शुक्रवार रात करीब दो बजे के आसपास वेलकम थाने में तीन नाबालिगों द्वारा गोलीबारी करने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस जिया मेडिकोज, मकान संख्या बी-1034, टी-प्वाइंट, गली संख्या पांच, कबीर नगर पहुंची। यहां पूछताछ के दौरान पता चला कि नदीम नामक एक युवक अपने दो दोस्तों अमन व शाहनवाज के साथ स्कूटी से कहीं जा रहा था। इसी बीच एक मोटरसाइकिल पर आए तीन बदमाशों ने नदीम व उसके दोस्त शाहनवाज पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं जिसमें वे घायल हो गए। इसके बाद आरोपी अपनी बाइक वहीं छोड़कर स्कूटी लेकर फरार हो गए। इसके बाद दोनों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया जहां से उन्हें जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। यहां चिकित्सकों ने नदीम को मृत घोषित कर दिया और उसके दोस्त शाहनवाज का उपचार किया जा रहा है। शाहनवाज के दायें पैर में गोली लगी है। वेलकम पुलिस ने उसके बयान पर मामला दर्ज जांच शुरू की। क्राइम व एफएसएल की टीमों को भी सुराग जुटाने के लिए मौके पर बुलाया गया। मौके से पुलिस को कारतूस के तीन खोखे बरामद हुए।

इसके कुछ ही देर बाद ज्योति नगर इलाके में भी गोलीबारी की सूचना मिली। इस मामले में शिकायतकर्ता 24 वर्षीय राहुल ने बताया कि वह न्यू कर्दमपुरी इलाके में मकान संख्या 242, गली संख्या पांच में रहता है। उसने बताया कि करीब शुक्रवार रात करीब 1.26 बजे स्कूटी पर तीन बदमाशों ने उनके घर के बाहर तोबड़तोड़ गोलियां बरसाईं और पीड़ित के साथ गाली-गलौज करने के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस को यहां कारतूस के छह खोखे व एक जिंदा कारतूस मिला। दोनों मामलों में स्थानीय पुलिस के अलावा एएटीएस इंचार्ज इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ की टीम ने भी दोनों मामलों की जांच शुरू की। पुलिस टीमों ने वारदातस्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर मामले की जांच शुरू की। इसके बाद आरोपियों की फोटो निकालकर स्थानीय सूत्रों व तकनीकि टीम की मदद से जांच करते हुए उनकी पहचान की तो दोनों मामलों में शामिल आरोपी एक ही पाए गए। इसके बाद तकनीकि टीम की मदद से आरोपियों के ठिकानों का पता लगाकर एएटीएस टीम ने उन्हें दबोच लिया। इसके साथ ही इनके पास से पिस्टल, तमंचा, कारतूस व इसके खोखे के अलावा वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल व लूटी हुई स्कूटी भी बरामद कर ली गई।

# कर्ज चुकाने के लिए चोरी की वारदात को दिया अंजाम, गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका जिले के द्वारका साउथ थाना पुलिस ने एक चोरी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से 10 लाख कीमत के सोने के आभूषण और अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपित एक कंपनी में ऑनलाइन डिलीवरी बॉय का काम करता था। इसके पास से सोने के आभूषण के अलावा हजारों की नकदी, मोटरसाइकिल, वाशिंग मशीन और एक कार बरामद की गई है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार 20 अगस्त को द्वारका साउथ थाना में चोरी के मामले की एक शिकायत पुलिस को मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी ने गड़बड़ी की है। उस मामले में मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की गई। एसएचओ संजीव मंडल की देखरेख में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की। पुलिस को आरोपित का जो मोबाइल नंबर मिला वह बंद था। पुलिस टीम जब उसके घर पहुंची तो वह घर पर भी नहीं मिला। उसके बाद पुलिस टीम लगातार काफी समय तक उसके बारे में पता लगाने में जुटी रही। आखिरकार बीती देर रात हेड कांस्टेबल प्रवीण यादव को एक सूचना मिली कि आरोपित पालम गांव थाना इलाके में छिपा हुआ है। सूचना को पुख्ताकर पुलिस टीम ने एक घर में छापा मारा और आरोपित को गिरफ्तार किया। आरोपित के पकड़े जाने के बाद उसकी निशानदेही पर सोने के आभूषण के अलावा गाड़ी, मोटरसाइकिल, वाशिंग मशीन व नकदी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि कर्ज चुकाने के लिए उसने चोरी की थी।

# कोर्ट से भगोड़ा घोषित आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

द्वारका जिले की द्वारका साउथ थाना पुलिस ने एक मामले में कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए आरोपित गगन सिंह को गिरफ्तार किया है। यह मनसाराम पार्क, उत्तम नगर का रहने वाला है। इसके खिलाफ तीन साल पहले द्वारका साउथ थाना में मामला दर्ज हुआ था। उस मामले में द्वारका कोर्ट ने इसी साल जुलाई महीने में इसे भगोड़ा घोषित किया था। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह के मुताबिक एसएचओ संजीव मंडल की पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपित के बारे में पता लगाना शुरू किया। आखिरकार एक गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद इसे जेल भेज दिया गया।

# जहांगीरपुरी दंगे में हथियार सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के जहांगीरपुरी में करीब तीन साल पहले हनुमान जयंती शोभायात्रा पर पथराव व दंगे हुए थे। अब दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया, जिनमें से एक मुख्य आरोपित है। यह मुख्य आरोपित शकील उर्फ सेरनी हनुमान जयंती पर हुए दंगे में हथियारों की सप्लाई में शामिल रह चुका है। आरोपितों के पास से 13 अवैध देसी पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

क्राइम ब्रांच के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया की गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सलमान उर्फ सालू और शकील उर्फ सेरनी के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली और एनसीआर में लगातार हो रही गोलीबारी की घटनाओं को देखते हुए क्राइम ब्रांच को दिल्ली में हथियार तस्करों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। खुफिया जानकारी जुटाई गई और उसे विकसित किया गया। पता चला कि सलमान उर्फ लाला, जो एक कुख्यात झपटमार है और एक झपटमारी के मामले में वांछित है। यह सराय काले खां के नजदीकी इलाके में किसी से मिलने के लिए आने वाला है। सूचना को पुख्ता करते हुए इंस्पेक्टर प्रियंका के नेतृत्व में टीम बनाई गई और आरोपित सलमान को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि उसने पिस्टल एक ऐसे व्यक्ति से खरीदी थी, जो अवैध हथियार बेचता है और उसका नाम शकील उर्फ सेरनी है, जो जहांगीरपुरी में रहता है। सेरनी अपनी गिरफ्तारी से लगातार बच रहा था, लेकिन उसे भी जहांगीरपुरी इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। निशानदेही पर पूछताछ के दौरान कुल 12 देसी पिस्तौल जब्त की। पूछताछ में शकील ने बताया कि वह दिल्ली एनसीआर में अवैध हथियारों की तस्करी करता है। वह दूसरे राज्यों से कम कीमत पर अवैध देसी पिस्तौल खरीदता था और उन्हें दिल्ली और एनसीआर के इलाके में ऊंचे दामों पर बेचता है।

# ठक-ठक गिरोह का गुर्गा दबोचा, लाखों के गहने बरामद

नई दिल्ली । दक्षिणी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने शुक्रवार को ठक-ठक गिरोह के एक गुर्गे को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अमर उर्फ बबलू के रूप में हुई है। उसके पास से चोरी की एक हीरे जड़ित सोने की अंगूठी, हीरे जड़ित सोने की चूड़ी, एक मंहगी लेडीज कलाई घड़ी,दो हजार नकद, चोरी की स्कूटी और चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी के बाद तीन मामले सुलझाने का दावा किया है। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि स्पेशल स्टाफ की टीम को शुक्रवार शाम गुप्त सूचना मिली। पता चला कि ठक ठक गिरोह का एक गुर्गा अमर उर्फ बाबू चलती कारों से कीमती सामान चोरी करने में सक्रिय रूप से शामिल हैं और इलाके में आने वाला है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एशियन मार्केट के पास योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और टीम वहां तैनात हो गई।


उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आबंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती हैः–

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-25-2024 | दिनांक 25.11.2024 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), नया गाजियाबाद, दिल्ली (PF-16) (B-T-T), शकूरबस्ती, नई दिल्ली (AGS Side) (TW Parking), करनाल (641.62 Sq. Mtrs.), कुरुक्षेत्र 1st Entry, कुरुक्षेत्र 2nd Entry, गाजियाबाद (भूर साइड) (1150.67 sq.mtrs.), तुगलकाबाद (C-S), दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking), साहिबाबाद, बुढलाडा, बरेटा, मुरादनगर, सांपला (Main Entry), खतौली, टोहाना, बादली 2nd Entry, कुरुक्षेत्र (Site-1), कुरुक्षेत्र (Site-2), बरौता, तुगलकाबाद (Car), = कुल 24 साइटें। |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएं | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य हैः 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता 4. आईआरईपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। |
| संबंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/ पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 **E-Mail: pkg.delhidivision@gmail.com Tel.:011-23743084** |

**सं.: 23AC/393/E-Auction/2022 दिनांक: 08.11.2024** **3483/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# देश की राजधानी दिल्ली अब गैंगस्टरों की राजधानी दिल्ली के नाम से जानी जाती है : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सचिवालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि पिछले कुछ महीनो से देश की राजधानी दिल्ली गैंगस्टरों की दिल्ली बनी हुई है क हाल ही में हुई कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि बीती 5 तारीख को नांगलोई के एक प्लाईवुड शोरूम पर कुछ बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई और शोरूम के मालिक से 10 करोड रुपए रंगदारी की मांग की गई कउसी दिन अलीपुर में एक गैस गोदाम पर भी बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की और उस गैस गोदाम के मालिक से भी रंगदारी मांगी गई कबीते कल हुई एक घटना का जिक्र करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि इसी प्रकार से कल उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में तीन बदमाश एक बाइक पर आए और अंधाधुंध गोलियां चलाई जिसमें एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया और दूसरे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पत्रकार बंधुओ से प्रश्न पूछते हुए कहा, कि क्या आप कल्पना कर सकते हैं, कि देश की राजधानी दिल्ली में आए दिन गोलीबारी और हत्याओं जैसी वारदातें हो रही हैं कउन्होंने कहा वह दिल्ली जो देश की राजधानी है, जिस दिल्ली में राष्ट्रपति रहते हैं, प्रधानमंत्री रहते हैं, जिस दिल्ली में केंद्र सरकार के सभी विभागों के मुख्यालय बने हुए हैं, इस देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में बनी हुई है, संसद दिल्ली में बनी हुई है, दुनिया के लगभग सभी देशों के दूतावास दिल्ली में बने हुए हैं, दुनिया भर के पर्यटक, सैलानी और राजनीतिक लोग दिल्ली में आते हैं, ऐसी दिल्ली में खुलेआम गैंगस्टरों द्वारा गोलियां चलाई जा रही हैं, हत्याएं की जा रही हैं, रंगदारी मांगी जा रही है और लोग रंगदारी देने को मजबूर हैं मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भाजपा शासित केंद्र सरकार पर उंगली उठाते हुए कहा, कि आज दिल्ली में कानून व्यवस्था की जो खस्ता हालत है, उसके लिए सीधे तौर पर केंद्र में बैठी भाजपा सरकार जिम्मेदार है कउन्होंने कहा, कि दिल्ली की कानून व्यवस्था सीधे तौर पर केंद्रीय गृहमंत्री के अधीन आती है और दिल्ली की कानून व्यवस्था को व्यवस्थित और सुदृढ़ करने की जिम्मेदारी गृहमंत्री की है कपरंतु दिल्ली में कानून व्यवस्था की क्या हालत है, वह सभी के सामने है क खुलेआम गोलियां चल रही है, हत्याएं हो रही हैं और रंगदारी मांगी जा रही है कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि इससे भी ज्यादा आश्चर्य की बात यह है, कि दिल्ली की कानून व्यवस्था जिस भाजपा शासित केंद्र सरकार के गृहमंत्री के अधीन आती है, ना तो गृहमंत्री की ओर से, ना ही केंद्र सरकार की ओर से और ना ही भाजपा की ओर से, इस खस्ता हालत पर एक भी बयान आज तक जारी किया गया है कउन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और गृहमंत्री दिल्ली की खस्ता कानून व्यवस्था पर बिल्कुल चुप बैठे हुए हैं कयह उनकी जिम्मेदारी है उन्हें जनता को बताना चाहिए, कि दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री और केंद्र सरकार क्या कदम उठा रही है? मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि दिल्ली में लोकसभा की 7 सीटें हैं और दिल्ली की जनता ने भाजपा को सातों की सात सीट जिताकर दी

# कनाडा जाने की जिद में नशेड़ी पुत्र ने मां को मौत के घाट उतारा

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले के बदरपुर इलाके में एक अधेड़ महिला की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए महिला के बेटे को गिरफ्तार किया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया था।

डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि बीते बुधवार की शाम करीब 04:58 बजे बदरपुर थाना पुलिस को एक महिला को मारपीट के कारण मृत अवस्था में लाए जाने के संबंध में अपोलो अस्पताल से सूचना मिली थी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। जांच के दौरान मृतका की पहचान 50 वर्षीय गीता के रूप में हुई है। गीता परिवार के साथ मोलरबंद गांव बदरपुर में रहती थी। परिवार में पति सरजीत सिंह व दो बेटे कृष्णकांत व साहिल है। पूछताछ में पता चला कि आरोपित कृष्णकांत (31) ने अपने पिता को दोपहर 3:30 बजे फोन कर घर आने को कहा था। कृष्णकांत के पिता सुरजीत सिंह (52) जब घर पहुंचे तो उसने उनसे माफी मांगी और कहा कि ऊपर जाकर खुद देख लो। इसके बाद वह घर से भाग गया। घर की पहली मंजिल पर पहुंचने पर सुरजीत ने अपनी पत्नी गीता को खून से लथपथ हालत में देखा। उनके शरीर पर तेजधारदार हथियार से हमला किया गया था। सुरजीत ने आसपास के लोगों की मदद से पत्नी को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसे डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सुरजीत सिंह चौधरी का प्रॉपर्टी डीलिंग का काम हैं। उनका ऑफिस टंकी रोड जैतपुर में है। उनके दो बेटे हैं, बड़ा बेटा कृष्णकांत (31) है, जो नशे का आदी है और कुछ नहीं करता। छोटा बेटा साहिल उर्फ भोली (27) है, जो बैंक में नौकरी करता है। दोनों बेटे अविवाहित हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, रविवार, 10 नवंबर, 2024

## दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला- जीपीएस के जरिये पानी के टैंकरों और सीवर सफाई मशीनों की जीपीएस से मॉनिटरिंग होगी

### आतिशी के निर्देश पर टैंकर और सीवर सफाई मशीनों की लाइव पोर्टल के जरिये होगी रियल-टाइम मॉनिटरिंग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में टैंकरों द्वारा जल आपूर्ति और सीवरों की सफाई को प्रभावी और पारदर्शी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत अब दिल्ली सरकार, दिल्ली जल बोर्ड के जीपीएस मॉनिटरिंग पोर्टल को लाइव करेगी।

इस पोर्टल के जरिए पानी के टैंकरों और सीवर सफाई मशीनों (एससीएम) का जीपीएस के जरिए ट्रैक किया जाएगा। पोर्टल पर रियल टाइम मॉनिटरिंग के साथ अधिकारी सुनिश्चित कर सकेंगे कि, पानी के टैंकर निश्चित समय और स्थान पर आपूर्ति के लिए पहुंच सके और साथ ही सीवर सफाई मशीनों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सकेगी। निगरानी के जरिये किसी भी प्रकार की खामियों को दूर करते हुए लोगों को समय पर सेवाएं दी जा सकेगी।

इस बाबत साझा करते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने कह कि, दिल्ली सरकार, शहर में लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में पानी के टैंकरों और सीवर सफाई मशीनों की निगरानी के लिए जीपीएस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी और इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि सभी पानी के टैंकर और सीवर सफाई मशीनें अपने निर्धारित मार्गों पर रहें और समय पर आवश्यक सेवाएं प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि, जीपीएस मॉनिटरिंग पोर्टल का लाइव होना इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। इससे न केवल सर्विसेज की निगरानी करना आसान होगा बल्कि किसी भी प्रकार की अनियमितता को दूर किया जा सकेगा।

बता दे कि, इस बाबत जलबोर्ड के सभी अधिकारियों को ये सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है कि, पानी के सभी टैंकरों और सीवर सफाई मशीनों में जीपीएस के रखरखाव का ध्यान रखा जाए। इसे लेकर हर सर्कल में एक टेक्निकल एग्जीक्यूटिव भी तैनात किया जाएगा जो जीपीएस मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़ी किसी भी तकनीकी समस्या का समाधान करेंगे ताकि ये सुचारू रूप से चलता रहे।

## आईजीआई पुलिस साइबर फ्रोड से बचाने पहुंच रही है होटलों में



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

- चला रही है जागरूकता अभियान, कर रही लोगों को अलर्ट
- स्टाफ से लेकर मैनेजर तक को कर रही शिक्षित
- स्टाफ भी बचें और होटल में आने वाले गेस्ट को भी बचाएं

आज के समय में साइबर फ्रॉड जहां एक तरफ लोगों के लिए बड़ी समस्या खड़ी कर दिया है, वहीं दूसरी तरफ पुलिस भी ऐसे अपराध को रोकने में और इस तरह की वारदात को अंजाम देने वाले गैंग का पता लगा करके उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाने में लगातार प्रयासरत रहती है। साथ ही लोगों में ज्यादा जागरूकता लाकर उनको ज्यादा से ज्यादा बचाने का प्रयास भी करती रहती है। इसी कड़ी में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पुलिस टीम ने एक अभियान की शुरूआत की है। एयरोसिटी में स्थित फाइव स्टार होटल में पहुंचकर वहां के स्टाफ से लेकर होटल के मैनेजर तक को एक जगह इकट्ठा करके साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक कर रही है। किस तरह के फ्रॉड आजकल ज्यादा हो रहे हैं और लोग इसका कैसे शिकार होकर अपनी लाखों की कमाई हुई रकम को चंद मिनट में गंवा देते हैं। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी ने बताया कि यह प्रयास लगातार आगे भी जारी रहेगा। आईजीआई पुलिस के द्वारा दोनों पहलू पर काम किया जा रहा है। किसी तरह की वारदात होती है तो उसपर तुरंत पुलिस टीम एक्शन लेकर आरोपी को गिरफ्तार करती है। दूसरी तरफ ऐसे मामलों में लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करके उन्हें इस तरह के फ्रॉड से बचाने के लिए प्रयास भी करती रहती है। जिसमें साइबर एक्सपर्ट पुलिस कर्मियों की टीम होटल में पहुंचकर वहां मौजूद लोगों को बारीकी से ब्रीफ करके उन्हें समझती है। उनके सवालों का जवाब देकर उन्हें अलर्ट करती है। इससे दो तरह के फायदे होते हैं जहां एक तरफ हॉस्पिटल में काम करने वाले सैकड़ो कर्मचारी जागरूक होते हैं। वहीं दूसरी तरफ होटल में आने वाले देश और विदेश के गेस्ट को भी साइबर फ्रॉड से बचाने में सफलता मिलती है।

## ठक ठक गैंग का मास्टर माइंड गिरफ्तार

### गोल्ड ज्वैलरी, कैश, स्कूटी, मोबाइल बरामद

संवाददाता




साउथ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने ठक ठक गैंग के मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया है। यह दिल्ली इलाके में सक्रिय था। इसके पास से चोरी की गोल्ड, डायमंड की ज्वैलरी, कैश, मोबाईल, स्कूटी भी बरामद किया है। इसकी गिरफ्तारी से साकेत, आर के पुरम और सरिता विहार थाना के तीन मामलों का खुलासा किया है। डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने बताया की गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमर उर्फ बबलू के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर गिरीश कुमार की देखरेख में हेडकांस्टेबल अखिलेश और कांस्टेबल संदीप की पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाया था। यह साउथ वेस्ट दिल्ली के इंद्रपुरी इलाके का रहने वाला है।

जब यह साकेत इलाके में किसी से मिलने पहुंचा तो पुलिस टीम ने ट्रैप लगाकर दबोच लिया। जिस स्कूटी से जा रहा था, वह सरिता विहार से चोरी की निकली। जबकि मोबाइल साकेत इलाके से चुराया गया था। पूछताछ में बताया की रास्ते में गाड़ी के ड्राइवर का ध्यान भटकाकर उनकी गाड़ी से महंगे सामान, मोबाइल इत्यादि गायब करता था। गिरफ्तार आरोपी पहले तीन मामलों में शामिल रहा है।

## स्कूटी, बाईक, मोबाइल चुराकर उड़ा रहा था पुलिस की नींद




संवाददाता

मोती नगर थाना की पुलिस टीम ने लगातार स्कूटी, मोटरसाइकिल और मोबाइल चोरी की कई वारदात को अंजाम देकर पुलिस की नींद उड़ाने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की दो स्कूटी और मोटरसाइकिल के अलावा मोबाइल भी बरामद किया गया है। जो देशबंधु गुप्ता रोड, कीर्ति नगर, मोती नगर थाना इलाके से चुराई गई थी। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकित कुमार डमरू के रूप में हुई है। यह पहले से भी आपराधिक मामले में शामिल रहा है।

एसीपी विजय सिंह की देखरेख में एसएचओ वरुण दलाल की टीम ने इसके बारे में जानकारी इकट्ठा करके फिर इसे पीछा करके दबोचा। जिस स्कूटी से यह भाग रहा था वह स्कूटी देश बंधु गुप्ता रोड थाना इलाके से चोरी की निकली। तलाशी में मोबाइल भी बरामद किया गया। फिर इसकी निशानदेही पर चोरी की दो और मोटर साइकिल बरामद की गई। पूछताछ में पता चला कि यह अशोक विहार इलाके का रहने वाला है।

## पहली बार हो रहा दीपोत्सव का आयोजन

### यमुना तट पर जलेंगे साढ़े तीन लाख से अधिक दीये

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



13 नवंबर की शाम राजधानी में पहली बार दिल्ली दीपोत्सव का आयोजन होगा। यह आयोजन देव दीपावली, गुरु पर्व और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के पूर्व हो रहा है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा आयोजित इस समारोह में एलजी वीके सक्सेना शामिल होंगे और इस अवसर पर यमुना की आरती भी करेंगे।

यह कार्यक्रम कश्मीरी गेट आइएसबीटी के पास पुनर्विकसित वासुदेव घाट पर मनाया जाएगा। शुक्रवार को राजनिवास की ओर से इस आशय की जानकारी साझा की गई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दैनिक जागरण ने 31 अक्टूबर के अंक में ही ह्ववाराणसी की तर्ज पर दिल्ली में भी दीपोत्सवह्ल शीर्षक से यह खबर प्रकाशित कर दी थी।

**साढ़े तीन लाख से अधिक दीये जलेंगे**

राजनिवास के मुताबिक इस आयोजन में 3,50,000 से अधिक दीये जलाए जाएंगे, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजन, विद्यार्थी और कलाकार भाग लेंगे। कार्यक्रम में ड्रोन और लेजर शो भी आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही, वासुदेव घाट पर स्थित बारादरी में भव्य राम दरबार का मंचन किया जाएगा।

**घाट पर समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का होगा प्रदर्शित**

एलजी द्वारा मार्च 2024 में उद्घाटित वासुदेव घाट, उनकी यमुना और नदी के बाढ़ क्षेत्र के पुनरुद्धार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य शहर के लोगों को नदी के समीप लाना और उन्हें नदी की सफाई में भागीदार बनाना है। दिल्ली दीपोत्सव आध्यात्मिकता-पर्यावरणीय स्थिरता के संगम को प्रदर्शित करेगा। वासुदेव घाट भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को भी प्रदर्शित करता है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से लाई गई मूर्तियां और कलाकृतियां शामिल हैं।

**ड्रोन शो से पुष्प वर्षा और माल्यार्पण भी होगा**

लेजर शो से भगवान राम की झांकी दर्शाई जाएगी तो ड्रोन शो से पुष्प वर्षा और माल्यार्पण भी किया जाएगा। यह आयोजन शाम छह बजे के लगभग शुरू होगा और रात साढ़े सात-आठ बजे तक चलेगा। समापन पर बाकायदा प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था होगी। हालांकि सुरक्षा कारणों और भीड़ प्रबंधन के मद्देनजर दीपोत्सव में जनभागिता निमंत्रण पत्र से होगी।

## दोस्त की बहन को छेड़ने से नाराज होकर मार डाला



नई दिल्ली। राजधानी के सुभाष प्लेस इलाके में शुक्रवार को हुई नाबालिग की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में पुलिस ने शकूरपुर से आरोपी महेंद्र सहित तीन नाबालिग को पकड़ा है। आरोपियों ने खुलासा किया कि दोस्त की बहन को छेड़ने से नाराज होकर उन्होंने नाबालिग पर वार किया था। शुक्रवार को आरोपी महेंद्र अपने तीन नाबालिग साथियों के साथ मौके पर था। वहां पर नीतीश और जितेंद्र भी मौजूद थे। आरोपियों ने जितेंद्र से कहा कि यह लड़की उनके दोस्त की बहन है और उसे छेड़ना बंद कर दे। जितेंद्र इसपर पीछे हट गया और आरोपियों ने नीतीश के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान नीतीश के सिर पर चोट लग गई। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद मृतक की मां के बयान पर सुभाष प्लेस थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच शुरू की। छानबीन के दौरान आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ लिया गया।

## लूटपाट करने वाले दो नाबालिग समेत तीन पकड़े



नई दिल्ली। अंबेडकर नगर पुलिस ने दक्षिणपुरी इलाके में एक दुकानदार को चाकू दिखाकर लूटपाट करने वाले दो नाबालिगों समेत तीन को पकड़ा है। इनके पास से करीब 19 हजार नकद व आधार कार्ड बरामद हुआ है। बालिग आरोपी की पहचान दक्षिणपुरी निवासी राहुल उर्फ दिक्कत के रूप में हुई है। पकड़े गये तीनों आरोपी नशे के आदी है। दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि गत बुधवार अंबेडकर नगर थाने में दक्षिणपुरी निवासी एक दुकानदार से लूटपाट की सूचना मिली थी। दुकानदार ने बताया कि वह अपनी मां के साथ अपनी किराने की दुकान पर बैठे थे। इसी बीच रात करीब 11.17 बजे वहां कुछ लड़के आए और चाकू के बल पर धरा-धमका कर उनकी दुकान से 20 हजार नकद और आधार कार्ड वगेरह लूटकर फरार हो गए। शिकायत पर लूटपाट का मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। इसके बाद आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज व स्थानीय सूत्रों की मदद से तीनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें दक्षिणपुरी इलाके से दबोच लिया गया।

## बाबा हरिदास नगर का रहने वाला चुरा रहा द्वारका में स्कूटी




संवाददाता

द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने एक ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की दो स्कूटी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि के रूप में हुई है, जो ड्रग एडिक्ट है। ड्रग की पूर्ति करने के लिए यह स्कूटी चोरी की वारदात को अंजाम देता था। बरामद किया गया स्कूटी द्वारका नॉर्थ और उत्तम नगर थाना इलाके से चुराया गया था। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में हेड कांस्टेबल जगत सिंह, मनोज राम रई की टीम ने जिन जगहों से स्कूटी चोरी की वारदात हुई थी वहां के आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से और स्मार्ट मॉनिटरिंग टूल की मदद से इस शातिर स्कूटी चोर के बारे में पता लगाया। फिर इसे पुलिस ने ककरोला इलाके से दबोचा। गिरफ्तार आरोपी रवि, बाबा हरिदास एनक्लेव झरोदा का रहने वाला है आगे की करवाई पुलिस टीम कर रही है।

## दिल्ली में 10 हजार सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की तैनाती को मंजूरी, अबकी प्रदूषण निरोधी मुहिम में लगेगी ड्यूटी



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में उन करीब 10 हजार सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को फिर से रोजगार मिलेगा, जिन्हें पिछले साल बस मार्शल के पद से हटा दिया गया था। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ लड़ने के लिए इन सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स और बस मार्शलों की तैनाती को मंजूरी दे दी है। एक सप्ताह के भीतर ये 10 हजार बस मार्शल यानि सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स ऑन-ड्यूटी होंगे। शनिवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रेस वार्ता के जरिए ये जानकारी साझा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने इन मार्शलों की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान कर दी है। ये राजधानी में प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में अगले चार महीने अहम भूमिका निभायेंगे। आतिशी ने कहा कि प्रदूषण हॉटस्पॉट्स की निगरानी से लेकर ओपन बर्निंग को रोकने और शिकायतों के फॉलो-अप में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी।

उन्होंने कहा कि सोमवार से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी, साथ ही दिल्ली सरकार जल्द इनकी स्थायी नियुक्ति का प्रस्ताव उपराज्यपाल को भेजेगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में हम ऐसे दिल्लीवासियों की हर समस्या का समाधान जरूर निकालेंगे। आतिशी ने आगे कहा कि दिल्ली में बसों में महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए 2017-18 में दिल्ली सरकार ने दिल्ली की बसों में बस मार्शल तैनात किए। ये बस मार्शल इसलिए तैनात किए गए ताकि महिलाओं के साथ कोई छेड़छाड़ न हो, बदतमीजी न हो, डीटीसी बसों में बच्चे और बुजुर्ग सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि बसों में इन मार्शलों की नियुक्ति से महिलाओं-बुजुर्गों-बच्चों को जो सुरक्षा मिली, इसका कई प्रमाण दिल्लीवालों ने देखा। मार्शलों ने बस में महिलाओं के साथ होने वाली बदतमीजी को रोका, किसी बच्चे के अपहरण होने के प्रयास को रोका, बुजुर्गों की मदद की। इसके बावजूद भाजपा को महिलाओं-बुजुर्गों-बच्चों की सुरक्षा नहीं जंची, गरीब घरों के 10 हजार युवाओं को मार्शलों के तौर पर काम मिला, जो अच्छा नहीं लगा। नतीजतन, भाजपा ने षड्यंत्र रचकर अपने अफसरों के माध्यम से अप्रैल 2023 से इन बस मार्शलों की तनख्वाह रोक दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तब दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बार-बार अफसरों को आदेश दिए कि बस मार्शलों को तनख्वाह मिलनी चाहिए। इसके बावजूद भाजपा ने इनकी तनख्वाह नहीं मिलने दी और अक्टूबर 2023 में भाजपा ने अपने अफसरों के माध्यम से इन बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वालंटियर्स को नौकरी से निकलवा दिया। अंत में आतिशी ने कहा कि इधर चार महीने प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स अपनी भागीदारी देंगे। सोमवार से इन्हें कॉल-आउट नोटिस जारी किया जाएगा। उसके बाद ये अलग अलग जिलाधिकारियों के कार्यालयों में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के 2-3 दिन के भीतर इनकी प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में तैनाती कर दी जाएगी।

## सांसों पर संकट! दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए पहली बार ड्रोन से छिड़काव



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

वायु प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए राजधानी में शुक्रवार को पहली बार ड्रोन से पानी का छिड़काव किया गया। पायलट प्रोजेक्ट के तहत आनंद विहार में छिड़काव कर इसकी शुरूआत की गई। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि राजधानी में 13 हॉटस्पाट हैं, जहां प्रदूषण का स्तर अधिक है।

ऐसे इलाकों में ड्रोन से पानी का छिड़काव कराकर उसका प्रभाव देखा जाएगा। यह स्टडी फेज है। अगर इसमें सफलता मिली तो अन्य हाटस्पाट पर भी इससे छिड़काव करवाया जाएगा। गोपाल राय ने बताया कि वायु प्रदूषण स्रोतों की पहचान और उसका निदान करने में ड्रोन तकनीक महत्वपूर्ण है।

**पायलट प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन से पानी का हो रहा छिड़काव**

उन्नत सेंसर से लैस ड्रोन भीड़भाड़ वाले उन क्षेत्रों तक पहुंचने में सक्षम है, जहां एंटी स्माग गन जैसे पारंपरिक तरीकों से छिड़काव करना मुश्किल है। सरकार का उद्देश्य है कि नई तकनीक का उपयोग कर प्रदूषण की समस्या से निपटा जाए। इसलिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन से पानी का छिड़काव कराकर देखा जा रहा है।

ड्रोन एक बार में 15 लीटर पानी लेकर उड़ सकता है। छिड़काव के बाद इसका कितना प्रभाव होता है, इसकी रिपोर्ट का पर्यावरण विभाग और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अधिकारी विश्लेषण करेंगे। इसके बाद इस प्रोजेक्ट की आगे की दिशा निर्धारित की जाएगी।

**25 सितंबर को विंटर एक्शन प्लान की हुई थी घोषणा**

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि सर्दी के मौसम में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 25 सितंबर को 21 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी। उसमें हॉटस्पॉट पर ड्रोन तकनीक का उपयोग करके प्रदूषण को कम करने की पहल करने का सुझाव दिया गया था।

हर हॉटस्पॉट के लिए अलग एक्शन प्लान बनाकर काम किया जा रहा है। सरकार ने इसके लिए 13 कोआर्डिनेशन टीमें बनाई हैं। धूल से होने वाला प्रदूषण कम करने के लिए हॉटस्पॉट इलाकों में 80 मोबाइल एंटी स्माग गन लगाए गए हैं।

13 विभागों के अधिकारी अलग-अलग स्थानों पर निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं और मानदंडों के उल्लंघन पर कार्रवाई कर रहे हैं। 68 स्टैटिक एंटी स्माग गन को सड़कों और खुले क्षेत्रों में लगाया गया है।

## कंपनी का डिलीवरी बॉय लेकर हुआ गोल्ड आइटम फरार

### 78 दिन बाद द्वारका साउथ पुलिस ने किया गिरफ्तार



संवाददाता

द्वारका साउथ थाना की पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 10 लाख कीमत के गोल्ड के आइटम और अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी एक कंपनी में ऑनलाइन डिलीवरी बॉय का काम करता था। इसके पास से गोल्ड आइटम के अलावा कैश, मोटरसाइकिल, वाशिंग मशीन और एक कार भी पुलिस ने बरामद किया है।

डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के अनुसार 20 अगस्त को द्वारका साउथ थाना में चोरी के मामले की एक शिकायत पुलिस को दी गई थी। बताया गया कि पीड़ित की कंपनी में काम करने वाले एक स्टाफ ने गड़बड़ी की है। उस मामले में मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की गई। एसएचओ संजीव मंडल की देखरेख में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की। जो मोबाइल नंबर मिला वह स्विच ऑफ था।

पुलिस टीम जब उसके घर पहुंची तो घर पर भी नहीं मिला। पता चला वह घर छोड़ चुका है। उसके बाद पुलिस टीम लगातार काफी समय तक उसके बारे में पता लगाने में जुटी रही। आखिरकार 78 दिन बाद हेड कांस्टेबल प्रवीण यादव को एक इनफार्मेशन मिली कि आरोपी पालम गांव थाना इलाके में छिपा हुआ है। उस सूचना पर पुलिस टीम ने वहां पर ट्रैप लगाकर छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पकड़े जाने के बाद उसकी निशान देही पर गोल्ड आइटम के अलावा गाड़ी, मोटरसाइकिल, वाशिंग मशीन, कैश बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान कंवर पाल सिंह के रूप में हुई है।

## दिल्ली में भारत-ऑस्ट्रेलिया भागीदारी संगोष्ठी आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



5 नवंबर 2024 को होटल ताज महल, नई दिल्ली में भारत-ऑस्ट्रेलिया भागीदारी शीर्षक से एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें सड़क परिसंपत्ति प्रबंधन में दुनिया की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के माध्यम से बुनियादी ढांचे के प्रबंधन के नए तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिन्हें भारत की सड़कों और राजमार्गों पर लागू किया जा सकता है ताकि सर्वोत्तम परिसंपत्ति प्रबंधन परिणाम प्राप्त किए जा सकें।

इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय परिवहन अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ), पूर्व में ऑस्ट्रेलियाई सड़क अनुसंधान बोर्ड (एआरआरबी) द्वारा भारतीय सड़क सर्वेक्षण और प्रबंधन प्राइवेट लिमिटेड (आईआरएसएम) के रसद समर्थन के साथ किया गया था। एनटीआरओ एक ऑस्ट्रेलियाई सरकार के स्वामित्व वाला अनुसंधान संगठन है, जिसके पास परिवहन प्रौद्योगिकी, परिसंपत्ति प्रबंधन (सामग्री विज्ञान और रखरखाव सहित) और सड़क सुरक्षा में 64 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता है। आईआरएसएम, एनटीआरओ का भारतीय संयुक्त उद्यम भागीदार है, जिसकी स्थापना 2009 में हुई थी और यह देश में उन्नत सड़क अवसंरचना माप और मूल्यांकन शुरू करने वाली भारत की पहली कंपनी है। इस कार्यक्रम में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई, सीआरआरआई, राज्य पीडब्ल्यूडी, ऑस्ट्रेलियाई व्यापार और निवेश आयोग (ऑस्ट्रेड), ऑस्ट्रेलियाई विदेश मामलों और व्यापार विभाग (डीएफएटी) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ निजी सलाहकारों और क्यूब हाईवेज और ऑस्ट्रेड जैसे निवेशकों ने भाग लिया। सेमिनार का नेतृत्व कर रहे एनटीआरओ के सीईओ श्री माइकल कैल्टाबियानो ने एनटीआरओ द्वारा विकसित और ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएसए और यूरोपीय संघ के देशों में व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली सड़क परिसंपत्ति प्रबंधन पर अत्याधुनिक तकनीकों से श्रोताओं को परिचित कराया। सेमिनार का फोकस इंटेलिजेंट पेवमेंट असेसमेंट व्हीकल (आईपेव) पर था जिसे जल्द ही भारत में पेश किया जाना है। देश की 3 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति के समय पर रखरखाव पर जोर दिया गया ताकि समुदाय को बेहतर मूल्य दिया जा सके। इस वाहन में सतह और संरचनात्मक स्थिति दोनों के डेटा को एक ही बार में इकट्ठा करने की क्षमता है, जो तेज गति से यात्रा करता है। यह तकनीक सड़क बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में निजी निवेशकों को बहुमूल्य जानकारी प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है जो सूचित निवेश निर्णय लेने में सहायता करता है। एनटीआरओ के प्रमुख प्रौद्योगिकी प्रमुख श्री रिचर्ड विक्स ने दर्शकों को आई-पीएवीई की बारीकियों के बारे में बताया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बस मार्शलों की बहाली पर खुशी जाहिर की



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री आतिशी की ओर से बस मार्शलों को दोबारा नौकरी पर रखे जाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि बस मार्शलों के लिए आज का दिन बहुत ही खास है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अक्टूबर 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा बर्खास्त किये गये बस मार्शलों के जीवन मे आज रोशनी की किरण आई है। दिल्ली भाजपा के दबाव में मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना को सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को 11 नवम्बर से वापस ड्यूटी पर लगाने का आदेश करना पड़ा है। सचदेवा ने बताया कि उपराज्यपाल के वॉलंटियर्स को एक नवम्बर से ड्यूटी पर लगाने के आदेश के बावजूद मुख्यमंत्री ने सिविल डिफेंस वालों को आज तक बेरोजगार रखा। सच तो यह है कि अरविंद केजरीवाल और आतिशी इनको काम देना ही नहीं चाहते। उन्होंने मांग की कि बेशक दिल्ली सरकार सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को 11 नवम्बर से ड्यूटी देगी लेकिन इन्हें उपराज्यपाल के आदेश के अनुरूप एक नवम्बर से वेतन दे। उल्लेखनीय है कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली की मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि पिछले साल नौकरी से हटाए गए बस मार्शलों को एक नवंबर से बहाल किया जाए।

## दिनदहाड़े नाबालिग की धारदार हथियार से वार कर हत्या



नई दिल्ली। भलस्वा डेयरी इलाके में शुक्रवार दोपहर सरेआम एक 17 साल के नाबालिग लड़के की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि आपसी रंजिश में हत्या की गई है। बहरहाल, पुलिस ने इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी हमलावरों की पहचान कर ली गई है। उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। मारे गए नाबालिग की पहचान अफरीद के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को एक कॉलर ने पीसीआर को बताया कि किसी ने यहां एक लड़के को चाकू मार दिया है। सूचना मिलते ही मौके पर थाने के पुलिसकर्मी पहुंचे तो देखा कि नाबालिग खून से लथपथ पड़ा है। उसके शरीर पर जगह-जगह धारदार हथियार से वार किए गए हैं। उसे पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और स्थानीय लोगों से घटना को लेकर पूछताछ कर आरोपी हमलावरों की पहचान कर ली है। सभी आरोपी नाबालिग बताए जा रहे हैं। पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा के मशहूर चित्रकार रवि सिन्हा नहीं रहें

फतुहा। शनिवार को गोविंदपुर निवासी फतुहा के मशहूर चित्रकार रवि सिन्हा (52 वर्ष ) हमारे बीच नहीं रहें। इनकी मृत्यु कैंसर से हो गई। जानकारी अनुसार रवि सिन्हा को एक पुत्री और दो पुत्र है। रवि सिन्हा अपने चित्रकारी के लिए मशहूर थे। इनके निधन पर परिवार और प्रशंसकों में गहरा शोक व्याप्त है। वहीं सुधीर पासवान, पूर्व पार्षद विकाश कुमार, पार्षद जितेन्द्र कुमार उर्फ भोटु जी, संजय कुमार, बबलू कुमार, रवि पासवान, रवि रंजन, सुनिल कुमार यादव, पिन्टु कुमार, पत्रकार मनोज सिन्हा, कार्टूनिस्ट अमरेन्द्र सहित अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### चलती ट्रेन से गिरकर कटने के कारण मौत

दानापुर खगौल। रेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत 85 वर्षीय व्यक्ति की नेउरा रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर पॉल संख्या-558/30 के पास डाउन लाइन में मृतक की धोती कुर्ता गमछा पहने हुए मृतक किसी चलती ट्रेन से गिरकर दो भाग में काटने के कारण मृत्यु हुई है जीआरपी प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर सुरक्षित रख दिया गया वही दानापुर रेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत 90 वर्षीय व्यक्ति प्लेटफॉर्म नंबर1 के पश्चिमी छोर पर पोल संख्या1048/1050 के बीच दक्षिण ग्रे कलर का स्वेटर कुर्ता पीला कलर का ,लाल गंजी पहने हुए कुपोषित दुर्बलता अधिक उम्र होना स्वाभाविक मौत हुई है यह प्रतीत होता है जीआरपी प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर सुरक्षित रख दिया गया है

### दो बंद घर का ताला काटकर लाखों के जेवर व नगद रुपए ले उड़े चोर

दानापुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत चित्रगुप्त नगर रोड नंबर 12 में घर में ताला लगाकर छठ पर्व मनाने अपने गांव छपरा गये एक व्यक्ती के घर चोरों ने ताला काटकर आलमीरा में रखे करीब साढ़े छह लाख के सोने चांदी के जेवरात व 40 हजार रुपए नगद की चोरी कर डाली। इसके अलावा मकान में रहने वाले किरायेदार का भी बंद घर का ताला काटकर 50 हजार नगद व एक लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। मामला दानापुर थाना अंतर्गत चित्रकूट नगर के रोड नंबर 12 की है। इस संबंध में पीड़ित मकान मालिक सच्चिदानन्द सिंह ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित मकान मालिक ने बताया है कि वह अपने परिवार के साथ छठ पर्व करने अपने पैतृक गांव छपरा के जमलकी गए हुए थे। शनिवार की सुबह पड़ोसी ने सूचना दिया कि उनके मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। वह आनन फानन में पहुंचे तो देखा कि मकान के अंदर कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा है। पास रखा आलमिरा का लॉक टूटा हुआ है और उसमें रखा करीब 6.50 लाख के जेवर व 40 हजार रुपए नगद नदारत है। वहीं उसी मकान में किराये पर रहने वाले विजय सिंह 6 नवंबर को घर में ताला लगा छठ करने छपरा अपने गांव चले गए थे। उनके घर से 50 हजार नगद व एक लाख के जेवर चोरी हो गये। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज के मुताबिक चोरी हुए मामले की छानबीन की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रही है।

### खानकाहे वारगाहे इश्क में हुआ सालाना उर्स

पटना सिटी (प्राकि)। सूफी संत हजरत ख्वाजा रकुनुद्दीन इश्क का 243वां उर्स मितन घाट स्थित खानकाहे वारगाहे इश्क तकियाशरीफ में शुरु हुआ। इसकी शुरूआत मिलाद शरीफ व महफिल ए समा से हुई। खानकाह के गद्दीनशीं सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद ने बताया कि तीन दिनों के उर्स में शामिल होने के लिए कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, मालदा, उत्तरी दिनाजपुर सहित अन्य शहरों से हजारों की संख्या में जायरीन पहुंचे हैं। रविवार को महफिल ए समा व चादरपोशी होगी, जबकि सोमवार को जियारत व महफिल ए समा के साथ उर्स का समापन होगा।

### गोली लगने से घायल

पटना सिटी (प्राकि)। आलमगंज थाना क्षेत्र के शेरशाह रोड स्थित मीरशिकार टोली में गोलीबारी की घटना में एक युवक घायल हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि गोली चलने की घटना हुई है और एक युवक को पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया है। स्थानीय लोगों के बीच गोली लगने को लेकर मतभिन्नता है। कुछ का कहना है कि जुआ खेलने के विवाद में चली गोली मोहम्मद अंगूर को लगी है, जबकि कुछ का कहना है कि बगल के दुकानदार से बाताबाती के बाद चली गोली में वह घायल हुआ है। स्थानीय का यह भी कहना था कि मोहम्मद अंगूर लड़की के चक्कर में जेल जा चुका है और वह हाल ही छूट कर लौटा है। थानाध्यक्ष का कहना था कि वह मूर्ति विसर्जन में हैं और आवाज स्पष्ट नहीं आ रही है। जिसे गोली लगी है, उसका नाम भी उन्हें याद नहीं है। घटना शुक्रवार की रात की है।

# सैदपुर नहरनुमा नाला के किनारे लघु शंका कर रहा अधेड़ गिरा, मौत

## जेसीबी से नहीं मिला, दस हजार ले गोताखोर ने तीन घंटे में निकाला




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सैदपुर-पहाड़ी नाला में मठलक्ष्मणपुर कोईरी टोला, देवी स्थान के पास नहर में फिर एक अधेड़ के गिरने से मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद नहर नुमा नाला से शव को निकाला जा सका। मृतक की पहचान पटेल कॉलोनी के रहने वाले दिनेश कुमार महतो (53 वर्ष) के रूप में हुई। बताया जाता है कि वह लघु शंका करने के लिए नहरनुमा नाला के किनारे सुबह करीब 8.30 में बैठे थे। अचानक से पैर फिसलने के कारण नहर में गिर कर उनकी मौत हो गई। घटना के बाद लोगों के बीच को हराम मच गया नहर के दोनों किनारे देखने वालों की भीड़ लग गई इस दौरान नगर निगम का जेसीबी मंगवाया गया उसे नहर नुमा नल की उदय की गई ताकि शव को निकाला जा सका सके। मगर इसमें सफलता नहीं मिली। मृतक परिवार के लोग प्राइवेट गोताखोर को बुलाए। वह दस हजार की मांग शव को निकालने को मांगा। परिजन के राजी होने के बाद करीब तीन घंटे के प्रयास के बाद शव को खोज कर निकाला जा सका। पूर्वाह्न करीब 11.45 में मृतक के शव को नहर से निकाला जा सका। नहर में गिर कर जान गंवाने वाले दिनेश कुमार महतो पाइप फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। उनकी पत्नी का नाम सोना देवी है। उनके दो पुत्र में एक का नाम अजीत कुमार (लगभग 28 वर्ष), कोरियर कंपनी में काम करता है. दूसरा का नाम अभिषेक कुमार उर्फ छोटू कुमार 23-24 साल का है। इस संबंध में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह पूर्व वार्ड पार्षद प्रदीप मेहता, पूर्व प्रदेश महासचिव सलमान अख्तर, डॉ इकबाल अहमद और छोटू राम ने घटना के बाद मौके पर पहुंच कर नहर में गिर कर कर मृत्यु होने वाले परिजनों के साथ शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सैदपुर-पहाड़ी नाला को ढंक कर सड़क बनाने को लेकर 23 सितंबर, 23 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तत्कालीन डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव ने सैदपुर के पास 259 करोड़ की लागत से नाला को पाट कर सड़क बनाने की योजना का शिलान्यास किए थे। इसे दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। बुडको को कार्य करने के लिए नामित किया गया था, लेकिन बुडको की कार्य संवेदनहीनता एवं लापरवाही के कारण नाला को ढंक कर सड़क निर्माण करने का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। शिलान्यास के बाद लगभग 14 माह में दर्जनों व्यक्ति नहर में गिर कर अबतक मौत हो चुकी है। स्थानीय नागरिकों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन भी किया। राजद नेता प्रदीप मेहता ने सरकार से मांग की है कि मृतक के आश्रितों को 10 लाख का आर्थिक मुआवजा दिया जाए। चूंकि बुडको की लापरवाही के कारण नहर में गिरकर लोगों की मौत हो रही है। मुख्यमंत्री या सरकार अब तक सैदपुर नाला पर सड़क निर्माण करने की योजना पर एक बार भी समीक्षा बैठक नहीं की है। सरकार सैदपुर पहाड़ी नाला पर सड़क बनाने की योजना की समीक्षा कर जल्द से जल्द सड़क बनाने के कार्य को पूरा कराने के मांग की गई है।

# भगवान सहस्त्रबाहु महराज का जन्मोत्सव मनाया



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां के कसेरा पंचायत भवन में स्थापित सहस्त्रबाहु महराज की आदमकद प्रतिमा को विशेष रूप से सजाया गया। आचार्य विकास गिरी बाबा ने विधिपूर्वक पूजा संपन्न कराया। सहस्त्रबाहु महाराज जी कसेरा समाज के अलावा जायसवाल (कलवार) एवं शौंडिक समाज के लोग भी अपना आराध्य देव मानते हैं। कसेरा समाज के महामंत्री सुजीत कुमार कसेरा ने बताया कि सहस्त्रबाहु जी हिन्दू पुराणों में रावण को पराजित करने वाले हजार सहस्त्र राजा के रूप में लोकप्रिय हैं। सहस्त्रबाहु अर्जुन जी का जन्मोत्सव प्रति वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष सप्तमी के दिन मनाया जाता है। ऋषि दत्तात्रेय भगवान के परम भक्त थे। उन्होंने ही हजारों भुजाओं का वरदान दिया था। सहस्त्रबाहु जी विष्णु जी के सुदर्शन चक्र के अवतार हैं। इनका विशाल मंदिर मध्य प्रदेश राज्य के महेश्वर में है। समारोह में अध्यक्ष कन्हैया चौधरी, महामंत्री सुजीत कुमार कसेरा, प्रेमनाथ कसेरा, प्रमोद कुमार, धर्मनाथ कसेरा, देवस्य कसेरा, शैलेन्द्र मंजुल, संजीव आर्यन, हर्ष कसेरा, अमरनाथ कसेरा, रवि कसेरा, मनोज कसेरा, दुर्गा चौधरी, कुणाल मंजुल, सूरज कसेरा, राकेश कसेरा,बिंदु कसेरा,दीपू कसेरा आदि उपस्थित थे।

# दो मकान से लाखों की संपत्ति पर चोरों ने किया हाथ साफ




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र में स्थित दो मकान से चोरों ने लाखों रुपए की संपत्ति की चोरी कर ली है। औरंगाबाद में प्रशासनिक अधिकारी एडीएम ललित भूषण के यहां से चोर संपत्ति के साथ राइफल भी लेकर फरार हो गया। पुलिस दोनों मामले को दर्ज करने के साथ ही मामले की छानबीन करने की बात कह रही है। छठ पूजा में लोग घरों में ताला लगा कर छठ मनाने के लिए गांव-घर को गए थे। इधर चोरों के गिरोह को इसका बेहतर मौका मिल गया। चोरों का संगठित गिरोह ने लोगों से रिकी कराया। इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी स्थित रिटायर्ड एडीएम अरूप घोष के घर में भी चोरी की घटना हुई है। परिवार के लोग दिल्ली गए हुए थे। इस बीच चोरों ने मौका मिलते खिड़की और ताला तोड़ कर अंदर प्रवेश कर लिया। इस दौरान कमरों का ताला तोड़ कर आलमीरा, बक्सा सहित दीवान आदि को तोड़ कर जेवरात और कीमती सामान लेकर फरार हो गया। शुक्रवार को मामला प्रकाश में आया , जब गेट का दरवाजा खुला पाया गया। इसके बाद पड़ोसी ने घटना की सूचनापरिजनों, अगमकुआं थाना की पुलिस और डायल 112 को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की। पुलिस का कहना है कि चोरी गए सामान का आकलन लिखित प्रतिवेदन के बाद ही होगा। पुलिस चोरों के पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगालने में लगी है। चोरी की दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र में औरंगाबाद में प्रशासनिक अधिकारी एडीएम ललित भूषण के घर पर हुई। यहां भी चोरों ने गहना, नगदी के साथ ही घर से राइफल भी चोरी कर अपने साथ लेकर चला गया। अगमकुआं थाना के थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों ही घटना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस ने उस रूट में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है।

# भगवती काली व लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन जुलूस से जाम



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शनिवार को दोपहर से लेकर रात तक भगवती काली और महालक्ष्मी की प्रतिमा दिवाली में स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई थी। इन सभी प्रतिमाओं का विसर्जन शोभायात्रा शनिवार को भी निकाला गया। इस कारण से अशोक राजपथ, सुदर्शन पथ, गुरु गोविंद सिंह पथ से लेकर अन्य संपर्क पथों पर लंबा जाम देखा गया। हालांकि इस दौरान छोटी से लेकर बड़ी प्रतिमा के शोभायात्रा के साथ पुलिस बल को भी देखा गया। तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं बल के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों का मोबाइल से वीडियो भी बनाया जा रहा था। साथ ही निगरानी भी रखी जा रही थी। हालांकि कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, मगर अपराह्न चार बजे से लेकर रात के 10 बजे तक लोगों को खासा जाम में फंसना पड़ा।

# गोपाष्टमी पर गौ की हुई पूजा-अर्चना श्रीकृष्ण गोशाला में सादगी से मना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




गोपाष्टमी को लेकर श्रद्धालुओं ने गाय की पूजा-अर्चना की। इसे लेकर किला रोड स्थित श्री कृष्ण गोशाला में भी गोपाष्टमी पर गो पूजा किया गया। साथ ही धार्मिक आयोजन भी किया गया। इस दौरान वास्तु पूजन, गौ पूजन व गौ दर्शन के साथ गायत्री महायज्ञ किया गया। महिलाओं ने गौशाला में स्थित गाय की पूजा-अर्चना की। आयोजन में ईश्वर अग्रवाल, ललित अग्रवाल, गोविंद कानोडिया, सुनील बंका, रमेश सुल्तानिया आदि थे। इस बार आयोजन खासा संक्षेप में रहा। जहां पांच कुंडीय महायज्ञ गायत्री परिवार के द्वारा किया जाता था, वहां एक कुंडीय हुआ। इधर श्री कृष्ण गोशाला से जुड़े गोविंद कनोडिया ने कहा कि इस बार गोपाष्टमी समारोह सिर्फ खानापूर्ति के रूप में मनाया गया।

पूर्व में यहां दो दिवसीय आयोजन हुआ करता था। मथुरा व वृंदावन से रासलीला मंडली आया करती थी। गौ प्रदर्शनी लगता था। लोग दूर दराज से अपनी गायों को सजा कर लाते थे और उनमें से प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया जाता था। किला रोड में दो दिन मेला जैसा लगा रहता था। मुहल्ला निवासी भी इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेते थे। आज उन सबों को छांट कर समारोह को सीमित कर दिया गया है। महा प्रसाद का वितरण भी बंद कर दिया गया है। पहले पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ हुआ करता था, आज सिर्फ एक कुंडीय हो गया। इसका कारण है कि लोग आते ही नहीं हैं। आज के दिन गोशाला में किसी चीज की कमी नहीं है, फिर भी यहां के पदाधिकारियों ने समाज को गोशाला से एकदम अलग-थलग कर अपनी मनमानी कर इसकी सम्पत्ति की भी ब'र्बादी कर रहे हैं। पूर्व में यहां राज्यपाल से लेकर अनेक मंत्री और प्रशासनिक अधिकारीगण इसमें भाग लेने आया करते थे। पश्चिम दरवाजा में पकंज गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में देसी गो वंश की रक्षा, विकास व पालन करने का संकल्प लिया गया। श्री पटनदेवी जी गो मानस सेवा संस्थान की ओर से सिद्धपीठ श्री छोटी पटनदेवी गौरक्षणी गोशाला में गौ पूजा अनंत अभिषेक द्विवेदी व बाबा विवेक द्विवेदी ने वैदिक विधि से किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति की प्रतीक है। वहीं श्रद्धालु भक्तों ने भी विभिन्न खटालों से लेकर घर में रहे गाय की पूजा-अर्चना कर उन्हें मिष्ठान आदि नैवेद्य खिलाया।

# पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग केंद्र सरकार के पेंशन भोगियों के लिए इस माह करेगा राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 3.0 का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय,भारत सरकार, केंद्र सरकार के पेंशन भोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए फेस ऑथेन्टिकेशन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए नवंबर, 2024 में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र( डीएलसी) अभियान 3.0 आयोजित कर रहा है। फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक एक ऐसी तकनीक है जिसके द्वारा पेंशनभोगीकिसी भी एंड्रॉइड स्मार्टफोन से अपना डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकते हैं। इस वर्ष सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पटना में कई शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। ये शिविर मुरादपुर, बोरिंग रोड, रुकना पुर , राजेंद्र नगर, पटना, बीरचंद पटेल मार्ग, फतुहा, खगौल,मनेर, एवं नौबतपुर स्थित शाखाओ में लगाया जा रहा है। पटना जिला के अतिरिक्त भोजपुर जिला के आरा एंवम बिहिया शाखा एवं नालंदा जिला के बिहार शरीफ एंवम सोहसराय शाखा में आयोजित किए जा रहे हैं। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के परामर्शदाता, श्री लालता प्रसाद पाल 11 नवंबर, 2024 को इन शिविरों में जाकर, जीवन प्रमाणपत्र जमा करने हेतु विभिन्न डिजिटल तरीकों जैसे फेस ऑथेन्टिकेशन तकनीक के बारे में पेंशनभोगियों का मार्गदर्शन करेंगें। यूआईडीएआई इन शिविरों में पेंशनभोगियों के आधार रिकार्डो को अद्यतित करने में मदद करेगा तथा डीएलसी जनरेशन में होने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान करेगा। पहले अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए पेंशन भोगियों को पेंशन संवितरण प्राधिकरणों के पास स्वयं जाना होता था, जिससे पेंशनभोगियों विशेषकर वयोवृद्धों को काफी असुविधा होती थी क्योंकि लंबी कतारों में काफी देर तक इंतजार करना पड़ता था।पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने वर्ष 2014 में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र(जीवन प्रमाण) और नवंबर, 2021 में फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का शुभारंभ किया। इस प्रगति से अन्य बाह्यबायोमेट्रिक उपकरणों की आवश्यकता समाप्त हो गई और जीवन प्रमाणपत्र जमा करने की प्रक्रिया सरल हो गई। विभाग ने वर्ष 2022 में देशभर के 37 शहरों मेंएक राष्ट्रव्यापीअभियान आयोजित किया, जिसमें1.41 करोड़ सेभी अधिक डीएलसी जनरेट किए गए।नवंबर, 2023 में आयोजित डीएलसी अभियान 2.0 में 100 शहरों को कवर करते हुए, लगभग 1.47 करोड़ डीएलसी जनरेट किए गए। इस वर्ष डीएलसी अभियान 3.0 (1 से 30 नवंबर, 2024 तक आयोजित) में देशभर के 800 शहरों/जिलों में शिविर लगाए जाएंगे। इस अभियान में सभी बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, पेंशनभोगी कल्याण संघ, यूआईडीएआई, मेटी, रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय और दूरसंचार विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।देश के विभिन्न शहरों में कई स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे ताकि पेंशनभोगियों को अपना जीवन प्रमाण डिजिटल रूप से जमा करने में मदद की जा सके, साथ ही वयोवृद्ध तथा निःशक्त पेंशन भोगियों के घर जाकर उनके डीएलसी जमा करने में मदद करने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगें। इस अभियान का प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया पर भी किया जाएगा, जिसकी निगरानी विभाग द्वारा डीएलसी पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले या वयोवृद्ध पेंशन भोगियों तक पहुंचना है ताकि उन्हें भी इस तकनीक की जानकारी हो सके और इसका लाभ मिल सके।

# प्रभातफेरी से शुरू हुआ गुरु नानकदेव जी का प्रकाशोत्सव



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानकदेव जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। इसकी शुरूआत शनिवार को प्रभातफेरी के साथ हुई। तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह व अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने अरदास कर इसकी शुरूआत की। पंज प्यारे की अगुआयी में धार्मिक जयकारा और कीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। यह सुबह में तख्तश्री हरिमंदिर साहिब से निकल कर चौक थाना मार्ग से होता गुरुद्वारा कंगन घाट पहुंचा। यहां पंज प्यारों व संगतों के द्वारा मत्था टेकने के बाद कीर्तन किया गया। इसके बाद झाऊगंज गली के राम शहीद भगत सिंह चौक से होते हुए गुरु गोविंद सिंह पथ के रास्ते काली स्थान दीरापर होते हुए गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत गुरुद्वारा पहुंचा। यहां बाबा गुरबिंदर सिंह के नेतृत्व में निशान साहिब और पंज प्यारों का स्वागत माला पहना कर किया गया। उसके बाद दरबार साहिब में सबों ने मत्था टेका और कीर्तन का आनंद लिया। इस दौरान गुरुद्वारा बाललीला की ओर से बाबा गुरविंदर सिंह के अलावा बाबा चमकौर सिंह, बाबा मिंटा सिंह, बाबा गुरबंत सिंह, बाबा गुरनाम सिंह, कथावाचक सतनाम सिंह, दलजीत सिंह, कमलजीत सिंह, राजन सिंह आदि ने प्रभातफेरी में आए सभी लोगों का स्वागत किया। सबों ने यहां नाश्ता का लंगर छका। इसके बाद प्रभातफेरी हरिमंदिर गली के रास्ते वापस तख्तश्री पटना साहिब लौटा। प्रभातफेरी में सरदार तेजेंद्र सिंह बग्गा, सरदार प्रेम सिंह, बलराम सिंह, इंद्रजीत सिंह बग्गा आदि शामिल थे। रविवार को प्रभातफेरी तख्त साहिब से निकल कर गायघाट स्थित गुरुद्वारा बड़ी संगत जाएगी। वहां से गुरुद्वारा हांडी साहिब दानापुर जाएगी।

# तेजस्वी यादव के जन्मदिन पर राजद नेता ई बल्ली यादव के नेतृत्व में बिक्रम समारोह आयोजित



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी` प्रखंड क्षेत्र के सेलगढ़ में शनिवार के शाम राजद नेता ई बल्ली यादव के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का 35वाँ जन्मदिन धुमधाम से मनाया गया` मौके पर सैंकड़ों पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने केक काटकर जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया । नेताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ हैप्पी बर्थडे कहकर स्वागत किया एवं उनके दीघार्यु होने की कामना की। वहीं स्थानीय सैंकड़ों लोगों को भोजन कराया गया` मौके पर राजद नेता ई बल्ली यादव ने कहा कि तेजस्वी जी पार्टी और कार्यकताओं के ही नहीं बल्कि बिहार के आशा के केन्द्र हैं। बिहार की जनता इनको रोजगार और विकास के प्रतीक के रूप में देखता है और सभी की यह कामना है कि आने वाले वर्ष में ये बिहार के युवाओं, किसानों, छात्रों, नौजवानों, महिलाओं, मजदूरों और आमजनों के लिए जो संकल्प लिये हैं उसको पूरा करने में बिहार की जनता सहभागी बनेगी।

### नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 35 वें जन्मदिन पर स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना

बिक्रम ; नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 35 वें जन्मदिन पर राजद कार्यकताओं और समर्थकों द्वारा अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए। पटना स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय सहित राज्य के अन्य स्थानों एवं दूसरे प्रदेशों में भी समर्थकों द्वारा केक काटकर तेजस्वी के स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की गई । राजद नेता ई राघवेंद्र कुमार ने मुंबई में बिहारी समर्थकों के साथ केक काट कर उनके स्वस्थ्य एवं दीर्घ जीवन की कामना की` इस दौरान सैंकड़ों बिहारी कर्मियों के बीच लड्डू एवं अंग वस्त्र बांटे` मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार के भविष्य तेजस्वी यादव के जन्मदिन पर गरीब और दलित बस्तियों में सहभोज के माध्यम से जन्मदिन को सेलिब्रेट किया गया।

# विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगत-पंगत की रथयात्रा रवाना

पटना सिटी , प्रात :किरण संवाददाता



राज्यसभा के पूर्व सांसद और राष्ट्रीय संगत-पंगत के संस्थापक डॉ आरके सिन्हा की अगुवाई में राष्ट्रीय संगत-पंगत की रथयात्रा शनिवार को आदि चित्रगुप्त मंदिर, नौजर घाट से बक्सर जिला के मुरार गांव के लिए रवाना हुई। रथयात्रा में दिल्ली, कानपुर, मिजार्पुर, जौनपुर, वाराणसी समेत देश के अनेक हिस्सों से लोग शामिल हुए। करीब 30 से अधिक गाड़ियों में सभी सवार हैं। इस अवसर पर डॉ सिन्हा ने कहा कि रथयात्रा पूरी तरह से गैर राजनीतिक है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को बिहार की विभूतियों की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह रथयात्रा पटना, भोजपुर और बक्सर जिले से होकर गुजरेगी। इसके तसत हमलोग बिहार निमार्ता और भारतीय संविधान सभा के पहले अध्यक्ष रहे स्व डॉ सच्चिदानंद सिन्हा के जन्मस्थान मुरार, लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जन्मस्थान सिगरौल लख और हिन्दी के प्रख्यात साहित्यकार तथा मूर्धन्य संपादक आचार्य शिवपूजन सहाय के पैतृक गांव इटाढ़ी प्रखंड के उनवास तक जाएंगे। रथयात्रा का अगला चरण राष्ट्रीय संगत-पंगत की बैठक में तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे हम देशभर में जाएंगे।

आज रात्रि विश्राम बहियारा में करने के बाद यात्रा कल अपने गंतव्य मुरार और सिगरौल लख पहुंचेगी। कल रात्रि विश्राम बक्सर में करने के बाद अगले दिन रथयात्रा उनवास पहुंचेगी, जहां आचार्य शिवपूजन सहाय का पैतृक गांव है।

## सम्पादकीय

# आखिर आतंकवाद चाहता कौन है?

जम्मू-कश्मीर में नई सरकार बनने के बाद लगातार हो रहे आतंकी हमलों से हर कोई परेशान है। केंद्र सरकार के साथ लगभग सभी राजनीतिक दल इस बात से हैरान भी हैं कि आमजन में दहशत क्यों फैलाई जा रही है। आश्चर्य इस बात का भी है कि इस बार एक माह के भीतर हमले वहां हुए जहां पहले कभी नहीं हुए। मजदूरों तक को निशाना बनाया गया। इस विषय में सभी दलों के बड़े नेताओं से चर्चा भी हुई तो उन्होंने आतंकवाद का एक सुर में विरोध किया। यह सुनकर अच्छा भी लगा कि हर कोई आतंकवाद के विरुद्ध है। यहां समझना जरूरी है कि विशेषज्ञों का बड़ा तबका यह मानता है कि किसी भी प्रकार का हमला बिना किसी नेता या बड़े रसूख वाले व्यक्ति की मिलीभगत के बिना संभव नहीं। हालांकि पूर्व में जो भी हमले हुए, उनके बारे में पुलिस जांच का निष्कर्ष है कि इनमें स्थानीय लोगों का भी हाथ रहा है। मगर यह लोग कभी नहीं पकड़े गए। जो पकड़ा गया वह अलगाववादी नेता या किसी अन्य पार्टी का कार्यकर्ता व नेता ही मिला, लेकिन कभी भी इस बात को उजागर नहीं होने दिया जाता था। आश्चर्य की बात यह है कि आतंकी घटनाक्रम को नेता अपने एक पैटर्न से समझाते आ रहे हैं कि आतंकवादी संगठन जम्मू-कश्मीर के युवाओं के दिमाग में जहर भरते हैं जिसको लेकर उनके दिल-दिमाग में कट्टरता आ जाती है और देश विरोधी गतिविधि के में शामिल हो जाते हैं और इसका आरोप पाकिस्तान पर मढ़ देते हैं। बात में काफी हद तक सच्चाई भी है लेकिन सवाल यह ही है कि आमजन जो जीवन में अपनी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है उसे पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों से मिलवाता कौन है या सबसे पहले माइंड कौन डायवर्ट करता है। इन सभी बातों के आधार पर तो यह तय हो जाता है कि देश की असली दुश्मन देश में ही हैं। हम हर छोटे से छोटे हमले पर भी पाकिस्तान पर बात टाल देते हैं। यह सत्य है कि पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्रियां खोले बैठा है लेकिन हमें अपने देश में पल रहे पाकिस्तान परस्त लोगों व आतंकियों पर भी चर्चा करनी होगी। चर्चा हुई भी। पकड़े भी गए लेकिन पूर्ण रूप खत्म न होने पर जनता अभी भी परेशान है। हाल ही की स्थिति यह है कि जम्मू-कश्मीर के लोग अपने घर से बाहर निकलते हैं लेकिन वापस घर आएंगे यह पता नहीं। चूंकि आतंकवादी किसी पर भी बिना वजह हमला कर रहे हैं। उद्देश्य स्पष्ट न होने की वजह से अभी तक तो यह माना जा रहा है कि दहशत फैलाने की वजह से यह सब हुआ। पड़ोसी देश से आतंकवाद पर कई बार चर्चा हुई लेकिन आजादी लेकर आज तक कोई हल नहीं निकला। हमें सबसे पहले उन लोगों पर एक्शन लेना होगा जो अपने ही देश में रहकर आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। यह स्पष्ट है हर सरकार के कालखंड में वह खुलकर अंजाम देते आ रहे हैं। हर सरकार इसके इसके लिए चिंतित तो जरूर दिखती है लेकिन देश की जनता के मन में प्रश्न जरूर आता है कि बिना किसी की मिलीभगत से आतंकवाद कैसे संभव है। वैसे तो पूरे देश की जनता के लिए मुद्दा सुरक्षा का होता है लेकिन जम्मू-कश्मीर की जनता के लिए यह सर्वप्रथम रहता है। नई सरकार गठित होते ही जिस तरह आतंकवादियों हमले करते जा रहे हैं उससे वह क्या संदेश देना चाहते हैं यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत सभी दल के नेता परेशान हैं। कोई किसी की बुराई-भलाई नहीं कर रहा जिसे देखकर यह तो महसूस हो रहा है कि आतंकवाद को नियंत्रित करना आसान काम नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान से वार्ता करनी चाहिए लेकिन जब से दोनों देश आजाद हुए हैं भारत सरकार ने इस मामले पर शुरूआत से चर्चा ही की है और हल आज तक नहीं निकला। कई बार सुना है कि पाकिस्तान को कड़े स्वर में समझा दिया गया है लेकिन उसका असर कभी नहीं दिखा।

# जम्मू-कश्मीर : बवाल का भाजपायी मकसद

जम्मू-कश्मीर की नवगठित विधानसभा के पहले दिन से जारी हंगामा तथा शोर-शराबा गुरुवार को अपने चरम पर पहुंच गया जब सत्तारुढ़ नेशनल कांफ्रेंस और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के बीच जमकर हाथापाई हुई जिसमें कई भाजपायी विधायकों को मार्शलों की मदद से सदन के बाहर निकाल दिया गया। सोमवार से प्रारम्भ हुए सत्र में हर रोज जम्मू-कश्मीर को पूर्ण व विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने तथा 5 अगस्त, 2019 को खत्म किये गये अनुच्छेद 370 को रद्द करने के लिये लाये प्रस्ताव पर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो रहा है। लगातार चौथे दिन भी कोई काम-काज नहीं हो पाया। गुरुवार को विवाद उस वक्त बढ़ गया जब सदन में इंजीनियर रशीद के भाई व विधायक खुर्शीद अहमद शेख ने अनुच्छेद 370 तथा कैदियों को रिहा करने से सम्बन्धित बैनर लहराये। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई जिसके कारण हुए हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम ने पहले तो कुछ देर के लिये बैठक स्थगित की लेकिन सदन बहाल होने पर भी शोर-शराबा नहीं थमा। इसके कारण विधायकों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इसमें दो भाजपा सदस्य जख्मी हो गये। बुधवार को भी इसी मामले को लेकर सदन में दोनों पक्षों के बाच हंगामा बरपा था। वैसे इस मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष को बेहतर समन्वय करने तथा भाजपायी मकसद को समझने की जरूरत है जो चाहती है कि इसके जरिये एनसी, कांग्रेस तथा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की छवि को नकारात्मक ढंग से पेश किया जाये। इस बहस में पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी का भी बयान लेकर उतर आना दशार्ता है कि सत्ताधारी दल द्वारा की गई मांगों (अनुच्छेद 370 की बहाली और राज्य को पूर्ण व विशेष राज्य का दर्जा देना) को देशविरोधी साबित करने और उसका फायदा झारखंड एवं महाराष्ट्र के चुनावों में उठाने की कोशिश भाजपा द्वारा की जायेगी। एक दशक के बाद बनी सरकार के पहले सत्र के पहले दिन (सोमवार को) से ही बहस और शोर-शराबे की शुरूआत हो गई थी जब पीडीपी के सदस्य और पुलवामा विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि वहीद पारा ने पूर्ण व विशेष राज्य का दर्जा और अनुच्छेद 370 को बहाल करने सम्बन्धी प्रस्ताव पेश किया था। यह न केवल उनकी पार्टी की नीति के बल्कि एनसी-कांग्रेस गठबन्धन की घोषणा के भी अनुकूल था। चुनाव प्रचार के दौरान इन तीनों ही दलों ने इस आशय का वादा तो किया ही था, वे इसकी मांग भी करते रहे हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस प्रस्ताव के प्रति सैद्धांतिक सहमति तो जताई पर यह कहकर उसे नामंजूर किया कि ह्ययह वास्तविक इरादे से नहीं बल्कि केवल ध्यान आकर्षित करने के लिये प्रस्तुत किया गया है। ह्य उन्होंने यह भी कहा कि ह्ययदि पीडीपी इसे लेकर गम्भीर थी तो उसे एनसी के साथ पहले विचार-विमर्श करना चाहिये था। ह्य उल्लेखनीय है कि पीडीपी राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबन्धन का हिस्सा तो है लेकिन उसने विधानसभा का चुनाव अलग लड़ा था। साफ है कि प्रादेशिक राजनीति की प्रतिद्वंद्विता इस मसले में भी दिखलाई दी जो इस राज्य के लिये सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। वैसे बुधवार को भी यही नौबत आ गई थी जब उप मुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने भी इसी आशय का प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिया था। उसके बाद भी हुए हंगामे के कारण ऐसे ही सदन को स्थगित करना पड़ा था। 90 सीटों वाली जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एनसी-कांग्रेस-वामपंथी दलों के गठबन्धन को 49 सीटें मिली हैं जबकि भाजपा को 29 प्राप्त हुईं। पीडीपी के हिस्से में 3 ही सीटें आई हैं। 7 निर्दलीय एवं 1 आप का सदस्य है जो प्रकारान्तर से इंडिया का ही हिस्सा है। वैसे तो दलगत स्थिति ऐसी है कि गठबन्धन की सरकार को तत्काल कोई खतरा नहीं है और भाजपा द्वारा राज्य की निर्वाचित सरकारों को गिराने का जो खेल होता है वह फिलहाल इस राज्य में होने से रहा। तो भी गठबन्धन सरकार को राज्य के लिये इस सबसे अहम मुद्दे को बहुत सम्हलकर, पूरे समन्वय एवं तैयारियों के साथ सिरे तक पहुंचाना होगा। जिस तरह से गठबन्धन सरकार के ही उप मुख्यमंत्री तथा इसे लेकर समान विचार व दृष्टिकोण रखने वाली पीडीपी द्वारा बगैर विचार-विमर्श के इस पर प्रस्ताव लाया गया, उसका लाभ भाजपा ले सकती है। स्मृति ईरानी का बयान भी कुछ इसी तरह के इशारे कर रहा है। हंगामे के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस लेकर उन्होंने कहा कि ह्यइंडिया एलायंस वाले संविधान की कसमें खाते हैं परन्तु वे उसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं।

# अनुच्छेद 370 पर आमने-सामने कांग्रेस और भाजपा

**यदि होता तो विधानसभा चुनाव के बाद्घाटी में नेशनल कांफ्रेंस या इंडया गठबंधन की नहीं भाजपा गठबंधन एनडीए की सरकार होती। खंडित सूबे की जनता ने महाप्रभु मोदी का सपना खंडित कर एक और अपराध कर दिया है। वे नारा अवश्य सबका साथ,सबका विकास का लगा रहे हैं लेकिन हकीकत ये है कि वे इस देश के अल्पसंख्यकों को न एक रहने देंगे और न सेफ। उन्हें बहुसंख्यक हिन्दुओं को एक रखने और सेफ रखने की सनक सवार है। ये सनक भी है और इसे दृढ संकल्प भी कहा जा सकता है। आरएसएस का एजेंडा भी कहा जा सकता है। इसे आप जो चाहे सो कह सकते हैं।**






**राकेश अचल**
**लेखक**

भारतीय राजनीति में जड़ता टूटने का नाम ही नहीं ले रही। सभी प्रमुख दलों का सुर एक जैसा है,यानि मेरा टेसू यहीं अड़ा। बात महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभा चुनावों की नहीं बल्कि उस जम्मू-कश्मीर विधानसभा की है जिसमें संविधान के अनुच्छेद 370 की वापसी के लिए रखे गए प्रस्ताव पर मुंहवाद ही नहीं हुआ बल्कि लात-घूंसे भी चले। जम्मू-काश्मीर से मीलों दूर महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उनकी टीम ने समवेत स्वर में कहा कि -मोदी के रहते इस प्रावधान की वापसी कभी नहीं होगी। हालाँकि महाराष्ट्र और झारखण्ड के विधानसभा चुनावों का अनुच्छेद 370 से कोई लेना-देना नहीं है अनुच्छेद 370 को हटाने कि पैरवी करते हुए प्रधानमंत्री जी और उनका कटक [ फौज ] एक ही तर्क दे रहा है कि जम्मू-काश्मीर में बाबा साहब अम्बेडकर का संविधान लागू है और वो ही रहेगा। अब सवाल ये है कि क्या संविधान का अनुच्छेद 370 का प्रावधान अमेरिका के संविधान से लिया गया था? ये प्रवधान सौ फीसदी उसी संविधान का हिस्सा था जो बाबा साहब अम्बेडकर कि अगुवाई में रचा गया था। हमारा संविधान लचीला है,उसे देश-काल के हिसाब से बदला जाता रहा है। कांग्रेस के समय भी और भाजपा के समय भी,इसलिए कोई ये दम्भ और दावा कैसे कर सकता है कि जम्मू-काश्मीर को दोबारा अनुच्छेद 370 का संरक्षण नहीं मिल पायेगा।

आज का जम्मू -काश्मीर,कल के जम्मू काश्मीर से एकदम अलग है। आज के कश्मीर के पास राज्य का वैभव नहीं है। ये वैभव उसे आजादी के बाद बाबा साहब के संविधान से ही हासिल हुआ था। आज वो खंड-खंड हो चुका है। केंद्र के अधीन क्षेत्र भर है आज का जम्मू-काश्मीर। उसे उसका राज्य का दर्जा भी वापस चाहिए और संविधान के अनुच्छेद 370 का संरक्षण भी। अब ये कब और कैसे होगा? होगा भी या नहीं होगा? ये कहना कठिन है। भाजपा ने जम्मू-काश्मीर विधानसभा में और देश के दूसरे हिस्सों में जिस तरह से अनुच्छेद 370 को लेकर प्रतिक्रिया दी है उसे देखकर ये तो तय है कि जम्मू-काश्मीर की जनता के साथ केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा कि सरकार ने वादा खिलाफी की है। जम्मू-काश्मीर के लोगों को इस सरकार के रहते न राज्य का वैभव वापस मिलेगा और न अनुच्छेद 370 का छाता। संविधान के अनुच्छेद 370 को लेकर माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी और उनके हनुमान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोलें तो समझ में भी आता है, लेकिन जब बाबा योगी आदित्यनाथ बोलते हैं तो हंसी आती है। वे आजकल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा का नया माउथपीस बने हुए है। वे बटोगे तो कटोगे का नारा देने के बाद अब कहते फिर रहे हैं कि देश में अब कांग्रेस का हाल भी संविधान के अनुच्छेद 370 जैसा होगा,यानि कांग्रेस भविष्य में कभी केंद्र कि सत्ता में नहीं लौटेगी। योगी बाबा के नारे को लेकर भाजपा गठबंधन में फूटे विरोध के स्वर देखते ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस नारे को नया मुखौटा लगाने की चतुराई दिखाई है। उनका नया नारा है कि-एक रहोगे तो सेफ रहोगे ये हिंदी और अंग्रेजी का खिचड़ी नारा है। इस नारे से न मराठी मानुष प्रभावित होने वाला है और न झारखण्ड का आदिवासी समाज। एक सामान्य पत्रकार होने के नाते मै माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी कि वाडी लेंग्वेज देखकर ये बात दावे के साथ कह सकता हूँ कि दस साल केंद्र की सत्ता में रहने के बाद भी माननीय मोदी जी के स्वभाव में कोई तब्दीली नहीं आयी है। वे नारा अवश्य सबका साथ,सबका विकास का लगा रहे हैं लेकिन हकीकत ये है कि वे इस देश के अल्पसंख्यकों को न एक रहने देंगे और न सेफ। उन्हें बहुसंख्यक हिन्दुओं को एक रखने और सेफ रखने की सनक सवार है। ये सनक भी है और इसे दृढ संकल्प भी कहा जा सकता है। आरएसएस का एजेंडा भी कहा जा सकता है। इसे आप जो चाहे सो कह सकते हैं। सम्भवतःवे राजनीति में अवतरित ही इसी के लिए हुए हैं मुझे अनुच्छेद 370 वापस लाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मेरी चिंता जम्मू-काश्मीर कि जनता के साथ हो रहे दुराव को लेकर है। इस समय देश में लोकतंत्र के जितने भी स्तम्भ हैं उनमें से अधिकांश माननीय मोदी जी के सुर में सुर मिला रहे हैं या उनके प्रत्यक्ष और परोक्ष इशारों पर नर्तन कर रहे हैं। किसी एक विश्व विद्यालय के अलप संख्यक या बहुसंख्यक दर्जे का सवाल नहीं है, सवाल ये है कि आने वाले दिनों में क्या अल्पसंख्यकों को इतना दबाया जाएगा कि वे या तो बहुसंख्यक समाज के दास बन जाएँ या फिर देश छोड़कर भाग जाएँ,लेकिन ये दोनों ही सपने पूरे होने वाले नहीं है।

अगर आप कान लगाकर सुनें तो आपको मोदी जी के सुर में वही तारत्व सुनाई देगा जो इजराइल के प्रधान नेतन याहू के या रूस के राष्ट्रपति पुतिन के या अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सुरों में शामिल है। एक अलग तरह का राष्ट्रवाद दुनिया के तमाम देशों में ठाठें मार रहा है। ऐसा दुनिया में पहले भी हुआ है,आज भी हो रहा है और शायद कल भी होगा,लेकिन इस राष्ट्रवाद की उम्र बहुत छोटी होती है। दुनिया में वही राष्ट्रवाद कामयाब है जहां सचमुच सभी जातियों,धर्मों और वर्णों के लोग मिलजुल कर रहते हैं। भारत जिस बीमारी से 1947 में बचकर निकल गया था आज वही बीमारी तेजी से फैल रही है। बांटने और काटने की बात आजादी के पहले सुनाई दी थी और आज आजादी के 77 साल बाद एक बार फिर से सुनाई दे रही है। इस देश कि किस्मत में क्या लिखा है ये कहना बहुत कठिन है। उस देश ने बहुत से बुरे दिन देखे है। 1947 से पहले भी और 2014 के बाद भी। जबकि 2014 में नारा अच्छे दिन आएंगे का दिया गया था। नारा केवल नारा ही साबित हुआ। नारा अमल में नहीं आ पाया। इसके लिए देश कि जनता जिम्मेदार है या नेता ये कोई अदालत तय नहीं कर सकती। हमारे पास तो अदालतें आजकल आधे-अधूरे फैसले देने के लिए लोकप्रिय है, फैसले टालने के लिए चर्चित है। नेताओं के साथ आरतियां उतरने के लिए सुर्खियों में है। अब जो होगा सो 23 नबंवर के बाद देखा जाएगा,जब विधानसभा चुनावों /उप चुनावों के परिणाम सामने आएंगे। देखा जाएगा 25 नबम्वर को जब देश के संसद एक बार फिर बैठेगी। अनुच्छेद 370 को लेकर दोबारा से शुरू हुई यलगार थमने वाली नहीं है। थम भी नहीं सकती,क्योंकि दोनों ही पक्ष झुकने को राजी नहीं है। याद रहे की अनुच्छेद 370 व्यवहार में तो हटाया जा चुका है किन्तु जम्मू-कश्मीर की जनता के दिलों से इसे हटाना आसान काम नहीं है।

# विश्व विज्ञान दिवस-10 नवम्बर, 2024 : शांति और विकास के लिए विज्ञान के साथ अध्यात्म जुड़े

**विकास, विज्ञान एवं उपलब्धियों पर सवार आज की दुनिया का एक बहुत बड़ा वर्ग आज भी गरीबी, अभाव, भूखमरी में घुटा-घुटा जीवन जीता है, जो परिस्थितियों के साथ संघर्ष नहीं, समझौता करवाता है। हर वक्त अपने आपको असुरक्षित-सा महसूस करता है। जिसमें आत्मविश्वास का अभाव अंधेरे में जीना सिखा देता है। विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी जटिल स्थितियों में विज्ञान दिवस ने सभी को भोजन देने में मदद की है, शांति एवं सह-जीवन के निर्माण में मदद की है।**






**ललित गर्ग**
**लेखक**

शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस हर साल 10 नवंबर को मनाया जाता है। विश्व विज्ञान दिवस का प्रस्ताव पहली बार 1999 में हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व विज्ञान सम्मेलन के दौरान रखा गया था। यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में इस बात पर चर्चा की गई कि विज्ञान समाज पर किस प्रकार प्रभाव डालता है और समाज के लिये अधिक उपयोगी हो सकता है। इसी उद्देश्य से विज्ञान की अहमियत को सामने लाना और विज्ञान से जुड़े मुद्दों पर आम लोगों की बहस को बढ़ावा देकर इस दिन के जरिए, विज्ञान को समाज एवं व्यक्ति से और ज्यादा करीबी से जोड़ा गया है। यह दिन हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व और उसकी प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए युग की समस्याओं एवं चुनौतियों का समाधान करता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि कैसे विज्ञान जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और प्राकृतिक आपदाओं जैसी वैश्विक समस्याओं को हल करने में मदद करता है। यह युवाओं को विज्ञान का पता लगाने और दुनिया कैसे काम करती है, इस बारे में जिज्ञासा विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। जागरूकता बढ़ाकर, विश्व विज्ञान दिवस लोगों को समाज पर वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के सकारात्मक प्रभाव की सराहना करने के लिए एक साथ लाता है। लेकिन अब इस दिवस के साथ अध्यात्म को भी जोड़ा जाना चाहिए। तेजी से बदलती दुनिया में कई महत्वपूर्ण कारणों से हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान महत्वपूर्ण है और समाज पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है। विज्ञान दिवस उन वैज्ञानिकों और शोधकताओं की कड़ी मेहनत को मान्यता देता है जिन्होंने ज्ञान और प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने में मदद की है। यह दिन वैज्ञानिकों, शिक्षकों और जनता के बीच टीमवर्क को बढ़ावा देता है ताकि वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए विश्वास और समर्थन का निर्माण किया जा सके। विज्ञान दिवस मनाकर, हमारा उद्देश्य सभी में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और प्रेम-संबंध को प्रेरित करना है, जिससे एक अधिक आदर्श, संतुलित एवं शांतिपूर्ण समाज का निर्माण हो सके। वैज्ञानिक खोजें दुनिया भर में शांति और विकास में सहयोग करते हुए लोगों को नई वैज्ञानिक प्रगति के बारे में बताती है। गरीबी, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य चुनौतियों जैसी वैश्विक समस्याओं को हल करने के लिए विज्ञान के जिम्मेदाराना उपयोग को प्रोत्साहित भी करती है। वैज्ञानिक इस उल्लेखनीय नाजुक ग्रह एवं सृष्टि के बारे में हमारी समझ को व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसे हम अपना घर कहते हैं और हमारे समाजों को अधिक टिकाऊ बनाने में भूमिका निभाते हैं। शांतिपूर्ण और स्थायी समाज के लिए विज्ञान की भूमिका पर जन जागरूकता को मजबूत करते हुए यह दिवस विभिन्न देशों के बीच साझा विज्ञान के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देता है। समाज के लाभ के लिए विज्ञान के उपयोग के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करना तथा विज्ञान के सामने आने वाली चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करना और वैज्ञानिक प्रयास के लिए समर्थन जुटाना भी इस दिन का ध्येय है। . आज जबकि जलवायु परिवर्तन अरबों लोगों और ग्रह के जीवन के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है, इसके लिये जलवायु परिवर्तन को सकारात्मक मोड़ देने के लिए विश्व समुदायों का निर्माण करने की अपेक्षा है। यह दिवस हमारे दैनिक जीवन पर विज्ञान के प्रभाव का प्रतीक है। यह हमें वैज्ञानिक प्रगति को आकर्षित करने और हमारे ग्रह के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र की अधिक गहन समझ को प्रोत्साहित करने का आग्रह करता है। विज्ञान के जरिए वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद करना और विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित करना भी इस दिवस का मकसद रहा है। यूनेस्को द्वारा 2001 में इसकी घोषणा के बाद से, शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस ने दुनिया भर में विज्ञान के लिए कई ठोस परियोजनाएं, कार्यक्रम और वित्तपोषण उत्पन्न किया है। इस दिवस ने संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले वैज्ञानिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में भी मदद की है, इसका एक उदाहरण यूनेस्को द्वारा समर्थित इजरायल-फिलिस्तीनी विज्ञान संगठन का निर्माण है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2024-2033 की अवधि को सतत विकास के लिए विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय दशक के रूप में घोषित किया है। यह एक स्थायी भविष्य के लिए वैज्ञानिक ज्ञान का दोहन करने के वैश्विक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। यूनेस्को के नेतृत्व में, इस दशक का उद्देश्य बुनियादी और अनुप्रयुक्त विज्ञान, सामाजिक और मानव विज्ञान, साथ ही अंतःविषय और उभरते क्षेत्रों सहित वैज्ञानिक विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को संगठित करना है, ताकि समाज, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण में परिवर्तनकारी बदलाव में योगदान दिया जा सके। वैज्ञानिक साक्षरता को बढ़ावा देने और सरकारों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करके, दशक सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और सभी के लिए सुरक्षित, अधिक समृद्ध, शांतिपूर्ण भविष्य की दिशा में काम करने में विज्ञान की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास करता है। निश्चित ही विज्ञान ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार किया है, रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं, असंख्य लोगों की जान बचाई है, कई उद्योगों में अहम भूमिका निभाई है, ऊर्जा और पानी तक पहुंचने में मदद की है, बीमारियों को ठीक करने में मदद की है, चिकित्सा-क्रांति का माध्यम बनकर कर असाध्य बीमारियों को नियंत्रित किया है।

**डॉ सत्यवान सौरभ**

# अपराधियों का महिमामंडन एक चिंताजनक प्रवृत्ति

जब अपराध को ग्लैमराइज किया जाता है, तो यह एक मिसाल कायम करता है जहाँ युवा अवैध गतिविधियों को सफलता और मान्यता के मार्ग के रूप में देखते हैं, जिससे सामाजिक नैतिकता प्रभावित होती है। ऐसी फिल्में जो अपराधियों को प्रसिद्धि या विलासिता प्राप्त करते हुए दिखाती हैं, युवाओं को अपराध को एक व्यवहार्य जीवन शैली के रूप में देखने के लिए प्रेरित कर सकती हैं, युवा दर्शक अपराधियों को अपना आदर्श मानने लग सकते हैं, उन्हें साहसी व्यक्ति के रूप में देख सकते हैं जो व्यवस्था को चुनौती देते हैं, इस प्रकार सही और गलत की उनकी समझ को विकृत कर सकते हैं। लॉरेंस बिश्नोई जैसे व्यक्तियों को समर्पित सोशल मीडिया फैन पेज आपराधिक कृत्यों का महिमामंडन करते हैं, जिससे वे सराहनीय लगते हैं। फिल्मों और श्रृंखलाओं के माध्यम से आपराधिक महिमामंडन के लगातार संपर्क में आने से युवा हिंसा के प्रति असंवेदनशील हो सकते हैं, सहानुभूति कम हो सकती है और आक्रामकता सामान्य हो सकती है...... मनोरंजन और समाचार मीडिया में अपराधियों का महिमामंडन एक चिंताजनक प्रवृत्ति बन गई है, खासकर अपराध में शामिल व्यक्तियों को नायक विरोधी के रूप में चित्रित करने में। यह ग्लैमराइज्ड प्रतिनिधित्व न केवल न्याय और सत्य को बढ़ावा देने के लिए इन प्लेटफॉर्म के नैतिक कर्तव्य को कमजोर करता है, बल्कि प्रभावित दर्शकों, विशेष रूप से युवाओं को अपराध को आकर्षक या वांछनीय मानने के लिए गुमराह करता है। इस तरह के चित्रण से मीडिया की सामाजिक ज़िम्मेदारियों का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत पड़ती है। अपराधियों को सनसनीखेज बनाकर, मीडिया की कहानियाँ आपराधिक न्याय प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं, कानून तोड़ने वालों को जवाबदेह ठहराने के बजाय उन्हें सहानुभूतिपूर्ण या वीरतापूर्ण प्रकाश में पेश कर सकती हैं। जब समाचार आउटलेट किसी अपराधी की पृष्ठभूमि या उद्देश्यों को अत्यधिक कवर करते हैं, तो वे अनजाने में सहानुभूति पैदा कर सकते हैं, जिससे उनके कार्यों की गंभीरता कम हो जाती है। मीडिया चित्रण अक्सर अपराधियों को गलत समझे जाने वाले या विद्रोही व्यक्तियों के रूप में रोमांटिक बनाता है, जिससे एक विषम सार्वजनिक धारणा बनती है जो उनके कार्यों की सच्चाई को कमजोर करती है। अपराधियों का महिमामंडन समाज के नैतिक संतुलन को बिगाड़ता है, वास्तविक उपलब्धियों की बजाय अवैध साधनों के माध्यम से भौतिक सफलता को बढ़ावा देता है। मिजार्पुर जैसे शो एक ऐसी कहानी बनाते हैं जिसमें आपराधिक कृत्य धन और सम्मान की ओर ले जाते हैं, जो संभावित रूप से दर्शकों के मूल्य प्रणालियों को प्रभावित करते हैं। अपराधियों का महिमामंडन पीड़ितों के परिवारों के लिए बहुत ही दुखद हो सकता है, क्योंकि यह उनके द्वारा किए गए दुख को खारिज करता है और न्याय और जवाबदेही की आवश्यकता को नकारता है। पुष्पा और गब्बर जैसे चरित्र जो कानूनी सीमाओं के बाहर अपराध से लड़ते हैं, वे सतर्कतावाद को रोमांटिक बना सकते हैं, जिससे न्याय की एक दोषपूर्ण समझ पैदा होती है। युवा दर्शक अपराधियों को अपना आदर्श मानने लग सकते हैं, उन्हें साहसी व्यक्ति के रूप में देख सकते हैं जो व्यवस्था को चुनौती देते हैं, इस प्रकार सही और गलत की उनकी समझ को विकृत कर सकते हैं। लॉरेंस बिश्नोई जैसे व्यक्तियों को समर्पित सोशल मीडिया फैन पेज आपराधिक कृत्यों का महिमामंडन करते हैं, जिससे वे सराहनीय लगते हैं। फिल्मों और श्रृंखलाओं के माध्यम से आपराधिक महिमामंडन के लगातार संपर्क में आने से युवा हिंसा के प्रति असंवेदनशील हो सकते हैं, सहानुभूति कम हो सकती है और आक्रामकता सामान्य हो सकती है। मीडिया में महिमामंडन युवाओं को अपराधियों के व्यवहार या जीवनशैली की नकल करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है, जिससे उनकी शिक्षा और करियर के विकल्प प्रभावित हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर शो से गैंगस्टर व्यक्तित्वों की नकल करने का चलन दशार्ता है कि आपराधिक चित्रण युवाओं को कैसे प्रभावित करता है। अपराधियों को प्रतिष्ठान के खिलाफ विद्रोही व्यक्ति के रूप में महिमामंडित करना युवाओं में कानून प्रवर्तन के प्रति अविश्वास को बढ़ावा दे सकता है। अपराधियों को भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ लड़ने वाले नायक के रूप में चित्रित करने वाले चित्रण कानून प्रवर्तन की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुँचा सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नाले में मिला कक्षा दो के छात्र का शव, शुक्रवार से था लापता

रहरा। हसनपुर सर्किल के रहरा थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर एतमाली निवासी कक्षा दो के छात्र का शव शनिवार सुबह गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर गंगा के नाले में पुलिया के नीचे पड़ा मिला। छात्र शुक्रवार दोपहर बाद घर से लापता हो गया था। थाने में भी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिजन मौत को हादसा मान रहे हैं। बताया जा रहा है कि गांव निवासी सतपाल सिंह सैनी का नौ वर्षीय पुत्र अंकुल शुक्रवार दोपहर घर के नजदीक बालकों के साथ खेल रहा था। दोपहर बाद करीब तीन बजे से वह लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी अंकुल का कोई पता नहीं लगा। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसी बीच शनिवार सुबह गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर तटबंध के नजदीक गंगा के नाले में पुलिया के नीचे अंकुल का शव पड़ा मिला। परिजन व गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। परिवार में कोहराम मच गया। उसके शरीर पर चोट आदि किसी तरह का कोई निशान नहीं था। परिजनों का मानना है कि नाले में डूबने से अंकुल की मौत हुई। परिजन हत्या जैसी किसी भी आशंका से इनकार कर रहे हैं। बिना पोस्टमार्टम शव के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है। अंकुल चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। वह गांव के प्राइमरी स्कूल में कक्षा दो में पढ़ता था। थानाध्यक्ष अलका चौधरी ने बताया कि बालक का शव नाले में मिलने की सूचना मिली है। पुलिस को मौके पर भेजा जा रहा है।

### बुखार से मासूम की मौत, परिवार में कोहराम

प्रात: किरण संवाददाता

हसनपुर। क्षेत्र के गांव निवासी मासूम बालक की बुखार से मौत हो गई। वह परिवार के संग नोएडा में रहता था। बुखार पीड़ित बालक का पिछले दो दिन से मेरठ के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था।मौत से परिवार में कोहराम मचा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा निवासी कैलाश सिंह नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। वह परिवार समेत नोएडा में ही रहता है। दीपावली पर वह पत्नी व बच्चों के संग गांव आया था। दीपावली बाद परिवार समेत नोएडा लौटा तो उसके साढ़े तीन वर्षीय बेटे आदित्य की बुखार से तबीयत बिगड़ गई। आदित्य को गाजियाबाद के अस्पताल में दिखाया गया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर मेरठ रेफर कर दिया। मेरठ के निजी अस्पताल में दो दिन से आदित्य का इलाज चल रहा था। उपचार के दौरान शुक्रवार शाम आदित्य की मौत हो गई।इसके साथ ही परिवार में कोहराम मच गया। आदित्य तीन भाई-बहनों में छोटा था। परिजनों ने शव गांव लाकर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। सीएचसी प्रभारी डा. ध्रुवेंद्र प्रताप सिंह ने बुखार से मौत को लेकर अनभिज्ञता जाहिर की है।

### किसानों को सब्सिडी दर पर वितरित किया गेंहू का बीज

गजरौला।बीज ग्राम योजना के तहत जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन गजरौला व ग्राम उन्नति गुड़गांव के संयुक्त संयोजन में ब्लॉक क्षेत्र के 75 किसानों के बीच उच्च उपज देने वाली किस्म के गेहूं के बीज का सब्सिडी दर पर वितरण किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित बीज ग्राम योजना के तहत किसानों को उच्च कोटि के फसल का बीज मुहैया कराया गया। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन जुबि फार्म परियोजना व गजरौला ग्रामीण समृद्धि लिमिटेड से जुड़े किसानों को आय में बढ़ोतरी के लिए लगातार लाभांवित किया जा रहा है। गजरौला ग्रामीण समृद्धि लिमिटेड के जरिए पशुओं के पोषण पर भी कार्य किया जा रहा है ताकि किसानों को उनके पशुओं के दूध का बाजार में सही दाम मिल सके। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन गजरौला में अपने ट्रेनिंग सेंटर पर मिट्टी जांच की सुविधा भी किसानों को दे रहा है।

### भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित

अमरोहा।भाजपा जिला कार्यालय पर संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं वर्तमान एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि संगठन चुनाव की शुरूआत हो रही है, इसमें मिसाल कायम करनी है। कहा कि संगठन का चुनाव निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ संगठन महापर्व के रूप में पूरा करें। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। बताया गया कि 12 व 13 नवंबर को मंडलवार कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान चंद्रपाल खड़गवंशी, ईश्वर चंद्र गुर्जर, अमरोहा नगर पालिका चेयरपर्सन शशि जैन, मंडी धनौरा पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अमरोहा ब्लाक प्रमुख सरदार गुरिंदर सिंह ढिल्लों, हसनपुर ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश त्यागी, बृजेश चौधरी समेत जसवीर सिंह, पूरन सिंह, अभिनव कौशिक, रमेश कलाल, पिंकी वर्मा, उषा शर्मा, चित्रा चौधरी, सीमा चौधरी, ज्योति सैनी, प्रेम सिंह सैनी, संजय शर्मा, सुनील गुप्ता, धर्मेंद्र चौहान आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आकांक्षा हाट 2024 के आयोजन से स्थानीय उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा: योगी

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आकांक्षा हाट 2024ह्व की शुरूआत की। आकांक्षा हाट 2024 उत्तर प्रदेश की आकांक्षा समिति के प्रयासों से आयोजित किया जा रहा है, जो प्रदेश के सभी 75 जिलों में सक्रिय है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तीकरण और स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह आयोजन राज्य में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों को अपनी रचनात्मकता तथा उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक बयान के अनुसार योगी ने सभी महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों की सराहना की। उन्होंने कहा, ह्वमहिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए आकांक्षा समिति का यह प्रयास सराहनीय है। यह आयोजन न केवल महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा बल्कि स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होगा। आकांक्षा समिति, उत्तर प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों की पत्नी संघ का एक विकासशील अंग है, जो राज्य की महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए समर्पित है। राज्य के सभी 75 जिलों में कार्यरत इस समिति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्व-रोजगार और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक अवसर प्रदान करना है। आकांक्षा हाट 2024 के माध्यम से यह समिति महिलाओं को अपने उत्पादों, कौशल, और शिल्प को प्रदर्शित करने का मौका प्रदान कर रही है, जिससे वे अपने परिवार और समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बना सकेंगी। आकांक्षा हाट के माध्यम से जम्मू-कश्मीर समेत देश के विभिन्न राज्यों के उत्पाद भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जिससे सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान का मौका मिलेगा। योगी ने कहा, हमारे त्योहार और परंपराएं हमारी विरासत का हिस्सा हैं। आकांक्षा हाट जैसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपराएं जीवित रहती हैं और नई पीढ़ी को प्रेरित करती हैं। इससे उत्तर प्रदेश की महिला उद्यमियों को न केवल नए कौशल और विचारों को सीखने का मौका मिलेगा, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय को व्यापक स्तर पर विस्तार देने में भी सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने आकांक्षा हाट को ह्ववन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टह्व (एक जिला एक उत्पाद) योजना के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्व-सहायता समूह एक जिला एक उत्पाद के माध्यम से स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और विपणन में सुधार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल स्थानीय उद्यमों को सशक्त बनायेगा बल्कि एक जिला एक उत्पाद के तहत उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पहचान दिलायेगा। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक बदलावों को प्रमुखता से दिखाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया को महिला सशक्तीकरण और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले सकारात्मक कार्यों को भी प्रमुखता देनी चाहिए।

# भाजपा के नोटबंदी की नाकामी दिखने लगी है : अखिलेश यादव

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ, । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अखिलेश यादव पार्टी मुख्यालय में आज नोटबंदी के दौरान लाइन में जन्मे खजांची का आठवां जन्मदिन मनाया। सपा अध्यक्ष ने खजांची को मिटाई व उपहार देकर बधाई दी। इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि खजांची जितना बड़ा होता जा रहा है, नोटबंदी की नाकामी उतनी ही हम लोगों को दिखाई देने लगी है। नोटबंदी का असर स्लो स्लो पॉइजन जैसा था। नौकरी पेशा, दुकानदार, रेड़ी पटरी वाले सबको शिकार बनाया। सभा अध्यक्ष ने कहा कि पी में सत्ता और शक्ति का गलत प्रयोग हो रहा है। इस सरकार के अंग्रेजों जैसे विचार हैं। उन्होंने एनकाउंटर को लेकर सवाल उठाते हुए सरकार को घेरा। अखिलेश ने कहा कि एनकाउंटर वालों का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। प्रदेश में होने जा रहे नौ सीटों पर उपचुनाव से इसकी शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि संतों में झगड़ा करने का काम सरकार के लोग करवा रहें हैं। व्यक्ति वस्त्रों से नहीं वचन से योगी होता है। जो जितना कम बोलेंगे उतनी उनकी अच्छाई छुपी रहेगी। सरकार अहंकार में कानून व नियमों को भूल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने जो इस सरकार को कहा वो पहले किसी सरकार को नहीं कहा, जुमार्ना भी लगाया। जहाँ दिखे सपाई वाले मुख्यमंत्री योगी के बयान पर अखिलेश यादव ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपनी आँखें चेक करवानी चाहिए। एनसीआरबी के आँकड़े उन्हें चेक करने चाहिये। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अधिकारियों के माध्यम से चुनाव लड़ना चाहती है। जनता भाजपा के साथ नहीं है। उन्होंने सरकार को झूठ नहीं बोलना चाहिए। पूरे प्रदेश में किसान खड़ा है। कोई ऐसी जगह नहीं होगी जहाँ किसान लाइन में न खड़ा हो। खाद के लिए रात में किसान लाइन लगा रहें हैं। उन्हें (भाजपा) को किसान से कोई प्रेम नहीं है। भाजपा के लोग खाद माफिया के साथ मिलकर काम कर रहें हैं। ये सरकार नौकरी नहीं देना चाहती है। ये सरकार परीक्षा नौकरी करवाना चाहती है।

## गंगा मेला : जिलाधिकारी ने ली सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता



तिगरी धाम। डीएम निधि गुप्ता ने शनिवार को तिगरी कैंप कार्यालय पर सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट की बैठक ली।

एडीएम वित्त एवं राजस्व ब्रजेश त्रिपाठी ने यातायात व्यवस्था, घाट, कृषि प्रदर्शनी, वीआईपी घाट, गंगा आरती स्थल, मीना बाजार, पार्किंग, वीआईपी जोन समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाई गए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट की ड्यूटी की जानकारी दी। डीएम ने बाढ़ खंड के कार्यों से असंतुष्ट नजर आईं।

विभागीय जेई को फटकार लगाते हुए कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

अधीनस्थों की ड्यूटी लगाकर प्राथमिकता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को भी जिम्मेदारी व सतर्कता के साथ ड्यूटी करने का निर्देश दिया।

घाटों के साथ ही चेंजिग रूम व शौचालयों की नियमित सफाई कराने पर जोर दिया।

सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी घाट पर भीड़ न हो। स्नान के बाद तुरंत व्यक्ति निकल जाए।

सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर की रोड को खाली कराएं। हर सेक्टर में जो पुलिस चौकी सहायता केंद्र बनाया गया है, उसे तकाल एक्टिव किया जाए। इस दौरान सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा, एडीएम न्यायिक माया शंकर यादव, एएसपी राजीव कुमार सिंह समेत तिगरी मेला ड्यूटी में लगाए गए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

## श्री वेंकटेश्वरा समूह की तरफ से निःशुल्क वृहद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ

● अत्याधुनिक एडवांस चिकित्सकीय सुविधाओं से लैस दो एम्बुलेंस भी 24 घंटे मेला स्थल पर रहेंगी उपलब्ध

प्रात: किरण संवाददाता




गजरौला। ऐतिहासिक गंगा मेले में वेंकटेश्वरा समूह के मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ह्वविम्सह्व की ओर से मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की चिकित्सा सेवा के लिए ह्वनिःशुल्क वृहद चिकित्सा शिविरह्व का शानदार शुभारम्भ किया गया।जिसमें आगामी सात दिनों तक चलने वाले निःशुल्क चिकित्सा शिविर में प्रतिदिन चार विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ नर्सिंग, पैरामेडिकल समेत एक दर्जन मेडिकल स्टाफ 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आई.सी.यू. सुविधा से लैस दो हाईटेक एम्बुलेंस भी 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। शनिवार को श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय /संस्थान की ओर से ऐतिहासिक गंगा मेले में मुख्य घाट पर सांस्कृतिक मंडप के समीप ह्ववेंकटेश्वरा निःशुल्क वृहद चिकित्सा शिविरह्व का शुभारम्भ समूह अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस.पी. सिंह, मेला अधिकारी ए.डी. एम. न्यायिक मायाशंकर, एस.डी.एम. चन्द्रकान्ता, एस.डी.एम. पुष्करनाथ चौधरी आदि ने फीता काटकर किया। श्री वेंकटेश्वरा संस्थान की ओर से आयोजित इस निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए समूह अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने बताया कि अपने सामाजिक सरोकारों का सजगता से निर्वहन करते हुए इस निःशुल्क चिकत्सा एवं स्वास्थ्य शिविर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक दर्जन मेडिकल एक्सपर्ट की टीम उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएगी। किसी भी आकस्मिक दुर्घटना या आपात स्थिति से निपटने के लिए दो हाईटेक एम्बुलेंस 24 घंटे मेला स्थल पर उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही ह्वविम्स हॉस्पिटलह्व में इमरजेंसी वार्ड के दस बेड भी मेले के श्रद्धालुओं के लिए आरक्षित रखे गये है। इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, डा. हेमन्त सिंह, डा. विनोद सिंह, डा. रोहन, डा. अमित, डा. अजय, डा. सत्यम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित सभापति निर्मल व उपसभापति सुरेश ने ली शपथ




प्रातः किरण संवाददाता

अयोध्या, । रौजागांव स्थित गनौली समिति परिसर में शनिवार को गन्ना समिति गनौली के नवनिर्वाचित सभापति निर्मल शर्मा व उपसभापति सुरेश निषाद सहित डायरेक्टर ने रुदौली विधायक रामचंद्र यादव व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह की मौजूदगी में पद की शपथ ली। कार्यकताओं ने विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर नवनिर्वाचित सभापति निर्मल शर्मा ने कहा कि वह किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस तरह से काम कर रही है इस काम पर मोहर लगाकर जनता भी भारतीय जनता पार्टी को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कोई भी चुनाव हो बिना टीमवर्क के नहीं जीता जा सकता।

भाजपा नेता रघुनंदन चौरसिया, अजीत प्रताप सिंह, तेज तिवारी, खुन्नू पांडेय, शीतला प्रसाद शुक्ल, दृगपाल सिंह, गन्ना समिति सचिव अनिल कुमार, भूपेंद्र सिंह बल्ले, किशोरीलाल भारती आदि मौजूद रहे।

# बेटियों को बचाओ और सही दिशा दिखाओ: राज्यपाल ने राष्ट्रसेवा व निर्माण के लिए जेके समूह के योगदान को सराहा

प्रात: किरण संवाददाता,




कानपुर,। जेके समूह ने 140वें स्थापना दिवस पर राधाकृष्ण (जेके) मंदिर पहुंची मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने समूह के राष्ट्रसेवा व निर्माण में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज को बचाना है, तो बेटियों को बचाओ और उनको सही दिशा दिखाओ।

स्वागत भाषण में जेके समूह के निदेशक अभिषेक सिंहानिया ने संस्थापक लाला कमलापत सिंहानिया की दूरदर्शिता, देशभक्ति और समाज सेवा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के कठिन समय में विशाल व्यवसाय की नींव रखकर समाज में सकारात्मक बदलाव का सपना देखा था।

1921 में उत्तर भारत की पहली कपड़ा मिल स्थापित की, जो स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक बनी।

गांधी जी के विदेशी वस्त्र बहिष्कार के आन पर आयातित वस्त्र जलाए और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय योगदान दिया।

उनके पुत्र पदमपत सिंहानिया के नेतृत्व में जेके समूह 7 से बढ़कर 50 से अधिक इकाइयों में विस्तारित हुआ।

इससे पहले राज्यपाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी ने भी विचार रखे।

अतिथियों ने मंदिर में दर्शन के बाद जेके टाइम लाइन गैलरी का भ्रमण किया।

राज्यपाल ने कमलापत सिंहानिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

सिंहानिया परिवार की वरिष्ठ सदस्य सुशीला सिंहानिया एवं मनोरमा सिंहानिया ने सांसद देवेंद्र सिंह भोले, सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी एवं अनार पटेल को शॉल भेंटकर सम्मानित किया।

राज्यपाल ने गोविन्द हरि सिंहानिया कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन किया।

स्थापना दिवस पर 9 से 15 वर्ष आयु की 140 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के टीके लगाए गए।

गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए उम्मीद संस्था 140,000 रुपये की सहायता प्रदान की गई।

जेके इंटरप्राइजेज लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक पार्थो कर ने धन्यवाद दिया।

पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने भजन और लोकगीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बेटा व बेटी को मिले समान अवसर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आंगनबाड़ी केंद्र कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय बैरी अकबरपुर में पोषण उत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि राज्यपाल ने कहा कि बेटा-बेटी में कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए।

सभी को समान अवसर मिले, तभी समाज आगे बढ़ेगा व सशक्त बनेगा।

उन्होंने 10 आंगनबाड़ी केंद्रों को किट बांटी।

केंद्र के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

# अदब की जबान है उर्दू: डा0 हाशमी

प्रातः किरण संवाददाता

अमरोहा। हाशमी गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज में अल्लामा इकबाल की पैदाइश पर एक सेमिनार यौमे उर्दू का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज तिलावते कलामे पाक व नात शरीफ से किया गया। हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन व कालेज प्रबंधक डा0 सिराज उद्दीन हाशमी एडवोकेट ने कहा कि अल्लामा इकबाल एक ऐसे शायर हैं जिनको अवामी शायर भी कहते हैं। आपने कौम को अपनी शायरी के जरिये एक पैगाम दिया। अल्लामा इकबाल के पूर्वज कशमीरी ब्रह्मण थे, मगर बाद में इस्लाम कुबूल कर लिया था। अल्लामा इकबाल की यौमे पैदाइश यौमे उर्दू पर हमें अपने घरों में उर्दू का माहौल पैदा करना चाहिए तथा उर्दू के फरोग को अधिक से अधिक बढ़ाना देना चाहिए। अल्लामा इकबाल हमारी जबान के फलसफी शायर हैं उन्होंने अपने फलसफे से मिल्लते इस्लाम के दर्द की दवा की। इकबाल हाल,माजी,मुस्तकबिल का शायर है। इकबाल की विलादत 9 नवम्बर 1877 को सियालकोट में हुई।इकबाल की उम्र 4 साल 4 महीने की हो गयी तो दीनी तालीम हासिल करने के लिए उन्हें मकतब में बैठा दिया। इकबाल ने कम उम्री मे रिवायती अंदाज की शायरी शुरू कर दी थी। इकबाल ने कौम को एक पैगाम दिया और सोयी हुई कौम को जगाया। कुरआन और हदीस की रौशनी मे शायरी की मिसाल देकर जो लोगों को नसीहत की और अपने वतन से मुहब्बत की मिसाल उनके तराने ह्वसारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा में मिलती है। जो सारे भी हिन्दुस्तान ही नहीं बल्कि दूसरे मुल्कों मे भी गुनगुनाया जाता है। आज हम अपने बच्चों को पढ़ा तो रहे हैं इंग्लिश मीडियम में। मगर उर्दू की तरफ तवज्जो नहीं है। हमें अपने बच्चों को उर्दू की शिक्षा जरूर दिलानी चाहिए ताकि वह आगे उर्दू को जिंदा रख सकें। कालेज प्राचार्या डा0 रिजवाना कुलसुम ने अल्लामा इकबाल पर अपने ख्यालात का इजहार करते कहा कि उर्दू अदब की तारीख में सैकड़ो ऐसे शायर हुए हैं, जिन्होंने हयाते जावेद हासिल की है। गालिब, अकबर, हसरत, मोमिन, मीर, इकबाल, दाग ऐसे शायर हैं जिनका नाम रहती दुनिया तक उर्दू अदब में बाकी रहेगा। आज गालिब के शेर हर खासो आम गुनगुनाते हैं। मगर इकबाल एक ऐसा शायर है जो कि उर्दू अदब में हिन्दुस्तान का ही नहीं बल्कि तमाम दुनिया का शायर है। वो किसी एक कौम का शायर नहीं खतीब, फलसफी, मौर्रिख सभी कुछ है। इकबाल दुनिया के पहले शायर है जिन्होंने दुनिया के तमाम फलसफों का मुताला मुकम्मल तरीके से किया। इसमें खुदी की तालीम दी।इकबाल हाल, माजी, मुस्तकबिल का शायर है। कहा कि इकबाल की मकबूलियत का आगाज उनकी नजम ह्वह्वहिमालयाह्वह्व से होता है। जिसको देख शेख अब्दुल कादिर ने अपना रिसाला ह्वफहजनह्व मे छापा था। सन-1905 में इंग्लिस्तान चले गये वहां से पीएचडी करके वापस आये। वतन से बाहर जाकर इकबाल का नजरिया बिलकुल जुदा हो गया। वो सारी दुनिया में अपना वतन शुमार करते थे। हमें चाहिए कि अंग्रेजी तालीम, हिन्दी तालीम के साथ साथ उर्दू को भी जरूरी बनायें। अंजुमन तरक्की उर्दू की कोशिश है कि उर्दू को तालीमी निसाब में शामिल किया जाये और जरूरी मजामीन के तौर पर उसका हक मिलना चाहिए। क्योंकि यह एक ऐसी जबान है जिसके अन्दर अदब व सलीका है। हमारे बच्चे तभी तहजीब और सलाहियत सीखेंगेगे जब वह उर्दू से वाबस्ता होंगे। आज हम यौमे उर्दू पर इस बात का हलफ लेते हैं कि हम ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को उर्दू पढ़ाये और उर्दू की तरक्की के लिए काम करेंगे।इस अवसर पर कालेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर कसा तंज, कहा कोई व्यक्ति वस्त्र से नहीं वचन से योगी होता है



प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ, । समाजवादी पार्टी प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान बिना नाम लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते तीखा हमला किया और कहा कि संत समाज के बीच झगड़े करवाए जा रहे हैं। जो खुद से बड़ा किसी और को नहीं मानते, वो कैसे ह्वयोगीह्व हैं? बता दें आज सपा कार्यलय में खजांची का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान अखिलेश ने कहा ह्वखजांची जितना बड़ा होता जा रहा है, नोटबंदी की नाकामी उतनी ही हम लोगों को दिखाई देने लगी है। इससे साथ ही अखिलेश ने कहा कि जो जितना बड़ा संत होता है वो उतना ही कम बोलता है और बोलता भी है तो जनकल्याण के लिए इसलिए उसके वचन प्रवचन कहलाते हैं। कोई व्यक्ति वस्त्र से नहीं वचन से योगी होता है। इसके आगे अखिलेश यादव ने योगी पर हमला करते हुए कहा जिनका काम सरकार चलाना है वो बुलडोजर चला रहे हैं और विकास का प्रतीक विनाश का प्रतीक बन गया है। देश में पहली बार ऐसा हुआ है कि सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार पर 25 लाख रुपये का भारी जुमार्ना लगाया है।

# आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक से टकरायी यात्रियों से भरी बस, पांच की मौत

प्रात: किरण संवाददाता



फिरोजाबाद, ।उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना नसीरपुर क्षेत्र में मथुरा से लखनऊ वापस जा रही यात्रियों से भरी प्राइवेट बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर खडे ट्रक में टकरा गई दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 20 लोग घायल है। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की रात को थाना नसीरपुर क्षेत्र में खराब खड़े हुए ट्रक में पीछे से जाकर एक प्राइवेट बस टकरा गई। दुर्घटना के साथ ही बस में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही एक्सप्रेस वे पर यूपीडा की टीम और थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई जिन्होंने घायलों को बस से निकालकर फिरोजाबाद जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर और शिकोहाबाद अस्पताल में पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने पांच घायलों को मृत घोषित कर दिया है। बाकी घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी जिला अस्पताल पहुंच गए थे। लखनऊ के मोहिनुदीनपुर निवासी संदीप कुमार अपने बेटे का मुंडन संस्कार कराने के लिए निजी बस से रिश्तेदारों के साथ मथुरा गए हुए थे जो शुक्रवार रात में वापस लौट रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। दुर्घटना के संबंध में एसपी ग्रामीण अखिलेश कुमार भदोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रात में लखनऊ एक्सप्रेस वे पर माइलस्टोन 49 पर खराब खड़े हुए ट्रक में एक निजी बस पीछे से जाकर टकराई है। पता चला है कि वस ड्राइवर नशे में था और उसी की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है जबकि खराब खड़े हुए ट्रक के पीछे अवरोधक भी लगे हुए थे। बस चालक ने उनको अनदेखा किया और बस ट्रक से जा टकरायी। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हुई है ।घायलों को शिकोहाबाद और जिला अस्पताल फिरोजाबाद में भर्ती कर दिया गया है जिनका उपचार जारी है। सभी लोग लखनऊ क्षेत्र के ही निवासी हैं। मृतकों में लखनऊ काकोरी क्षेत्र के संदीप कुमार (32) विटनो देवी (40) महादेव (45) है इनके अलावा एक महिला और एक पुरुष के शव की पहचान नही हो सकी है।

## उर्दू किसी विशेष धर्म, जाति अथवा क्षेत्र की भाषा नहीं: महताब अमरोहवी

प्रात: किरण संवाददाता




अमरोहा। नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय उर्दू दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। उर्दू विभागाध्यक्ष एवं चीफ प्राक्टर डा.महताब अमरोहवी ने कहा कि उर्दू किसी विशेष धर्म, जाति अथवा क्षेत्र की भाषा नहीं है बल्कि भारतीय परंपरा, सभ्यता व साहित्य का अंग है। कहा कि भाषा को धर्म-संप्रदाय से जोड़कर अन्याय किया जा रहा है। विश्व उर्दू साहित्य में लाखों ऐसे साहित्यकार हैं, जिनका धर्म दूसरा है लेकिन उन्होंने उर्दू साहित्य की सेवा निःस्वार्थ की। शिक्षा विभागाध्यक्ष डा. नसीम अहमद ने सभी भाषाओं का ज्ञान होने पर जोर दिया। डा. मुबारक अली ने उर्दू को प्रेम की भाषा के साथ भारतीय संस्कृति की भाषा बताया। इस दौरान डा. अथर कमाल, डा. महताब आलम, अतुल कुमार सोनी, अरमान सिद्दीकी, कसीम अशरफ, डा.रेशमा जैदी, डा.अंजलि पाठक, डा.निकहत नकवी, डा.संगीता गुप्ता, डा.फरहा सिददीकी, रूमाना आबिदी, उज्मा सैफी, डा.रूचि अग्रवाल, डा.सरिता रानी, जुनैद आलम, अर्चना शर्मा, शिवानी आदि मौजूद रहीं। समापन पर कॉलेज के संस्थापक स्व.नफीस अब्बासी की पांचवी बरसी पर कॉलेज स्थित उनकी मजार पर फूल चढ़ाकर खिराजे अकीदत पेश की गई। उनके अधूरे कामों को पूरा करने का संकल्प लिया गया।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, रविवार, 10 नवंबर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### शास्त्रो के सत्यापन नही कराने वाले का लाइसेंस हो सकता है रद्द

मधुबनी पैक्स आम निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने हेतु जिला के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियो के शस्त्र अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्रो का थाना वार भौतिक सत्यापन 5 नवम्बर 2024 से 12 नवम्बर 2024 तक कराया जाना है।इस हेतु जिला दंडाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने थाना वार पदाधिकारियो की प्रतिनियुक्ति किया है। जिला दंडाधिकारी ने निर्देश दिया है कि सभी संबंधित दंडाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष संबंधित थाना में उपस्थित होकर संयुक्त रूप से शास्त्रो का सत्यापन करेंगे।उन्होने कहा है कि सभी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी अपने क्षेत्र अंतर्गत शास्त्रो का सत्यापन का अनुपालन सुनिश्चित करवाएंगे। उन्होने सभी थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि उक्त निर्धारित तिथि को शस्त्र का भौतिक सत्यापन नही करने वाले अनुज्ञाप्ति धारियों को चिन्हित करते हुए उनके अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को जप्त करते हुए अनुज्ञप्ति को रद्द करने का प्रस्ताव स्पष्ट अनुशंसा के साथ उचित माध्यम से जिला शस्त्र कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगे।

### खाद की किल्लत,फसल क्षति व मुआवजा कि मांग को लेकर होगा आंदोलन

दरभंगा।किसान आंदोलन के दूसरे वर्षगांठ व संविधान दिवस के मौके पर सयुंक्त किसान मोर्चा व श्रमिक संगठनों के राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 26 नवम्बर को जिला मुख्यालयों पर सरकार के वादाखिलाफी के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी को लेकर सयुंक्त किसान मोर्चा व श्रमिक संगठनों की बैठक लहेरियासराय स्थित कर्मचारी महासंघ कार्यालय में वरिष्ठ किसान नेता नारायण जी झा की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में किसान सभा के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी, सयुंक्त ट्रेड यूनियन के जिला संयोजक फुलकुमार झा, अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार, जिला सचिव धर्मेश यादव, ऐक्टू के जिलाध्यक्ष रामानारायण पासवान भोलाजी, जिला सचिव उमेश प्रसाद साह, शिवन यादव, माधोपुर बसत वाड़ा के मुखिया प्रतिनिधि रामबाबू साह, शिवकुमार सिंह आदि ने शिरकत किया. बैठक से 10 नवम्बर से 25 नवम्बर तक किसान मजदूरों के बीच सघन ग्राम बैठक व जनसंपर्क करने, 17 नवम्बर को जिला स्तरीय किसान मजदूर कन्वेंशन करते हुए 26 नवम्बर को दरभंगा समाहरनालय पर विशाल प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया. बैठक में दरभंगा जिले में खाद के किल्लत व कालाबाजारी व बाढ़ के फसल क्षति मुआवजा के आवेदन के समय सीमा खत्म होने से किसानों को हो रही समस्या पर भी चर्चा हुई. इन सवालों पर दरभंगा जिला प्रशासन से जल्द ठोस कदम की मांग किया गया।

### दो शराबी गिरफ्तार

कल्याणपुर/ समस्तीपुर। चकमहेसी पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर विभिन्न गांव में जाकर दो युवक नशा पान कर गांव में उत्पात मचा रहा था। थाने से थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने पीटीसी दिनेश कुमार दास को पुलिस वल के साथ भेज कर गिरफ्तार कर लिया है।जिसकी पहचान चकमेहसी गांव के मोहम्मद अजहर के पुत्र मोहम्मद मकसूद व गंगा पारण गांव के कन्हाई सहनी के पुत्र इंदल सहनी को गिरफ्तार कर लिया है।थाने में सनहा दर्ज कर दोनों को न्यायालय में उपस्थित के लिए भेज दिया गया है।

# मांगो को ले 17 नवम्बर को जयनगर मे अखिल भारतीय पान महासंघ की रैली का होगा आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता



मधुबनी जयनगर में 17 नवम्बर को अखिल भारतीय पान महासंघ अपने हक अधिकार आरक्षण राजीनीतिक भागीदारी को लेकर विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली के सफल आयोजन तैयारी को लेकर शहर के एक निजी होटल के सभा कक्ष में अखिल भारतीय पान महासंघ की विशेष समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन मंत्री राजदेव दास के द्वारा किया गया। अखिल भारतीय पान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई.आई. पी .गुप्ता का संघ के सदस्यो कार्यकताओ के द्वारा भव्य स्वगात किया गया। मंचासीन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. आई.पी. गुप्ता समेत महासंघ के पदाधिकारियो व सदस्यो को फूल माला पहनाकर कर स्वागत कर सम्मानित किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. आई. पी .गुप्ता ने कहा कि यह बैठक अपने हक अधिकार आरक्षण राजनीतिक भागीदारी समेत अन्य मांगो को लेकर आयोजित हुई है। हाको रथ हम पान है मांगो को लेकर 17 नवम्बर को जयनगर के प्लस टू उच्च विद्यालय के परिसर के क्रीड़ा मैदान मे भव्य कार्यक्रम और विशाल रैली का आयोजन होगा। जिसमे बड़ी संख्या में महासंघ के बैनर तले लोग भाग लेंगे। रैली के माध्यम अपने मांगो को लेकर आंदोलन की रूप रेखा तैयार होगी।आयोजित होने वाली रैली के सफल आयोजन व तैयारी को लेकर महासंघ के द्वारा आज विशेष समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साजिस के तहत केंद्र और राज्य सरकार समेत विपक्षी दल हमारे अधिकार आरक्षण राजीनीतिक भागीदारी के साथ छलावा और हक मारी एवं ठगने व दरकिनार करने कार्य किया। पान समाज प्रदेश में अपनी हक और आरक्षण एवं राजीनीतिक भागीदारी को लेकर आरक्षण वापसी के लिए संघर्ष कर रही है जो कि अभियान के तहत निरन्तर जारी है और आरक्षण हक नहीं मिलने पर आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। हाको रथ हम पान है कि रथ यात्रा भी जारी रहेगा। अगर मांग पूरी नही हुई तो मांगो को 23 मार्च 2025 को प्रदेश के गांधी मैदान में पटना में विशाल रैली का भी आयोजन होगा और हाको रथ हम पान है हक एवं आरक्षण वापसी करो जय घोष के साथ सड़क पर आंदोलन करने का निर्णय लिया जाएगा। यह रैली ऐतिहासिक होगी और राजनीतिक भागीदारी की दिशा तय करेगी। हम संकल्प और प्रण लेते है कि अपने हक और अधिकारी व आरक्षण एवं राजनीतिक भागीदारी लेकर रहेंगे। समीक्षा बैठक में मौके पर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई.आई. पी. गुप्ताराष्ट्रीय महासचिव राम अधीन दास राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजदेव दास प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शशि भूषण तांती प्रदेश युवा अध्यक्ष दिनेश कुमार तांती प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार दास जिला अध्यक्ष महादेव दास जिला उपाध्यक्ष मिथलेश दास प्रखण्ड अध्यक्ष धनिक लाल दास संजीव दास धर्मेद्र दास सुरेश दास भोगेन्द्र दास राम कुमार दास मनोज दास समेत बड़ी संख्या में महासंघ के सदस्यो कार्यकताओ ने भाग लिया।

## विश्व शांति व जनमानस कल्याण के लिए दो दिवसीय अष्टयाम, संकीर्तन का हुआ समापन

प्रात: किरण, संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के बलहा हवासपुर में विश्व शांति व जनमानस कल्याण के लिए हर साल की भांति इस साल भी छठ पूजा के उपरांत महंथ रामानुज महाराज जी के आवासीय परिसर में दो दिवसीय अष्टयाम संकीर्तन महायज्ञ की शुरूआत की गई थी ,जिसकी समाप्ति शनिवार को हुई। अष्टयाम महायज्ञ के मुख्य यजवान की भूमिका में बाबुल राजा व साजन थे।वहीं पंडित के भूमिका में पंडित अखिलेश झा थे। वहीं हरे राम हरे राम, हरे कृष्णा हरे हरे की धुन से दो दिनों तक पूरा वातावरण गूँजयमान व भक्तिमय बना रहा। मौके पर गंगा प्रसाद ईश्वर ,अखिलेश झा,केशव बाबू आदि सक्रीय भूमिका में मैजूद थे।

## सीपीआई(एम) की बैठक में आयोजित सांगठनिक सम्मेलन पर हुई विचार विमर्श

प्रात: किरण, संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर सीपीआई (एम)पार्टी शाखा बोरिया और मानारायटोल की बैठक शंकर मल्लिक की अध्यक्षता और जिला कमेटी सदस्य अरविन्द कुमार दास के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम बिहार की स्वर कोकिला लोक गायिका प्रोफेसर शारदा सिंहा के निधन पर मौन धारण शोक व्यक्त किया। तदुपरान्त पैक्स चुनाव पर विचार विमर्श कर निवर्तमान अध्यक्ष संजू कुमारी को समर्थन देने का निर्णय किया गया। वहीं केराई में 17 से 18 नवम्बर 2024 तक होनेवाले लोकल कमिटी विभूतिपुर उत्तर के त्रिवर्षीय सत्रहवें सांगठनिक सम्मेलन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को पूर्व मुखिया जितेन्द्र प्रसाद सिंह, क्रान्ति कुमार, सुनील कुमार, रामजी महतो, चन्दन कुमार राय, उमेश ठाकुर, टुनटुन राम, रणजीत कुमार महतो, मुनेश्वर दास, प्रमिला देवी, सीता देवी, अमरजीत कुमार रजक, अमरेश कुमार निराला आदि ने संबोधित किया।

# दरभंगा एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम को बनाएं ऐतिहासिक : संजय सरावगी

**शिलान्यास कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी को लेकर किया विचार-विमर्श**



प्रात: किरण, संवाददाता

दरभंगा। एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधान सभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह नगर विधायक संजय सरावगी की अध्यक्षता में सदर प्रखण्ड अंतर्गत शीशो पश्चिमी पंचायत के मखनाही गाँव में 3 पंचायतों के भाजपा पार्टी पदाधिकारी व प्रमुख कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमें विधायक श्री सरावगी ने भाजपा कार्यकताओं से आगामी 13 नवंबर को प्रस्तावित दरभंगा एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दरभंगा आना मिथिला के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा। यह अत्यंत गर्व का विषय है कि पीएम मोदी स्वयं दरभंगा आकर शोभन में एम्स निर्माण स्थल पर भूमि-पूजन एवं विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कार्यक्रम में क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में लोग भाग लेकर इस युगांतकारी सौगात के लिए पीएम मोदी के प्रति आभार जताएं। बैठक में शीशो पूर्वी, शीशो पश्चिमी और शाहबाजपुर पंचायत के प्रमुख कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक श्री सरावगी ने कहा कि दरभंगा एम्स के शिलान्यास को लेकर हर तरफ उत्साह का माहौल है। लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ता मदद करेंगे। बैठक में कार्यक्रम की सफलता एवं तैयारियों पर चर्चा हुई तथा पीएम मोदी का दरभंगा आगमन व शिलान्यास कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाने पर विचार-विमर्श किया। विधायक श्री सरावगी ने कहा कि दरभंगा एम्स का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिथिला के प्रति अगाध प्रेम को दशार्ता है। दरभंगा में एम्स के निर्माण से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई क्रांति आएगी। अब तक मिथिला क्षेत्र के लोग उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं के लिए अन्य बड़े शहरों का रुख करते थे, लेकिन दरभंगा एम्स बन जाने से यहाँ के लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।बैठक में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र झा, सदर प्रमुख उदय सहनी, मुखिया अजय ठाकुर, बजरंग बली दास, प्रखण्ड महामंत्री पप्पू ठाकुर, सरपंच अरमान खान, पूर्व मुखिया शमसे आलम खान, शैलेन्द्र सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता जय किशोर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, रिंकू जी, कमलेश झा, मुकेश यादव, शंभू सहनी, सुधीर पासवान, दीपक सिंह, रूदल राम सहित भाजपा के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# भगवान की कथा भगवान से भी श्रेष्ठ है : सुधांशु कृष्ण

**सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव शुरू**



प्रात: किरण, संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर मानव जीवन में कथा श्रवण परम सौभाग्य की बात है। श्रीराम कथा जन जन के मानस में समाया है। भगवान की कथा फलदायी है तब जब हृदय में ज्ञान और भक्ति का प्रवेश होना चाहिए।ये प्रवचन प्रखंड के राघोपुर वार्ड 08 में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव में अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक सुधांशु कृष्ण जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि जहां भक्ति है वहीं भगवान है। मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य है परमात्मा की प्राप्ति और परमात्मा की कथा मिल जाए तो वह परम सौभाग्य की बात है। कथा जीवन की व्यथा को मिटाती है इसलिए भगवान की कथा भगवान से भी श्रेष्ठ मानी जाती है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के राज्य में घर घर कथा वाचन होता था। इसलिए उनके राज्य में मानव दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों ताप से मुक्त था। इससे पूर्व मुख्य यजमान ब्रह्म कुमार, सतीश चन्द्र चौधरी,ब्रह्मा कुमारी, वार्ड सदस्या साक्षी कुमारी, अंशुमान चौधरी ने व्यास पीठ का पूजन किया और भगवान श्रीराम और रामचरित मानस की आरती उतारी। वहीं समाजसेवी अभिषेक अनल, मनोरंजन प्रसाद मिश्र, अजय कुमार सिंह ने श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ किया। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु नर नारी उपस्थित थे। वहीं आयोजक की ओर से सभी अतिथियों को सम्मानित भी किया गया।

## स्टेशन परिसर स्थित बाइक स्टैंड में धांधली का हुआ खुलासा, एसएस ने की जांच

**पीड़ित ने डीसीएम को मेल पर की शिकायत**

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी जयनगर रेलवे स्टेशन स्थित बाइक स्टैंड संवेदक द्वारा निर्धारित राशि से तीन गुणा अवैध वसूली का मामले का खुलासा पीड़ित यात्री सह बाइक चालक ने स्टेशन अधीक्षक को शिकायत किया ।शिकायत पर स्टेशन अधीक्षक रमेश चंद दास व पूर्व सीएस विजेद्र कुमार ने शिकायतकर्ता के संग बाइक स्टैंड पर जांच किए है। पीड़ित यात्री के अनुसार बाइक स्टैंड संवेदक कर्मी ने दस रुपए पार्किंग चार्ज की जगह तीस रुपए की मांग की। पीड़ित ने कहा कि विरोध करने पर संवेदक कर्मी द्वारा दुर्व्यवहार भी किया स्टेशन अधीक्षक के जांच के उपरांत अवैध वसूली के बीस रुपए वापस किए तथा डीसीएम समस्तीपुर के मेल पर शिकायत भी किए है। एसएस ने बताया कि जांच में कई बाइक चालक यात्री से दस की जगह तीस रुपए वसूलने की पुष्टि हुई है। एक यात्री का अतिरिक्त वसूला गया बीस रुपए वापस कराया गया है। कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा जा रहा है इस प्रकार का मामला जयनगर स्टेशन पर बाइक सवार यात्रियो के साथ अवैध वसूली की लगातार शिकायत यात्रियो द्वारा किया जाता रहा है।

## प्रखंड स्तरीय जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित, राजनीति पर विचार विमर्श



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई ई०अलीगंजः-बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जेडीयू ने तैयारी शुरू कर दी है. जनता दल यूनाइटेड ने सभी जिलों में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है इसी कड़ी मे शनिवार को जनता दल यूनाइटेड पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के आदेश अनुसार अलीगंज प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष शीतल मेहता की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया अयोजित किया गया,जिसमें विधानसभा प्रभारी विनोद पासवान, जदयू जिला अध्यक्ष शैलेंद्र महतो , जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं 20 सूत्री मेंबर शिव शंकर चौधरी , उपस्थित हुए, उसपस्थित नेता ने सभी कार्यकर्ता को अपनी पार्टी एवं चुनाव को देखते हुए पार्टी के के निदेर्शानुसार अपनी अपनी दायित्वों का पालन करना ही हमारी जिम्मेवारी है, इसमें कार्यकताओं से आह्वान किया गया कि हमारे नेता विकास पुरुष माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यों को जन-जन तक घर-घर तक पहुंचाना समझना और संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने पर बल दिया गया है !और प्रखंड स्तरीय जदयू सदस्य सभी लोगो से मिलकर उन्हें सरकार की कार्यों को बताये, मौके पर,अल्पसंख्यक सेल के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रभारी प्रमोद चंद्रवंशी जी ,जदयू जिला महासचिव मोहम्मद नौशाद, जदयू के जिला उपाध्यक्ष कालेश्वर मेहता, जिला कार्यकारिणी के सदस्य धनंजय मेहता, कृष्णनंदन प्रसाद ,सागर महतो सुरेंद्र महतो रामजतन, रमेश कुमार, विद्यानंद महतो ,अनिल महतो एवं प्रखंड कार्यकारिणी एवं पंचायत कार्यकारिणी के सभी सम्मानित जदयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे,

## मधुबनी : उन्नत भारत द्वारा चौड़ी गाँव में 4 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

उन्नत भारत सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के सहयोग से मधुबनी जिले के चौड़ी गाँव में एक 4 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 400 से अधिक स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों के रक्तचाप और मधुमेह की जांच की और जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित कीं। शिविर में प्रमुख रूप से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका शराफ, डॉ. मुन्ना सिंह, डॉ. अंगेश, डॉ. शैलेश मिश्र और डॉ. क्षितिज द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता टुनटुन ठाकुर, अभिषेक मिश्र, सीएस. सुदिष्ट ठाकुर और उन्नत भारत सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य अम्बुज झा, विनीत ठाकुर, विजय ठाकुर एवं सोनू भी उपस्थित रहे। यह शिविर क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुआ, क्योंकि यहां न केवल चिकित्सा जांच हुई, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ी। उन्नत भारत सोशल वेलफेयर सोसाइटी के इस प्रयास को समुदाय द्वारा सराहा गया और इसे स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

# जगत जननी मां जानकी की नगरी में एम्स का शिलान्यास पर्व की तरह हो : मंगल पाण्डेय

प्रात: किरण, संवाददाता



दरभंगा। भारतीय जनता पार्टी जिला की बैठक जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी के अध्यक्षा में जिला कार्यालय में हुआ।इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री सह जिलाप्रभारी मंत्री मंगल पांडे,संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानिया,दरभंगा सांसद गोपाल जी ठाकुर,मधुबनी सांसद अशोक यादव,सांसद धर्मशीला गुप्ता,नीतीश मिश्रा मंत्री बिहार सरकार, हरि सहनी मंत्री बिहारसरकार ,दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी,जाले विधायक जीवेश मिश्रा,आदि उपस्थित थे।अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री मंगल पांडे ने कहा जगत जननी मां जानकी की नगरी में एम्स का शिलान्यास पर्व की तरह है ।13 नवंबर दरभंगा के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरूआत होगी जिससे विकसित भारत में स्वास्थ्य सेवा में एक क्रांति आएगी ।बिहार की धरती पर यह दूसरे एम्स होगा जिससे 8 करोड़ से अधिक लोगों के लिए स्वर्णिम भविष्य और ऐतिहासिक विकाश की सौगात होगी ।पी एम मोदी द्वारा सहमति देने के बाद मिथिला में उत्साह ,कार्यकर्ता में जोश का माहौल को देखते हुए तैयारी की जा रही है ।इस कार्यक्रम में लाखों की संख्या उपस्थित होकर नरेंद्र भाई मोदी को स्वागत करेंगे ।प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह शिलान्यास मिथिला की आकांक्षाओं की विजय है,यह एक ऐसा उपहार है जिससे पीड़ित शोषित ,वंचित को बेहतर स्वास्थ्य के लिए अब दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा।

संगठन महामंत्री भीखू भाई ने कहा सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक जनता को इस कार्यक्रम में लाए चाहे किसी दल से संबंधित हो और सरकार के विकास की जानकारी दे की प्रधानमंत्री मोदी जी के संकल्प सभी के जीवन बेहतर हो जिसके लिए ओ कोई कसर नहीं छोड़ रहे आज गर्व की विषय है कि उनके कर कमलों से एम्स का शिलान्यास होगा ।

कार्यक्रम को दरभंगा सांसद गोपाल जी ठाकुर, मधुबनी के सांसद अशोक कुमार यादव,सांसद धर्मशिला गुप्ता,मंत्री नीतीश मिश्रा व हरि सहनी, नगर विधायक सह संचेतक संजय सरावगी,पूर्व मंत्री सह जाले विधायक जीवेश कुमार,जगरनाथ ठाकुर प्रदेश महामंत्री ने सम्बोधित किया।

# एम्स के निर्माण से मिथिला का कायाकल्प हो जाएगा : सांसद

● 13 नवंबर के प्रस्तावित कार्यक्रम में लाखों लोगों की होगी भागेदारी

प्रात: किरण, संवाददाता



दरभंगा। दरभंगा एम्स का शिलान्यास 13 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से होना प्रस्तावित है। इसको लेकर आज बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ,भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया ,बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी ,राज्यसभा के सांसद सह जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ,नगर विधायक संजय सरावगी सहित वरिष्ठ एनडीए नेतागणों के साथ एम्स स्थल पहुँचकर प्रशासनिक अधिकारियों से तैयारियों के संदर्भ में विस्तृत चर्चा और कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया। सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा की दरभंगा में यशस्वी प्रधानमंत्री का मिथिला परम्परानुसार भव्य एवं दिव्य स्वागत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एम्स के निर्माण हो जाना से मिथिला का कायाकल्प हो जाएगा तथा प्राकृतिक आपदाओं से ग्रसित इस क्षेत्र से बेरोजगारी तथा पलायन जैसी समस्याओं का भी निदान होगा। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा में एम्स की अवधारणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का का दूरगामी एवं प्रभावी फैसला बताते हुए कहा कि दरभंगा पूरे मिथिला क्षेत्र का केंद्र बिंदु है तथा नेपाल के सीमावर्ती जिलों एवं सिक्किम जैसे राज्यों का भी बेहतर इलाज के लिए लोगों को यहां सुगमता होगी। 13 नवंबर के प्रस्तावित कार्यक्रम में लाखों लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होने का दावा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर जिस तरह से लोगो में उत्साह है वह इस बात को साबित करता है कि बहुप्रतीक्षित इस शिलान्यास कार्यक्रम की सफलता अभी तक के सारे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष जीबछ सहनी पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, उदयशंकर चौधरी, प्रेम कुमार रिंकू, विकास विवेक चौधरी, आशुतोष झा, पुरुषोत्तम सिंह आदि मौजूद थे

## दुष्कर्म के प्रयास मामले में आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा

प्रात: किरण, संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।दुष्कर्म के असफल प्रयास मामले में बहेड़ा थाना में मृतका के परिजन के फर्द बयान पर केस दर्ज किया गया तथा आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दी गई है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। दुष्कर्म के असफल प्रयास मामले में घायल किशोरी की दरभंगा के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बहेड़ा पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। परिजन ने शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस आरोपी अमलेश यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 7 नवंबर की सुबह शौच के लिए गई किशोरी (15) के साथ दुष्कर्म करने में विफल रहने पर युवक ने उसे चाकू से गोद दिया है। ग्रामीणों ने जख्मी किशोरी को गंभीर अवस्था में डीएमसीएच में भर्ती कराया। वहीं आरोपी युवक की जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया है। मृतक किशोरी की मां का कहना है कि आरोपी युवक ने किशोरी के पेट, पीठ व हाथ सहित 11 जगहों पर चाकू से वार किया है, जिससे जख्म से अधिक मात्रा में खून निकलने के कारण किशोरी की मौत हो गई। बहेड़ा एसएचओ चंद्रकांत गौड़ी ने इस संबंध में पूछने पर बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया गया है तथा अंतिम संस्कार कर दिया गया। मामले में एफआईआर दर्ज की गई है तथा आरोपी अमलेश यादव को गिरफ्तार किया गया है मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

## झाझा स्टेशन होकर गुजरने वाली मिथिला एक्सप्रेस से एक साल की बच्ची की गई बरामद, झाझा जीआरपी परिजनों की तलाश में जुटी

प्रात: किरण, संवाददाता



झाझा रेलवे स्टेशन होकर गुजरने वाली मिथिला एक्सप्रेस में परिजन से बिछड़कर रोते बिखलते एक 4 साल की बच्ची को ट्रेन में स्काउट कर रहे रेल पुलिस के द्वारा बरामद किया। शनिवार की सुबह 10 बजे रेल थानाध्यक्ष बृंद कुमार ने बताया कि बच्ची अपना नाम खुशी कुमारी, पिता गोपाल साह, मां ज्योति साह ही बता पा रही है। घर का पता नही बताने के कारण रेलपुलिस के द्वारा परिजनों कि तलाश की जा रही है।



# पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं सूर्या और कार्ति?

शिव निर्वाण की गिनती साउथ के प्रतिभाशाली निर्देशकों में होती है। उन्होंने अपने करियर में कुछ यादगार फिल्में बनाई हैं, जिसकी वजह से उन्होंने अपने लिए एक मुकाम हासिल किया है। उनकी पिछली फिल्म कुशी ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसमें सामंथा और विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। इस बीच अब उन्हें लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है, जिसके तहत बताया जा रहा है कि वो एक मल्टी स्टारर फिल्म पर काम कर रहे हैं।

शिव निर्वाण की फिल्म के लिए हो सकती है शिव निर्वाण अपनी पिछली फिल्म कुशी के बाद नागा चैतन्य के साथ एक फिल्म बनाने वाले थे। हालांकि, बाद में यह प्रोजेक्ट बंद हो गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, अज्ञात कारणों से इस प्रोजेक्ट को रोक दिया गया है। 123 तेलुगु डॉट कॉम के एक रिपोर्ट के मुताबिक, शिव निर्वाण वर्तमान में एक मल्टी-स्टारर फिल्म लिख रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा कहा जा रहा है कि वे इस फिल्म के लिए कंगुवा अभिनेता सूर्या और कार्ति को लाने की योजना बना रहे हैं।

साउथ के सुपरस्टार्स सूर्या और कार्ति, दोनों भाई है और दोनों ही कलाकार हमेशा से एक साथ मिलकर फिल्म बनाना चाहते थे, लेकिन उन्हें कोई उपयुक्त स्क्रिप्ट नहीं मिली। रिपोर्ट के मुताबिक, अब शिव निर्वाण एक ऐसी ठोस स्क्रिप्ट तैयार कर रहे हैं, जिसमें दो हीरो होने की गुंजाइश है, इसलिए निर्माता चाहते हैं कि सूर्या और कार्ति दोनों इस फिल्म का हिस्सा बनें। अब दोनों को क्या ये कहानी पसंद आएगी और वे इसमें काम करेंगे, यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन अगर ऐसा होगा, तो दोनों के फैंस काफी ज्यादा खुश हो जाएंगे।





# क्राइम-थ्रिलर वाली कहानी में नजर आएंगी तमन्ना भाटिया

तमन्ना भाटिया अपने प्रशंसकों के लिए एक नया तोहफा लेकर आईं हैं। तमन्ना भाटिया लव स्टोरी, आइटम सॉन्ग के बाद अब क्राइम और थ्रिलर कहानी के साथ नजर आने वाली हैं। तमन्ना भाटिया की ये नई फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी घोषणा की है। फिल्म 29 नवंबर ओटीटी पर रिलीज होगी।

## इस डायलॉग के साथ साझा की गई पोस्ट

नेटफ्लिक्स की ओर से इस पोस्ट में तीन आरोपी, लेकिन कौन अपराधी? केस जल्दी ही खुलेगा। सिकंदर का मुकद्दर देखें, 29 नवंबर को, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर! यह फिल्म एक डकैत और उसे रोकने की कोशिश कर रहे एक पुलिस अधिकारी की कहानी पर आधारित होगी। फिल्म लगभग 15 साल के लंबे समय की कहानी होगी। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

ऐसी है फिल्म की कास्ट

फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे कर रहे हैं। सिकंदर का मुकद्दर में तमन्ना भाटिया, अविनाश तिवारी, जिमी शेरगिल, राजीव मेहता, दिव्या दत्ता और जोया अफरोज जैसे कलाकार शामिल हैं। अभिनेता तब्बू और अजय देवगन की फिल्म  औरों में कहां दम था फिल्म का निर्देशन भी नीरज पांडे ने किया था।

## इस फिल्म में नजर आईं तमन्ना भाटिया

तमन्ना भाटिया आखिरी बार ब्लॉकबस्टर स्त्री 2 में एक कैमियो भूमिका में दिखाई दी थीं। जिमी शेरगिल ने आखिरी बार नेटफ्लिक्स की फिर आई हसीं दिलरुबा में अभिनय किया था। औरों में कहां दम था फिल्म में जिमी शेरगिल नजर आ चुके हैं। नीरज पांडे के निर्देशन में एक बार फिर वे ओटीटी पर नजर आने वाले हैं।

## स्त्री 2 में किया था आइटम नंबर

तमन्ना भाटिया ने फिल्म स्त्री 2 में आइटम नंबर गाने पर डांस किया। इस फिल्म में उनके इस गाने को प्रशंसकों ने काफी पसंद किया। तमन्ना भाटिया को उनकी फिल्मों के लिए भी प्रशंसकों का प्यार मिलता है। ओटीटी पर उनकी फिल्म का भी प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# द साबरमती रिपोर्ट में पत्रकार की दमदार भूमिका निभाई में हैं राशि खन्ना

पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना और विक्रांत मैसी की मुख्य भूमिकाओं वाली द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। ट्रेलर में 27 फरवरी, 2002 की सुबह गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस पर हुई दुखद घटना की एक मनोरंजक झलक दिखाई गई है। राशि खन्ना और विक्रांत मैसी दोनों ही 'द साबरमती रिपोर्ट' में रिपोर्टर की भूमिका निभा रहे हैं, जो देश की सबसे विवादास्पद घटनाओं में से एक के पीछे की क्रूर सच्चाई को उजागर करने के लिए एक साथ आते हैं।

ट्रेलर में उनके दमदार किरदार ने एक मजबूत छाप छोड़ी है और फैंस फिल्म में उनके पूरे प्रदर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर में उनके किरदारों के बीच की आकर्षक केमिस्ट्री की झलक भी मिलती है। रोमांचक प्लॉट ट्विस्ट और एक एंटरटेनिंग नैरेटिव के वादे के साथ, दर्शकों में उत्सुकता बढ़ रही है। वे यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि उनके किरदार दुखद घटना के पीछे के रहस्य को कैसे उजागर करते हैं। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर साझा किया है। ट्रेलर रिलीज़ से पहले, मेकर्स ने पहले ही एक टीज़र और कुछ मोशन पोस्टर के साथ दर्शकों की जिज्ञासा को बढ़ा दिया था, जिसने फिल्म के इर्द-गिर्द रहस्य को और बढ़ा दिया। अब, पूरा ट्रेलर रिलीज़ होने के साथ ही, फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है क्योंकि वे 15 नवंबर, 2024 को 'द साबरमती रिपोर्ट' की रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' के अलावा, राशि खन्ना अपनी आगामी फ़िल्म 'तलाखों में एक' में विक्रांत मैसी के साथ फिर से नज़र आएंगी, जो जल्द ही रिलीज़ होने वाली है। उनकी एक तेलुगु फ़िल्म भी पाइपलाइन में है, जिसका नाम 'तेलुसु कड़ा' है।

# गोधरा कांड का सच सामने लाएंगे विक्रांत? हिंदी बनाम अंग्रेजी पत्रकारिता की भी जंग

द साबरमती रिपोर्ट इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसका ट्रेलर आज आखिरकार निर्माताओं ने रिलीज कर दिया है। विक्रांत मैसी एक बार फिर धीरज सरना की द साबरमती रिपोर्ट के साथ बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। यह फिल्म इस महीने सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसमें राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा भी हैं। यह फिल्म 2002 की गोधरा ट्रेन आगजनी की घटना पर केंद्रित सच्ची घटनाओं पर आधारित है।

अब निर्माताओं द्वारा जारी किया गया फिल्म का ट्रेलर इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। ट्रेलर में मैसी को एक पत्रकार के रूप में दिखाया गया है, जो हिंदी भाषी है और इसलिए उसे दरकिनार कर दिया जाता है। वह एक प्रसिद्ध अंग्रेजी भाषी पत्रकार के साथ काम करता है, जिसका किरदार रिद्धि डोगरा ने निभाया है। हालांकि, गोधरा की घटना के दिन चीजें बदल जाती हैं।

हिंदी बनाम अंग्रेजी की लड़ाई

फिल्म में साबरमती ट्रेन हादसे जैसे गंभीर मुद्दे को दिखाया गया है, लेकिन ट्रेलर में हिंदी बनाम अंग्रेजी की लड़ाई प्रमुख है। इसके अलावा, यह विक्रांत मैसी की हिट फिल्म 12वीं फेल में उनके अभिनय की भी याद दिलाता है। ट्रेलर साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, इतिहास गवाह है, देश हो या इंसान, गिर कर ही संभलता है। झूठ का चाहे जितना भी लंबा दौर हो, उसे सिर्फ सच ही बदलता है।

यह भारतीय इतिहास और राजनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण था और हाल के इतिहास में एक अत्यधिक विवादास्पद अध्याय रहा है, जिसके कारण कई दुखद घटनाएं हुईं, जिन्होंने देश के सामाजिक ताने-बाने को कई तरह से बदल दिया। विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





# क्या चौथी किस्त में अक्षय और कियारा की होगी एंट्री?

**अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 सिनेमाघरों में अच्छी कमाई कर रही है। रूह बाबा बनकर लौटे कार्तिक को दर्शकों का प्यार मिल रहा है। इस बीच इस लोकप्रिय फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।**

मीडिया रिपोर्ट्स में अब दावे किए जा रहे हैं कि भूल भुलैया 4 अक्षय कुमार भी आ सकते हैं। साथ ही दूसरी किस्त में नजर आईं कियारा आडवाणी की एंट्री भी हो सकती है। निर्माता भूषण कुमार ने भी इसके कुछ संकेत दे डाले हैं।

## मल्टी स्टारर होगी भूल भुलैया 4

पहले खबर थी कि भूल भुलैया 3 की सफलता के बाद, भूषण कुमार हॉरर कॉमेडी फिल्म की चौथी किस्त लाने की प्लानिंग कर रहे हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए जा रहे हैं कि भूल भुलैया 4 में अक्षय कुमार और कियारा आडवाणी भी कार्तिक आर्यन के साथ स्क्रीन साझा कर सकते हैं। भूल भुलैया 3 की रिलीज से पहले ऐसी अटकलें थीं कि कियारा आडवाणी और अक्षय कुमार तीसरे पार्ट में कैमियो रोल में नजर आएंगे। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। अब टी-सीरीज के एमडी और निर्माता भूषण कुमार ने भूल भुलैया 4 के मल्टी-स्टारर फिल्म होने की संभावनाओं पर बात की है।

## फिल्म की कहानी पर है निर्भर

भूषण कुमार ने कहा कि सबकुछ कहानी पर निर्भर करता है। उन्होंने अक्षय कुमार की मौजूदगी की संभावनाओं से इनकार भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि सभी को एक साथ लाना तभी सार्थक होगा, जब कोई ठोस कहानी हो। कहा जा रहा है कि इस वक्त भूषण कुमार के पास कई फिल्में हैं, जो उनके दिल के काफी करीब हैं। ये चर्चित फिल्मों के दूसरे और तीसरे पार्ट पर भी काम करने में जुटे हैं। इनमें धमाल 4 भी डेवलपमेंट स्टेज पर है। इसकी शूटिंग 2025 में शुरू हो सकती है।

## आसान नहीं होगा चौथा पार्ट

इसके अलावा पति पत्नी और वो 2, भूल भुलैया 4 भी आगामी तीन सालों में बन सकती हैं। दोनों में कार्तिक आर्यन होंगे। इससे पहले भूल भुलैया 4 को लेकर निर्देशक अनीस बज्मी भी बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, पार्ट 4 एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी। चाहे कोई भी बनाए, लेकिन यह बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि चौथी फिल्म की तुलना सीधे पहली, दूसरी और तीसरी फिल्मों से होगी। यह किसी के लिए भी आसान नहीं होगा। मेरे लिए भी नहीं।

## बॉक्स ऑफिस पर छाई भूल भुलैया 3

फिलहाल बात करें भूल भुलैया 3 की तो यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। करीब 150 करोड़ रुपये बजट में बनी फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर  148.50 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।



# अर्जुन कपूर ने डेंजर लंकेश किरदार के लिए रोहित शेट्टी को कहा शुक्रिया

फिल्म सिंघम अगेन को लेकर अर्जुन कपूर ने रोहित शेट्टी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशंसक उनके किरदार को पसंद कर रहे हैं। आइए आपको बताते हैं फिल्म को लेकर क्या सोचते हैं अर्जुन कपूर।

फिल्म सिंघम अगेन को लेकर अर्जुन कपूर ने कुछ बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के लिए रोहित शेट्टी ने मुझ पर भरोसा किया। मैंने अच्छा काम किया। डेंजर लंकेश की भूमिका निभाकर मैं खुश हूं। अर्जुन ने कहा कि जिनके लिए मैं काम करना चाहता हूं। उन्हें भी मेरा परफॉर्मेंस अच्छा लगा।

अर्जुन कपूर ने कहा, मैं उन दर्शकों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ जो मेरी फिल्म देखने गए। मैं रोहित शेट्टी का भी शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे चुना और मुझ पर भरोसा जताया। मुझे खुशी है कि लोगों को मेरा काम पसंद आ रहा है। मैं खुशकिस्मत हूँ कि इंडस्ट्री ने हमेशा मेरे काम की तारीफ की है... उन्होंने कहा, मुझे दर्शकों पर भरोसा था कि अगर मैं अच्छा काम करूँगा तो नतीजा भी अच्छा ही आएगा। मेरे दोस्त विक्की, आलिया, वरुण और मेरे गुरु आदित्य चोपड़ा ने मेरी तारीफ की लेकिन सबसे अच्छी तारीफ मेरी मासी ने की...

## इंडस्ट्री में मेरे काम को सराहा गया

अर्जुन कपूर ने कहा कि मैं खुशनसीब रहा हूं। इंडस्ट्री में मेरे काम को काफी सराहा गया है। मेरी फिल्में भले ही फ्लॉप रही हों लेकिन मुझे और मेरे अभिनय को इंडस्ट्री में सराहा गया है। मेरी बहन और मेरे पापा ने भी मेरी फिल्मों को पसंद किया है। अर्जुन ने कहा कि लोग कहते हैं कि मैं आपकी फिल्म देखने हम परिवार के साथ गए।

## कुछ ऐसी है फिल्म की कहानी

सिंघम अगेन फिल्म में अर्जुन कपूर को विलेन के रूप में देखा गया। अर्जुन को डेंजर लंकेश के किरदार के लिए प्रशंसकों का प्यार मिल रहा है। फिल्म की कहानी को रामायण के आधार पर बढ़ा कर प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार जैसे सितारे नजर आ रहे हैं।



# पिछली कुछ फिल्मों की असफलता पर बोलीं सामंथा

सामंथा रुथ प्रभु साउथ की मशहूर अभिनेत्री हैं, जो हिंदी वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी। वह इन दिनों अपनी एक और हिंदी वेब सीरीज सिटाडेल हनी बन्नी को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने अपनी पिछली कुछ फिल्मों की असफलताओं पर बात की है। इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान, सामंथा ने कुछ निराशाओं का सामना करने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा, मैं मानती हूं कि मैंने अतीत में कुछ गलतियां की हैं, चीज़ें वास्तव में काम नहीं आईं और मैं असफलता को स्वीकार करती हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं स्वीकार करती हूं कि पिछली कुछ फिल्मों में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया होगा।






## आरआर काबेल ने भोपाल में काबेल स्टार सीजन 3 के विजेताओं की घोषणा की

**भोपाल।** भारत की अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल और तार एवं केबल निर्माता कम्पनी आरआर काबेल ने भोपाल में अपने काबेल स्टार स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2024 के विजेताओं की घोषणा की है। स्कॉलरशिप कार्यक्रम इस उद्योग से जुडी एक अग्रणी पहल है जिसके तहत इलेक्ट्रीशियंस के 10वीं कक्षा उत्तीर्ण बच्चों को स्कॉलरशिप दी जाती है। आरआर काबेल के शिक्षित और सशक्त भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप् इस कार्यक्रम के लिए कम्पनी ने एक करोड़ रूपए प्रतिवर्ष की राशि आवंटित की है ताकि इन होनहार छात्रों को उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। देशभर में अब तक 3000 छात्रों को दस-दस हजार रूपए की व्यक्तिगत स्कॉलरशिप के लिए चुना जा चुका है। इन होनहार छात्रों ने इस कार्यक्रम के जरिए न केवल अपनी उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त की, बल्कि इसके जरिए अपनी आकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी उठाया।
कंपनी ने इस उद्योग में इस तरह की पहली कोशिश करते हुए स्कॉलरशिप कार्यक्रम के दो सत्र सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं और आवेदकों की एक अच्छी संख्या के साथ यह तीसरा सत्र है। देशभर से लगभग 1000 स्कॉलरशिप विजेताओं में से 70 विजेताओं के साथ मध्य प्रदेश एक असाधारण केंद्र के रूप में उभरा है। विजेताओं का जश्न भोपाल के सिंधु भवन ट्रस्ट में आयोजित एक विशेष समारोह में मनाया गया।

## पैंटोमैथ के भारत वैल्यू फंड ने हल्दीराम भुजियावाला में अल्पमत हिस्सेदारी के लिए 235 करोड़ रुपये का निवेश किया

**मुंबई, एजेंसी।** कोलकाता स्थित हल्दीराम भुजियावाला लिमिटेड ने अपने निजी प्लेसमेंट दौर के सफल समापन की घोषणा की है। इसमें पैंटोमैथ के भारत वैल्यू फंड (बीवीएफ) ने अल्पांश हिस्सेदारी के लिए कंपनी में 2350 मिलियन रुपये का निवेश किया है। हल्दीराम भुजियावाला लिमिटेड अपने उत्पादों को प्रभुजी ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री करता है। भारत में सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक स्नैक्स बाजार का मूल्य वित्त वर्ष 24 में 426 बिलियन रुपये होने का अनुमान लगाया गया था, जो 11त्न सीएजीआर के साथ वित्त वर्ष 2032 तक 955 बिलियन रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। इस बाजार में पर्याप्त बाजार हिस्सेदारी रखने वाली संगठित कंपनियां इस वृद्धि में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में शामिल हो सकती हैं। उत्पाद विविधीकरण पर उनका लगातार ध्यान, क्वालिटी, सुविधा और सुरक्षा मानकों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता के साथ मिलकर उन्हें आगे विस्तार के लिए तैयार करेगा।

## नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नारायण मूर्तिजी ने अपने सालगिरह का एक किस्सा बताया

**नई दिल्ली एजेंसी।** हम अपने पसंदीदा बॉलीवुड सुपरस्टार्स को नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के हर एपिसोड में मनोरंजन करते हुए देखते हैं, इस हफ्ते, कपिल के कप्स कैफे में उद्योग जगत के कुछ दिग्गज बिजनेस टाइकून नारायण मूर्ति, सुधा मूर्ति, दीपिंदर गोयल और जिया गोयल आने वाले हैं, जिन्होंने भारत में उद्यमिता की दुनिया को अलग पहचान दी है।

# मोटी तनख्वाह वाली जॉब छोड़ लिया रिस्क अब 4000 करोड़ की कंपनी के मालिक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** उथम गौड़ा ने 2019 में कैप्टन फ्रेश की नींव रखी थी। बेंगलुरु की इस कंपनी ने सीफूड की दुनिया में धमाल मचा दिया है। यह कंपनी मछली और सीफूड जैसे प्रोटीन उत्पादों को सीधे किसानों से लेकर दुकानों तक पहुंचाती है। उथम गौड़ा पहले से ही सीफूड के कारोबार से जुड़े थे। उन्होंने महसूस किया कि यह बाजार बहुत ही अव्यवस्थित है। यहां माल की कमी हमेशा बनी रहती है। इस समस्या का हल निकालने के लिए उन्होंने कैप्टन फ्रेश की शुरुआत की। अपनी शुरुआत से कुछ ही सालों में यह हजारों करोड़ की कंपनी बन गई है। आइए, यहां उथम गौड़ा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

उथम गौड़ा कैप्टन फ्रेश के संस्थापक और सीईओ हैं। इस वेंचर को शुरू करने से पहले वह नेक्कांती सी फूड्स लिमिटेड में एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट थे। उन्होंने ओ3 कैपिटल में एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट के रूप में भी काम किया। उथम को नौकरी करते हुए मोटी तनख्वाह मिल रही थी। उन्होंने एस.पी. जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च से एमबीए की पढ़ाई की है। उथम गौड़ा ने सीफूड की सप्लाई चेन में क्रांति लाने के इरादे से नौकरी छोड़ अपनी कंपनी शुरू करने का साहसिक फैसला लिया।

कैप्टन फ्रेश हर दिन लगभग 100 टन ताजा मछली और 3 दर्जन से ज्यादा तरह के सीफूड बेचती है। कंपनी के पास 50 से ज्यादा कलेक्शन सेंटर हैं। ये भारत के तटीय राज्यों में 2,500 से ज्यादा दुकानों तक अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। कैप्टन फ्रेश का मुख्य उद्देश्य सप्लाई चेन को बेहतर बनाना है। कंपनी ग्राहकों को अगले दिन सुबह 6 बजे तक सामान पहुंचाने की गारंटी देती है। इससे विश्वसनीयता बढ़ती है और सीफूड के खराब होने की आशंका कम होती है। हाल ही में कंपनी ने फंडिंग के कई राउंड पूरी किए हैं। इसमें सीरीज सी का 2 करोड़ डॉलर का राउंड भी शामिल है। कुल मिलाकर कंपनी अब तक 12.5 करोड़ डॉलर का निवेश हासिल कर चुकी है। इस निवेश से कंपनी अपने कारोबार को यूरोप और अमेरिका तक फैलाना चाहती है। वह सीफूड सप्लाई चेन को और अधिक पारदर्शी बनाने की इच्छुक है। इस कंपनी की वैल्यू 4,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की है।

### बहुत पहले ही भांप लिया था मौका

जून 2021 में इसने एक्सेल पार्टनर्स और मौजूदा निवेशक मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया के नेतृत्व में एक सीरीज ए राउंड में 1.2 करोड़ डॉलर जुटाए थे। इसमें अंकुर कैपिटल और इनक्यूबेट फंड की अतिरिक्त भागीदारी थी। नौकरी करते हुए ही उथम गौड़ा को इस काम में काफी अवसर दिखाई दिए। उन्होंने एहसास कर लिया था कि यह बाजार बहुत ही अव्यवस्थित है और यहां माल की किल्लत बनी रहती है।

# इस साल शेयर मार्केट में आईपीओ ने कई रेकॉर्ड तोड़े

### अब तक 1.19 लाख करोड़ रुपये के आईपीओ आ चुके हैं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2024 आईपीओ के लिहाज से शेयर मार्केट बहुत खास रहा। इस साल जहां देश का सबसे महंगा आईपीओ (हुंडई) आया तो वहीं कुल आईपीओ की वैल्यू ने भी नया रेकॉर्ड बना दिया। अभी तक इस साल 1.19 लाख करोड़ रुपये (14 बिलियन डॉलर) के आईपीओ आ चुके हैं। वहीं अभी साल खत्म होने में डेढ़ महीने से ज्यादा का समय बचा है। ऐसे में कुल आईपीओ की वैल्यू और बढ़ेगी। शुक्रवार को स्विगी के 11,300 करोड़ रुपये के आईपीओ और सोलर के 2900 करोड़ रुपये के आईपीओ की बोली का आखिरी दिन था। इसके समापन के साथ भारत के आईपीओ बाजार ने एक नया रेकॉर्ड बना लिया। इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार इस साल अब तक आईपीओ के जरिए 1.19 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। इस रकम ने साल 2021 का रेकॉर्ड तोड़ दिया। उस साल आईपीओ के जरिए 1.18 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे। इस साल करीब 20 कंपनियों ने 1000 करोड़ रुपये से लेकर 4,300 करोड़ तक जुटाए हैं।

इस साल आईपीओ के जरिए रकम जुटाने में टॉप 3 में अमेरिका, भारत और चीन हैं। जानें, किस देश का कौन सा नंबर है-

कोटक इन्वेस्टमेंट बैंकिंग के इक्विटी कैपिटल मार्केट्स के प्रमुख वी जयशंकर ने कहा कि घरेलू निवेशकों की ओर से प्राथमिक बाजारों में फंड का प्रवाह मजबूत है, जबकि विदेशी निवेशक द्वितीयक बाजार में विक्रेता होने के बावजूद प्राथमिक बाजार में आक्रामक रहे हैं। उन्होंने कहा कि द्वितीयक बाजार में उच्च अस्थिरता के बावजूद, स्विगी जैसे बड़े आईपीओ को एंकर निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। यह भारत में आईपीओ के लिए महत्वपूर्ण रुचि को दर्शाता है।

इस साल अब तक एफपीआई ने 96,946 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। वहीं उन्होंने प्राथमिक बाजार में अब तक 87,073 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस साल कई बड़े आईपीओ शेयर मार्केट में आए। इसमें हुंडई मोटर का आईपीओ अब तक का सबसे महंगा आईपीओ शामिल रहा। निवेश बैंकर रवि सरदाना ने कहा कि इस साल अधिकांश आईपीओ ने मजबूत रिटर्न दिया है। इससे निवेशक आईपीओ में और अधिक फंड लगाने के लिए प्रोत्साहित हुए। सरदाना ने कहा कि हाल ही में आईपीओ की सफलता और उनके अनुकूल रिटर्न को देखते हुए इनमें गति जारी रहने की उम्मीद है। इस साल आईपीओ जारी करने वाली 68 कंपनियों में से 49 के शेयर वर्तमान में अपने ऑफर मूल्य से ऊपर कारोबार कर रहे हैं, जबकि 19 उस स्तर से नीचे हैं। ज्योति सीएनसी, प्लेटिनम इंडस्ट्रीज, केआरएन हीट, एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स, प्रीमियर एनर्जीज, वारी एनर्जीज आदि कंपनियों के शेयर लिस्टिंग के बाद से दोगुनी से ज्यादा चढ़ गए हैं। डीमैट अकाउंट की बढ़ती संख्या भी आईपीओ के प्रति निवेशकों की रुचि पैदा कर रही है।

## पर्सनल लोन लेने से परहेज कर रहे लोग; उपभोग खर्च घटने की आशंका, क्रिसिल की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में लोग पर्सनल लोन लेने से परहेज करने लगे हैं। इससे अर्थव्यवस्था में उपभोग खर्च घटने की आशंका बढ़ गई है। बैंक ऋण खासकर व्यक्तिगत ऋणों (पर्सनल लोन) की वृद्धि में हाल ही में आई मंदी, शहरी क्षेत्रों में खपत को प्रभावित कर सकता है। क्रिसिल की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी का विलंबित प्रभाव व्यापक अर्थव्यवस्था में दिखाई देने लगा है, पिछले तीन महीनों में बैंक ऋण वृद्धि में कमी आई है।

यह मंदी विशेष रूप से पर्सलन लोन के मामले में है, जो चिंताजनक है। इसका शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च से सीधा संबंध है। रिपोर्ट में कहा गया है, आरबीआई की पिछली दर वृद्धि का विलंबित प्रभाव धीरे-धीरे व्यापक अर्थव्यवस्था में महसूस किया जा रहा है। पिछले तीन महीनों में बैंक ऋण वृद्धि धीमी रही है, जिसमें व्यक्तिगत ऋण भी शामिल हैं। इससे खपत, खासकर शहरी क्षेत्रों में प्रभावित होने की संभावना है।

# नए सिस्टम से 49 हजार पेंशनर्स को मिली पेंशन, अक्टूबर में 11 हजार करोड़ रुपये दिए गए




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले साल पहली जनवरी से लागू किए जाने वाले सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट्स सिस्टम के पायलट रन के तहत अक्टूबर में जम्मू, श्रीनगर और करनाल इलाकों के 49000 से अधिक इपीएस पेंशनधारकों को लगभग 11 करोड़ रुपये पेंशन के रूप में दिए गए। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एंप्लॉयीज पेंशन स्कीम 1995 के तहत सीपीपीएस से यह बदलाव आएगा कि पेंशनभोगियों को पेंशन शुरू होते समय वेरिफिकेशन के लिए बैंक नहीं जाना होगा और पेंशन भी जारी होते ही उनके खाते में पहुंच जाएगी। अभी इपीएफओ के हर जोनल या रीजनल ऑफिस का 3-4 बैंकों से ही करार है और उनके जरिए ही यह काम होता है। सीपीपीएस लागू होने पर पेंशनर के एक से दूसरे शहर में जाने या बैंक या ब्रांच बदलने पर भी पेंशन पेमेंट ऑर्डर ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं होगी और पूरे देश में किसी भी बैंक ब्रांच से पेंशन मिल सकेगी। यह एक पेंशन योजना है। इससे पेंशनर्स को देश में किसी भी बैंक शाखा से अपनी पेंशन प्राप्त करने की सुविधा मिलती है। सीपीपीएस के तहत पेंशनर्स को बैंक बदलने या अकाउंट ट्रांसफर करने पर पेंशन के लिए बैंकों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। पेंशनर्स इसके जरिए देश में किसी बैंक और किसी भी ब्रांच से अपनी पेंशन ले सकेंगे।

मौजूदा व्यवस्था के तहत हर जोनल/क्षेत्रीय कार्यालय के पास केवल 3-4 बैंकों के साथ अलग-अलग समझौते होते हैं। सीपीपीएस के तहत पेंशनभोगियों को पेंशन शुरू होने के समय किसी भी सत्यापन के लिए शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं होगी और पेंशन तुरंत क्रेडिट कर दी जाएगी। मतलब कि सीपीपीएस मौजूदा पेंशन वितरण प्रणाली से एक महत्वपूर्ण बदलाव है। सीपीपीएस के जरिए पेंशन पूरे भारत में बिना किसी पेंशन पेमेंट ऑर्डर के एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में ट्रांसफर के बिना दी जाएगी।

## टाटा एसेट मैनेजमेंट का नया टाटा इंडिया इनोवेशन फंड

- सभी क्षेत्रों में नवाचार के ज़रिए वृद्धि के लाभ पाने का लक्ष्य

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा एसेट मैनेजमेंट ने टाटा इंडिया इनोवेशन फंड लॉन्च किया है। अलग-अलग क्षेत्रों में नयी रणनीतियों और कल्पनाओं को अपनाकर लाभ उठाने के लिए प्रयासशील कंपनियों में निवेश करके दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि के अवसर निवेशकों को प्रदान करना इस फंड का उद्देश्य है। हस्नह (न्यू फंड ऑफर) 11 नवंबर, 2024 को सबस्क्रिप्शन के लिए खुलेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में सफल और वृद्धिशील दोनों तरह के नवाचारों में जुटी हुई कंपनियां हैं जो अपने-अपने क्षेत्रों में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्रांतिकारी नवाचार परिवर्तनकारी उन्नति को बढ़ावा देते हैं।

# डेंज़ल वॉशिंगटन ने ग्लैडिएटर सेकंड में मैक्रिनस की भूमिका को लेकर खुलकर बात की

**मुंबई, एजेंसी।** डेंज़ल वाशिंगटन, जिनकी अदाकारी में गहराई और दमदार उपस्थिति की ताकत है, हर भूमिका को जीवंत बना देते हैं। उनका करिश्माई अंदाज और दृढ़ता से भरा अभिनय स्क्रीन पर ऐसा प्रभाव डालता है कि हर सीन में वह छा जाते हैं।ग्लैडिएटर सेकंड में, वाशिंगटन मैक्रिनस का किरदार निभा रहे हैं, जो महत्वाकांक्षा और शक्ति की भूख को दर्शाता है।इस किरदार में वह सत्ता की नई परिभाषा पेश करते हैं, जो दर्शकों को उनकी दुनिया में खींच लेती है। मैक्रिनस के रूप में वह एक ऐसा शख्स बनते हैं, जो न केवल अपने साम्राज्य को खुद स्थापित करता है, बल्कि अपने खुद के नियम भी तय करता है। इस ऐतिहासिक सीक्वल का हिस्सा बनने के अनुभव के बारे में डेंज़ल वाशिंगटन के विचार क्या हैं? वॉशिंगटन बताते हैं कि मैक्रिनस एक ऐसा व्यक्ति है जो कई भाषाओं में माहिर और रोम का शायद सबसे अमीर इंसान है। वह कहते हैं, आजकल जैसे अमीर लोग घुड़दौड़ के घोड़े पालते हैं, मैक्रिनस के पास ग्लैडिएटर्स का पूरा समूह है। जब वह लूसियस को अपने इस समूह में शामिल करता है, तो उसके मन में एक बड़ा लक्ष्य होता है। लूसियस एक जन्मजात नेता और महान योद्धा हैं, जो उसे मैक्रिनस के लिए कई तरह से महत्वपूर्ण बनाता है। लेकिन क्रोध को वह अपने लिए खतरा मानता है, क्योंकि यह एक कमजोरी है। मैक्रिनस कभी अपना नियंत्रण नहीं खोना चाहता।वह सम्राट बनने में रुचि नहीं रखता; वह सम्राट को नियंत्रित करना चाहता है।

# सेल्सफोर्स ने तीव्र वृद्धि करते हुए भारत में अपना विस्तार किया



**मुंबई, एजेंसी।** एआई टेक्नोलॉजी और कैपेबिलिटीज द्वारा पॉवर्ड 1 सीआरएम सेल्सफोर्स ने आज देश में अपने पहले टॉवर के साथ कंपनी का विस्तार करते हुए सेल्सफोर्स टॉवर बैंगलुरू की घोषणा की। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के रजिस्ट्रार ऑफकंपनीज के पास दर्ज कराई गई कंपनी की रैगुलेटरी फाईलिंग के मुताबिक सेल्सफोर्स इंडिया का राजस्व 31 मार्च को समाप्त हुए वर्ष में पिछले साल के मुकाबले 36 प्रतिशत बढ़कर 9116.3 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। सेल्सफोर्स द्वारा भारत में अपनी भौतिक पहुँच बढ़ाने के लिए लगातार निवेश किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बैंगलुरू में नया सेल्सफोर्स टॉवर शुरू किया जा रहा है। यह सेल्सफोर्स द्वारा सैन फ्रैंसिस्को, न्यू यार्क, शिकागो, लंदन, डुबलिन, सिडनी, टोक्यो, अटलांटा और इंडियानापोलिस सहित मुख्य शहरों में दस टॉवरों में किए गए निवेश में से एक है।

सेल्सफोर्स इंडिया की सीईओ एवं चेयरपर्सन, अरुंधति भट्टाचार्य ने कहा, ''पिछले कुछ सालों में हमने भारत में मजबूत विकास दर्ज किया है। भारत में पहले सेल्सफोर्स टॉवर के लॉन्च से इस क्षेत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बल मिलता है, जिससे हमारे कर्मचारियों को सहयोग और इनोवेशन का बेहतरीन अनुभव और अत्याधुनिक क्षेत्र मिलेगा, जहाँ एआई की मदद से मनुष्य और एजेंट्स मिलकर काम करते हुए सफलता प्रदान करेंगे। यह निवेश विकास, इनोवेशन और ग्राहक सफलता पर हमारे फोकस का प्रमाण है।''

रेलिना बुलचंदानी, एक्जिक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट, रियल ईस्टेट एवं वर्कप्लेस सर्विसेज, सेल्सफोर्स ने कहा, ''सेल्सफोर्स टॉवर बैंगलुरू सेल्सफोर्स की संस्कृति और मूल्यों के स्तंभ के रूप में काम करेगा। यह पूरी दुनिया से हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों, पार्टनर्स और ट्रेलब्लेजर्स के लिए मुलाकात का केंद्रीय स्थान होगा।

## भारत का पहला वैश्विक भैरव अष्टमी महोत्सव 15 नवंबर से

**भोपाल।** गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में अखिल भारतीय बटुक भैरव भक्त मंडल, राष्ट्र संत डॉ. वसंत विजय जी महाराज, जो कि पार्श्व पद्मावती शक्ति पीठ धाम, कृष्णगिरि, तमिलनाडु के पीठाधीश्वर हैं, के नेतृत्व में 15 नवंबर से 23 नवंबर तक नौ दिवसीय भव्य भैरव अष्टमी महोत्सव का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन मध्य प्रदेश के नीमच स्थित दशहरा मैदान में होगा और भक्ति तथा सांस्कृतिक धरोहर का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा। डॉ. वसंत विजय जी महाराज के अनुसार भैरव अष्टमी पर आयोजित कष्ट हरण महायज्ञ और कथा साधना का विशेष महत्व है। इसका उद्देश्य देश को संभावित आर्थिक संकट और महामारी से बचाना है। यह यज्ञ न केवल देश की सुख-समृद्धि और शांति के लिए किया जाएगा, बल्कि भक्तों के लिए भक्ति और आस्था का प्रकाश भी प्रसारित करेगा। इस महोत्सव में मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सी. पी. जोशी और सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, और विभिन्न राज्य विधायकों व अधिकारियों की भागीदारी भी रहेगी।

# सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड ने स्मार्ट टीवी के लिए करीना कपूर खान को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया




**नई दिल्ली एजेंसी।** सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड जो भारत की सबसे तेजी से बढ़ती टेक्नोलॉजी कंपनियों में से एक है, ने बॉलीवुड सुपरस्टार करीना कपूर खान को अपने स्मार्ट टीवी की ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। यह सहयोग सेलेकोर की विकास रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य तेजी से बढ़ते स्मार्ट टीवी बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। करीना की प्रतिष्ठित अपील और स्टाइलिश व्यक्तित्व के माध्यम से कंपनी भारतीय उपभोक्ताओं के साथ अपने संबंधों को गहरा करना चाहती है। करीना कपूर खान अपनी सुंदरता, करिश्मा और ट्रेंड सेटिंग प्रभाव के लिए जानी जाती हैं, जो सेलेकोर के उच्च गुणवत्ता, सुलभ और अभिनव इलेक्ट्रॉनिक्स के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह मेल खाती हैं। सेलेकोर स्मार्ट टीवी के चेहरे के रूप में, वह आधुनिक भारतीय परिवारों की बदलती जरूरतों को पूरा करता उत्कृष्ट मनोरंजन समाधान प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को पेश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

उनकी गतिशील उपस्थिति और संबंधित करिश्मा उन्हें सेलेकोर के स्मार्ट टीवी रेंज का प्रतिनिधित्व करने के लिए आदर्श विकल्प बनाते हैं, जिससे कंपनी उच्च गुणवत्ता वाले होम एंटरटेनमेंट के लिए एक पसंदीदा ब्रांड बन सके।

# तीन बार के ओलंपिक चैंपियन जेलेज्नी बने नीरज चोपड़ा के नए कोच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शनिवार को एक बड़ा एलान किया है। उन्होंने अपने करियर में एक रोमांचक नए अध्याय की शुरुआत की घोषणा की है। नीरज ने शनिवार को महान भाला फेंक एथलीट यान जेलेज्नी को अपना नया कोच नियुक्त करने का एलान किया। तीन बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन और मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक जेलेज्नी लंबे समय से चोपड़ा के आदर्श रहे हैं।

नीरज ने नए कोच का एलान करते हुए कहा, बचपन से मैंने उनके वीडियो देखने में बहुत समय बिताया और मैंने उनके तकनीक और सटीकता की तारीफ की है। वह इतने वर्षों तक अपने खेल में सर्वश्रेष्ठ रहे हैं और मेरा मानना है कि उनके साथ काम करना शानदार होगा क्योंकि हमारी भाला फेंकने की शैली एक जैसी है और उनके पास काफी ज्ञान है। जेलेज्नी का मेरे साथ होना मेरे लिए सम्मान की बात है क्योंकि मैं अपने करियर में अगले स्तर की ओर बढ़ रहा हूं और मैं उनके साथ शुरुआत करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

जेलेज्नी के मार्गदर्शन में नीरज अपनी कामयाबी को एक अलग स्तर पर ले जाने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर जेलेज्नी ने कहा, मैंने कई साल पहले नीरज के बारे में बात की थी और उन्हें एक महान प्रतिभा बताया था।

### नीरज फेंक चुके हैं 98.48 मीटर का थ्रो




जब मैंने उन्हें करियर की शुरुआत में देखा था तो मुझे महसूस हुआ कि वह काफी आगे तक जाएंगे। मैंने यह भी कहा कि अगर मुझे चेकिया के बाहर के किसी व्यक्ति को कोचिंग देना शुरू करना चाहिए, तो मेरी पहली पसंद नीरज होगी। मुझे उनकी कहानी पसंद है और मुझे बड़ी क्षमता दिखाई देती है, क्योंकि वह युवा हैं और सुधार करने में सक्षम हैं।

जेलेज्नी ने कहा, कोचिंग के लिए मुझसे संपर्क करने वाले कई एथलीट रहे हैं। इसलिए मेरे लिए इस जिम्मेदारी को लेने का मतलब है कि मेरे लिए यह बड़े सम्मान की बात है। हम एक-दूसरे को और करीब से जान रहे हैं और दक्षिण अफ्रीका में एक पारंपरिक शीतकालीन शिविर में व्यक्तिगत रूप से शुरुआत करेंगे। मैं उनकी प्रगति में विश्वास करता हूं। विशेष रूप से उनके तकनीकी पहलू में काफी भरोसा है। मैं चाहता हूं कि वह मुख्य चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल करना जारी रख सकें।

1992, 1996 और 2000 के ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता जेलेज्नी के नाम अब तक के शीर्ष दस सर्वश्रेष्ठ थ्रो में से पांच थ्रो हैं। 1996 में जर्मनी में 98.48 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। उन्होंने चार मौकों पर विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। जेलेज्नी इससे पहले जाकुब वादलेच और वितेजस्लाव वेस्ली के कोच भी रह चुके हैं। उन्होंने दो बार के ओलंपिक चैंपियन और तीन बार के विश्व चैंपियन बारबोरा स्पातोकोवा को भी कोचिंग दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओलंपिक 2028 में खेलती नजर आएंगी बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू? खुद दी ये बड़ी जानकारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पेरिस ओलंपिक में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सकी थीं और उनकी इन खेलों में पदक जीतने की हैट्रिक लगाने की उम्मीद धूमिल हो गई थी। अगला ओलंपिक चार साल बाद है और इस बात की चर्चा है कि सिंधू अगला ओलिंपक खेल पाएंगी या नहीं। अब इस पर उन्होंने अपनी राय रखी है और कहा है कि उनमें अब भी काफी कुछ हासिल करने की क्षमता है।सिंधू का मानना है कि उनमें बीडब्ल्यूएफ सर्किट पर काफी खिताब जीतने की काबिलियत है लेकिन उनकी निगाहें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों पर लगी रहेंगी। अमेरिका में होने वाले ओलंपिक तक वह 33 वर्ष की हो जाएंगी। हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने कहा कि अगर वह चोट-मुक्त रहीं और शारीरिक रूप से फिट रहीं तो उनका लक्ष्य तीसरा ओलंपिक पदक जीतना होगा।पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर होने के बाद पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटीं। सिंधू ने कहा, अगर मैं फिट हूं, अगर मैं ऐसा करने में सक्षम रहती हूं, अगर मैं चोट मुक्त हूं, तो निश्चित रूप से मैं लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करूंगी। मैं आपको यही बता सकती हूं। '

### वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टी20 मैचों के लिए टीम की घोषणा की



**सेंट जॉन्स (एजेंसी)।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के पहले दो मैचों के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जो बारबाडोस के प्रतिष्ठित केंसिंग्टन ओवल में होगी। वेस्टइंडीज टी20 टीम घरेलू मैदान पर एक प्रभावशाली ताकत रही है और 2023 से अब तक चार टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में अजेय रही है। इस प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें आईसीसी पुरुष टी20 टीम रैंकिंग में ऊपर पहुंचा दिया है, जो वैश्विक मंच पर उनके पुनरुत्थान को दर्शाता है।हेड कोच डेरेन सैमी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि चुनी गई वेस्टइंडीज टीम ऐसे खेलना जारी रखेगी जो उन्हें मैच जीतने में मदद करे। सैमी ने कहा, टी20 टीम हमारी सबसे व्यवस्थित टीम है, जिसमें कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। हालांकि, प्लेइंग 11 को चुनना मुश्किल होगा क्योंकि हर एक खिलाड़ी प्लेइंग 11 में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश कर रहा है। चूंकि हमारा सामना इंग्लैंड की बहुत अच्छी टीम से है, इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि चुनी गई टीम इस तरह की क्रिकेट खेलेगी, जिससे हम मैच जीत सकें और यह प्रतिद्वंद्विता श्रृंखला जीत सकें। अकील होसेन, शिमरोन हेटमायर, निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल, जो व्यक्तिगत कारणों से हाल ही में श्रीलंका दौरे से चूक गए थे, टीम में फिर से शामिल हो गए हैं, जिससे टीम में गहराई और अनुभव जुड़ गया है।

# हॉकी अवार्ड: कप्तान हरमनप्रीत बने साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष हॉकी खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) ने साल 2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना है। वहीं, पीआर श्रीजेश को एफआईएच ने साल 2023-24 सीजन सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर चुना है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस 2024 ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल में गोल समेत कुल 10 गोल दागे थे। स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक मैच में भी उन्होंने ही दोनों गोल दागे और भारतीय हॉकी टीम को लगातार दूसरी बार कांस्य पदक दिलाने में मदद की थी। भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर ओलंपिक में लगातार दूसरा पोडियम फिनिश हासिल किया! था।

हरमनप्रीत ने भारतीय टीम को टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों में अपने 41 साल के पोडियम सूखे को तोड़ने में भी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में भी दो मौकों पर एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है। अब वह तीसरी बार सम्मानित हुए हैं। हालांकि, इस बार उन्हें भारतीय टीम का कप्तान बनने के बाद अवॉर्ड मिला है। कप्तानी करते हुए अपने पहले ओलंपिक में उन्होंने टीम को पदक दिलाया।

वहीं, भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया था। पेरिस ओलंपिक में स्पेन के खिलाफ भारत के कांस्य पदक जीतते ही श्रीजेश का सफर समाप्त हो गया। इसके बाद श्रीजेश भावुक होकर मैदान पर ही लेट गए। बाकी खिलाड़ी दौड़ते हुए उनके पास पहुंचे और जश्न में उनकी पीठ थपथपाने लगे। फिर जैसे ही श्रीजेश खड़े हुए, सभी भारतीय खिलाड़ियों ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया और उनके आगे नतमस्तक हो गए। उन्होंने करियर में 336 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

### हॉकी की दीवार श्रीजेश सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर



36 साल के श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक था और उन्होंने इसका शानदार अंत किया। वह लगातार दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा रहे। उनकी कप्तानी में भारत ने 2016 रियो ओलंपिक में हिस्सा लिया था और टीम आठवें स्थान पर रही थी। हालांकि, उन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक और अब पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के साथ ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता है।

### श्रीजेश का करियर

2010 में अपना पहला विश्व कप खेलने के बाद श्रीजेश भारत के लिए कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं, जिसमें 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण और जकार्ता-पालेमबांग में 2018 एशियाड में कांस्य पदक शामिल है। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के अलावा, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल चैंपियन टीम में भी थे। इसके अलावा वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2023 एशियाई चैंपियन ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 2022 एशियाई खेलों में उन्होंने भारत को स्वर्ण जीतने में मदद की थी।

श्रीजेश को 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वहीं, 2022 में वह साल 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए थे। श्रीजेश ने अपनी गर्लफ्रेंड अनीषया से शादी की थी, जो कि एक लॉन्ग जंपर और आयुर्वेद डॉक्टर भी हैं। इस कपल की एक बेटी (अनुश्री) और एक बेटा भी है। श्रीजेश 2016 में सरदार सिंह को रिप्लेस कर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान बने थे। टोक्यो ओलंपिक में उन्होंने अपनी गोलकीपिंग से भारत को 41 साल बाद पुरुष हॉकी में ओलंपिक पदक जिताने में मदद की थी।

### हेनरिक क्लासेन कैलेंडर वर्ष में 100 छक्के लगाने वाले चौथे खिलाड़ी बने



**डरबन (दक्षिण अफ्रीका) (एजेंसी)।** शुक्रवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चार मैचों की श्रृंखला के पहले टी20आई के दौरान विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन टी20 में एक कैलेंडर वर्ष में 100 छक्के लगाने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए। क्लासेन ने 22 गेंदों पर 25 रन बनाए, जिसमें दो चौके और एक छक्का शामिल था। इस एक छक्के के साथ 33 वर्षीय खिलाड़ी ने यह उपलब्धि हासिल की। उनके अलावा तीन और खिलाड़ी हैं जिन्होंने एक ही साल में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 100 छक्के लगाए हैं और ये सभी वेस्टइंडीज के हैं। क्रिस गेल ने यह छह बार (2011, 2012, 2013, 2015, 2016 और 2017) ऐसा किया है, जबकि बाएं हाथ के बल्लेबाज निकोलस पूरन (2024) और ऑलराउंडर आंद्रे रसेल (2019) ने एक बार ऐसा किया है।

## ध्रुव जुरेल ने प्लेइंग 11 में एंट्री का दावा ठोका

### ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ लगातार दूसरा अर्धशतक लगाया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने लगातार दूसरा अर्धशतक जमा कर भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने का मजबूत दावा पेश किया



लेकिन उनके इस शानदार प्रयास के बावजूद भारत ए को शनिवार को यहां दूसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट मैच के तीसरे दिन ही ऑस्ट्रेलिया ए से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह से भारत ए दो मैचों की श्रृंखला 0-2 से हार गया। उसकी टीम इससे पहले मैकाय में पहला अनौपचारिक टेस्ट सात विकेट से हार गई थी।

भारतीय टीम ने सुबह पांच विकेट पर 73 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। पहली पारी में 80 रन बनाने वाले जुरेल ने दूसरी पारी में 122 गेंद पर 68 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेली जिसमें पांच चौके शामिल हैं। जुरेल ने आउट होने से पहले नीतीश कुमार रेड्डी (38) के साथ 94 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। प्रसिद्ध कृष्णा (29) और तनुश कोटियन (44) ने भी अच्छी पारियां खेलकर भारत को दूसरी पारी में 229 रन तक पहुंचाया और मेजबान टीम के सामने 168 रन का लक्ष्य रखा।

## पिता बनने वाले हैं केएल राहुल, पत्नी अथिया शेट्टी के साथ की घोषणा

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी के साथ जनवरी 2023 में शादी करने वाले भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल पिता बनने वाले हैं। राहुल ने यह रोमांचक खबर फैंस के साथ साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। जोड़े ने इंस्टाग्राम पर हार्दिक संदेश के साथ एक संयुक्त घोषणा पोस्ट की- हमारा खूबसूरत आशीर्वाद जल्द ही आ रहा है। 2025। दोनों ने 23 जनवरी, 2023 को सुनील शेट्टी के खंडाला स्थित घर में शादी की थी। उनकी शादी में करीबी परिवार और दोस्त शामिल हुए थे। शादी से पहले का उत्सव 21 जनवरी को पारंपरिक उत्सव के साथ शुरू हुआ।



अथिया और केएल राहुल के बीच प्रेम कहानी कथित तौर पर फरवरी 2019 में शुरू हुई, जब उनका परिचय एक पारस्परिक मित्र द्वारा हुआ। केमिस्ट्री देखते ही बनी और दोनों एक-दूसरे से मिलने लगे। हालांकि, उन्होंने लंबे समय तक अपना रिश्ता छिपाकर रखा।

साल 2020 में अथिया और राहुल ने अपने नए साल की थाईलैंड यात्रा की एक तस्वीर पोस्ट करके अपने रिश्ते को स्वीकार कर लिया था। इस दौरान वह लगातार एक दूसरे के जीवन से जुड़ी यादें सोशल मीडिया पर शेयर करते रहे।

अथिया के पिता सुनील शेट्टी हमेशा केएल राहुल के समर्थक रहे हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने यह भी संकेत दिया था कि वह दादा बनने के लिए तैयार हैं और अब उनकी यह इच्छा पूरी हो रही है। सुनील ने राहुल की दयालुता की प्रशंसा की है और अक्सर कहा है कि अथिया उनके लिए कितनी भाग्यशाली हैं। अपने बच्चे के आने के साथ, अथिया और राहुल की यात्रा और भी रोमांचक होने वाली है, और प्रशंसक उन्हें माता-पिता बनने की ओर कदम बढ़ाते हुए अपना सारा प्यार भेज रहे हैं।

# दक्षिण अफ्रीका के स्टार खिलाड़ी ने संजू सैमसन की शिकायत की, सूर्यकुमार यादव को आया गुस्सा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में शानदार जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में मैदान पर तनावपूर्ण स्थिति के दौरान सूर्यकुमार ने विकेटकीपर संजू सैमसन का बचाव करने की कोशिश करते हुए अपना गुस्से भरा अवतार दिखाया। सैमसन के बार-बार पिच पर आने पर दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर मार्को जेनसन ने अपनी नाराजगी जाहिर की जिसके बाद सूर्यकुमार ने उनसे तीखी बहस की। यहां तक ??कि शुक्रवार को पिच के बीच में जेनसन और सूर्यकुमार के बीच हुई झड़प में भारतीय विकेटकीपर को भी शामिल होना पड़ा। वहीं भारत रविवार को गेबेरा में सीरीज के दूसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।

### आज सीरीज के दूसरा टी20 मैच




यह घटना 15वें ओवर की तीसरी गेंद फेंके जाने से पहले हुई। ऐसा लगा कि जेनसन सैमसन को पिच पर आने के बाद गेंद लेते देखकर खुश नहीं थे और उन्होंने इसकी शिकायत की। सूर्यकुमार ने बताया कि सैमसन भी खुश नहीं थे क्योंकि उन्हें जानसन के कारण गेंद पकड़ने की अनुमति नहीं दी जा रही थी जो लगातार उनके रास्ते में आ रहे थे। भारतीय कप्तान ने मामले को शांत करने के लिए जानसन और उनके साथी गेराल्ड कोएत्जी दोनों के साथ बहस की। सूर्य को ऑन-फील्ड अंपायर लुबाबालो गकुमा और स्टीफन हैरिस को भी मामले को समझाना पड़ा। सैमसन मैच के हीरो रहे क्योंकि भारतीय टीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज के लगातार दूसरे टी20 शतक की बदौलत 202/8 का विशाल स्कोर खड़ा किया। 203 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम 171 रन पर आउट हो गई। मैच के बाद सूर्यकुमार ने सैमसन की सराहना की, जो पिछले 10 वर्षों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं ताकि उन्हें वह पहचान मिल सके जो उन्हें अब मिल रही है। सूर्या ने मैच के बाद कहा, पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने जो कड़ी मेहनत की है, काम किया है, उसका फल उन्हें मिल रहा है। वह 90 के दशक में थे, लेकिन फिर भी वह बाउंड्री की तलाश में थे, टीम के लिए खेल रहे थे, जो उनके चरित्र को दर्शाता है और हम इसी की तलाश में हैं।

### दक्षिण अफ्रीका 141 रन पर ढेर, भारत ने 61 रन से जीता पहला टी20

डरबन में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को पहले टी20 मुकाबले में 61 रन से हरा दिया है। आईसीसी टी20 विश्व कप फाइनल के बाद दोनों टीमों के बीच बड़ी भिड़ंत थीं लेकिन अफ्रीका अपने घर पर ही टक्कर देने में विफल हो गई। पहले गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज संजू सैमसन से खूब पिटे। जवाब में बल्लेबाजी करने आए टॉप बल्लेबाज फेल हो गए। पुछल्ले बल्लेबाजों ने कुछ शॉट लगाए लेकिन तक तक देरी हो चुकी थी। पूरे मैच में संजू सैमसन की शतकीय पारी खास आकर्षण का केंद्र रही।

